राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 261
लखनऊ, रविवार 24 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ड्रग इंस्पेक्टर ने छापेमारी कर संदिग्ध दवाओं के भरे सैम्पल 10

एफडीआर तकनीक से होगा ग्रामीण सड़कों का कायाकल्प : केशव 03

# भारत बन रहा भरोसेमंद ग्लोबल पार्टनर : मोदी

## वैश्विक देश भारत के युवाओं के टैलेंट व डिजिटल टेक्नोलॉजी से बेहद प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 19वें रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के युवाओं, भारत की टेक्नोलॉजी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का भरोसेमंद सप्लाई चेन पार्टनर बनकर उभर रहा है और इसका सबसे बड़ा लाभ देश के युवाओं को मिलने वाला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हालिया 5 देशों के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि यह यात्रा सिर्फ पांच देशों तक



- **प्रधानमंत्री ने 19वें रोजगार मेले में 51,000 नियुक्ति पत्र किये वितरित**

सीमित नहीं थी, बल्कि इस दौरान दुनिया की कई बड़ी कंपनियों और वैश्विक नेताओं के साथ उनकी विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हर जगह एक बात समान रूप से महसूस हुई कि दुनिया भारत के विकास और भारतीय युवाओं की क्षमता को लेकर बेहद आशावादी है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है और भारत भी विभिन्न देशों के साथ साझेदारी कर रहा है ताकि देश के युवाओं को रोजगार, नए अवसर और ग्लोबल एक्सपोजर मिल सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीदरलैंड के साथ सेमीकंडक्टर, जल प्रबंधन, कृषि और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में अहम चर्चा हुई है। वहीं स्वीडन के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इनोवेशन पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। उन्होंने आगे बताया कि नॉर्वे के साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी और मैरीटाइम सेक्टर में सहयोग को आगे बढ़ाया गया है। इसके अलावा यूएई के साथ स्ट्रैटेजिक एनर्जी और टेक्नोलॉजी पार्टनर्शिप को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। इटली के साथ रक्षा, क्रिटिकल मिनरल्स, विज्ञान और टेक्नोलॉजी जैसे अहम क्षेत्रों में साझेदारी पर सहमति बनी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन सभी अंतरराष्ट्रीय समझौतों और साझेदारियों का सीधा लाभ भारत के युवाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हर नया निवेश, हर टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप और हर इंडस्ट्रियल कोलेबोरेशन युवाओं के लिए रोजगार और नए अवसर लेकर आता है। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन-चार दशकों की वैश्विक अर्थव्यवस्था को यही सेक्टर्स आगे बढ़ाएंगे और भारत के युवा इसमें बड़ी भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेजी से नई तकनीकों और भविष्य की इंडस्ट्रीज का केंद्र बन रहा है।

### वैश्विक साझेदारियां भारत के लिए नई अर्थव्यवस्था व नए अवसरों के दरवाजे खोल रहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का एक भरोसेमंद सप्लाईचेन पार्टनर बन रहा है। उन्होंने नीदरलैंड का उदाहरण देते हुए कहा, नीदरलैंड की सेमीकंडक्टर कंपनी एएसएमएल के साथ भारत की टाटा कंपनी का एग्रीमेंट है। भारत दुनिया के कुछ ही देशों में से एक है जिसके साथ इस कंपनी ने समझौता किया है। एएसएमएल और टाटा इलेक्टॉनिक्स के साथ ये इकलौता समझौता ही भारत में रोजगार के अनगिनत मौके बनाएगा, और भारत के लिए एक नेक्स्ट जेनरेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा। ऐसे ही स्वीडन के साथ टेक्नोलॉजी और एआई पार्टनर्शिप, यूएई के साथ सुपरपावर कंप्यूटिंग को-ऑपरेशन भारत की टेक्नोलॉजी क्षमता को बहुत मजबूत करने वाले हैं। इन एग्रीमेंट्स से भारत के युवाओं के लिए नए अवसर तो होंगे ही होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज क्लीन एनर्जी, क्रिटिकल मिनरल्स, ग्रीन हाइड्रोजन और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर्स तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन क्षेत्रों में बढ़ती वैश्विक साझेदारियां भारत के लिए नई अर्थव्यवस्था और नए अवसरों के दरवाजे खोल रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वीडन, नॉर्वे और इटली जैसे देशों के साथ ग्रीन ट्रांजिशन और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी में सहयोग भारत को भविष्य की क्लीन मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में मजबूत बनाएगा। इसके अलावा, यूएई और नॉर्वे के साथ साझेदारी से भारत का शिप बिल्डिंग इकोसिस्टम और मैरीटाइम इंफ्रास्ट्रक्चर भी मजबूत होगा।बता दें कि रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने की महत्वपूर्ण पहल है। रोजगार मेला शुरू किए जाने के बाद से देश भर में अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। 19वें रोजगार मेले का आयोजन देशभर के 47 स्थानों पर किया गया है, जिसमें चयनित उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग समेत केंद्र सरकार के कई मंत्रालयों और विभागों में अपनी सेवाएं देंगे।

# जो देश अपने हथियार खुद बनाता है, वह अपनी किस्मत खुद लिखता है : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को केवल जरूरत के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि यह शांति, विकास तथा आर्थिक मजबूती के लिए भी जरूरी है और जो देश अपने हथियार बनाता है वह एक तरह से अपनी किस्मत खुद लिखता है।

श्री सिंह ने शनिवार को महाराष्ट्र के शिरड़ी में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ शिरडी में एक निजी सेक्टर कंपनी, एनआईबीई ग्रुप के रक्षा विनिर्माण परिसर का उद्घाटन किया। इस परिसर का मकसद उन्नत तोप प्रणाली, मिसाइल और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रॉकेट प्रणाली, एनर्जेटिक मटीरियल और ऑटोनॉमस डिफेंस प्लेटफॉर्म बनाना है। उन्होंने कहा कि जो देश अपने हथियार खुद बनाता है, वह अपनी किस्मत खुद लिखता है। इस कार्यक्रम के एक हिस्से के तौर पर भारत के पहले 300 के एम यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम सूर्यस्त्र को हरी झंडी दिखाई गई। इस



- **रक्षा मंत्री ने एनआईबीई ग्रुप के रक्षा विनिर्माण परिसर का किया उद्घाटन**

सिस्टम के लिए एक मिसाइल परिसर का भी शिलान्यास किया गया। इसके अलावा, स्वदेशी टीएनटी प्लांट टेक्नोलॉजी, आरडीएक्स प्लांट टेक्नोलॉजी और रिन्यूएबल बायो-एनर्जी कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का अनावरण किया गया। सैटेलाइट असेंबली के क्षेत्र में एनआईबीई ग्रुप और ब्लैक स्काई के बीच एक समझौता ज्ञापन का भी आदान-प्रदान किया गया।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,59,210/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,45,950/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,19,440/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



# श्रमिकों को सम्मान व सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिक कल्याण, कौशल विकास, रोजगार सृजन को और व्यापक तथा परिणाममुखी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

बाल श्रमिक विद्या योजना को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विस्तारित करने, 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने, निर्माण श्रमिकों के लिए बड़े शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों और प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि श्रमिकों, युवाओं, कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और



- **श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति**

बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को रोजगार और जनसुविधा का अभिनव मॉडल बताते हुए कहा कि तकनीक आधारित ऐसी व्यवस्थाएं युवाओं और कुशल कामगारों के लिए नए अवसर तैयार करती हैं। इसे और अधिक प्रभावी तथा जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए। बताया गया कि 2021 से संचालित व्यवस्था के तहत नागरिक मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल अथवा कॉल सेंटर के माध्यम से घरेलू सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में पोर्टल पर 1097 सेवा प्रदाता, 5049 सेवामित्र और 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने सरकारी विभागों में आवश्यकता के अनुसार सेवामित्र व्यवस्था के उपयोग के प्रस्ताव को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग में हुए संस्थागत सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि उद्योगों के अनुकूल वातावरण और श्रमिक हितों के बीच संतुलन बनाना सरकार की नीति का हिस्सा है। प्रदेश में अब तक 32,583 कारखाने पंजीकृत हो चुके हैं। मार्च 2017 तक जहां यह संख्या 14,176 थी, वहीं अप्रैल 2017 के बाद 18,407 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4860 कारखानों का पंजीकरण किया गया। सीएम ने श्रमिकों के लिए औद्योगिक शहरों में प्रस्तावित श्रमिक सुविधा केंद्रों यानी 'लेबर अड्डों' को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए। केंद्रों को केवल श्रमिकों के एकत्रीकरण स्थल के रूप में नहीं, बल्कि श्रमिक सहायता एवं सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।

### आर्थिक मजबूरी में शिक्षा से वंचित न रहे कोई बच्चा

सीएम ने कहा कि कोई बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की कार्ययोजना तैयार की जाए। 2020 में प्रारंभ योजना के तहत 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में योजना 20 जिलों में संचालित है। मुख्यमंत्री ने इसे नए प्रावधानों के साथ प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लागू करने के निर्देश दिए।

# लगातार तीसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

- **पेट्रोल 87 पैसे व डीजल 91 पैसे प्रति लीटर हुआ महंगा**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर वृद्धि की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। दूसरे शहरों में भी इसी अनुपात में वृद्धि की गयी है। चार-चार दिन के अंतराल पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम लगातार तीसरी बार बढ़ाये गये हैं।

दिल्ली में शनिवार से एक लीटर पेट्रोल 99.51 रुपये का और डीजल 98.64 रुपये का हो गया है। पहले इनकी कीमत क्रमशः 98.64 रुपये और 91.58 रुपये प्रति लीटर थी। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल-डीजील के दाम दिल्ली में तीन-तीन रुपये बढ़े थे। इसके बाद 19 मई को भी पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था। कोलकाता में आज से पेट्रोल की कीमत 94 पैसे बढ़कर 110.64 रुपये और डीजल की 95 पैसे बढ़कर 97.02 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गयी है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल 87 पैसे महंगा हुआ है। शनिवार से वहां एक लीटर पेट्रोल 105.31 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.98 रुपये का हो गया है। पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में बाधा के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से तेल विपणन कंपनियों की लागत बढ़ रही है। यही कारण है कि वे पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा रही हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी 95 की कीमत 87 पैसे बढ़ाकर 106.63 रुपये और प्रीमियम डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़ाकर 97.81 रुपये प्रति लीटर कर दी है।



### यूपी में भी दाम बढ़ने का दिखेगा असर

यूपी में भी पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने का असर दिखेगा। आपको बता दें कि यूपी के जिलों गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज, अयोध्या, मुरादाबाद, आगरा और मथुरा समेत कई शहरों में नए रेट जारी किये गए। वही लोकल टैक्स की वजह से परिवहन लागत रेट में अंतर भी देखने को मिला। पश्चिम में संघर्ष के चलते अब इसका सीधा असर आम जनता की जेब पर होने वाला है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पेसएक्स ने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के उन्नत संस्करण की पहली परीक्षण उड़ान की लॉच



**वॉशिंगटन।** अमेरीकी उद्योगपति एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने अपने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के उन्नत संस्करण की पहली परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक लॉच की है। इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के अनुसार यह परीक्षण उड़ान टेक्सास के बोका चिका में स्टारबेस लॉन्च स्थल से की गयी। स्पेस एक्स ने इससे पहले शुक्रवार को इस परीक्षण उड़ान को रद्द कर दिया था। श्री मस्क ने बाद में एक्स पर कहा कि परीक्षण रद्द होने की वजह यान में कोई तकनीकी खराबी नहीं थी। उन्होंने बताया कि लॉन्च टावर की आर्म को सुरक्षित रखने वाली एक हाइड्रोलिक पिन नहीं निकाली गई थी। उन्होंने आगे कहा कि इस समस्या का समाधान जल्द ही हो जाना चाहिए।

### स्कूल की छत ढही, 10 छात्र घायल, चार गंभीर

**गुरुग्राम।** एक निजी स्कूल के साथ लगते निर्माणाधीन मकान की दीवार अचानक गिरने से बड़ा हादसा हो गया। दीवार गिरने के कारण स्कूल की छत भी ढह गई, जिससे वहां पढ़ाई कर रहे कई छात्र मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल स्टाफने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला। इस हादसे में कुल 10 छात्र घायल हुए हैं, जिनमें चार बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि छह अन्य को भी चोटें आई हैं।

### केंद्र का चार महीने में देश-भर में 50 औद्योगिकी पार्क मंजूर करने का प्रयास

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने देशभर में निवेश-तैयार एवं विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए मार्च में मंजूर भव्य योजना के कार्यान्वयन हेतु विस्तृत परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए कर दिये हैं और चार महीने में 50 औद्योगिक पार्कों के प्रस्ताव को मंजूरी देने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत पूरे देश में 100 औद्योगिक पार्कों की स्थापना का लक्ष्य है जो 100 एकड़ से 1000 एकड़ तक के हो सकते हैं।

# बिजली गई और एक पूरा घर उजड़ गया

- **बिजली जाने पर घर के बाहर दरवाजे पर सो रहा था परिवार**
- **डंपर ने रौंदा, पिता-पुत्र समेत चार की मौत**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

फतेहपुर तहसील क्षेत्र के झांसा गांव में दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बाहर सो रहे परिवार को डंपर ने रौंदा, पिता-पुत्र समेत चार की मौत, मां जिंदगी और मौत से जूझ रही।

बाराबंकी की यह रात सिर्फ एक सड़क हादसा नहीं थी यह लापरवाही, बदहाल व्यवस्था और टूटी हुई जिंदगी की ऐसी कहानी बन गई, जिसने पूरे जिले को झकझोर दिया।

भीषण गर्मी ऊपर से घंटों बिजली गुल घर के अंदर दम घुट रहा था। इसलिए नीरज अपने परिवार के साथ घर के बाहर दरवाजे पर सो गए। किसे पता था कि यह उनकी जिंदगी की आखिरी रात होगी।

शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे फतेहपुर थाना क्षेत्र के झांसा गांव में तेज रफ्तार बेकाबू डंपर मौत बनकर आया। पहले पेड़ से टकराया और फिर सड़क किनारे सो रहे पूरे परिवार को रौंदता चला गया। चीख-पुकार से गांव दहल उठा। लोग दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हादसे में नीरज (35), बेटे अनुराग (13), बेटी अंशिका (10) और मासूम अंशू (6) की मौत हो गई। पत्नी आरती गंभीर हालत में लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में जिंदगी की जंग लड़ रही हैं। नीरज कोई बड़े कारोबारी नहीं थे। किराए पर मैजिक चलाकर किसी तरह परिवार पालते थे। सबसे ज्यादा झकझोर देने वाली बात यह है कि अगर बिजली होती, तो शायद पूरा परिवार घर के अंदर सो रहा होताऔर आज जिंदा होता।



### हादसे के बाद चालक डंपर मौके पर छोड़कर फरार

गांव वालों का कहना है कि इलाके में लगातार बिजली कटौती हो रही थी। गर्मी से बेहाल परिवार मजबूरी में बाहर सोया था। ऐसे में सवाल सिर्फ डंपर चालक पर नहीं, व्यवस्था पर भी खड़े हो रहे हैं। नीरज के मामा कृपा राम की आवाज कांप रही थी। उन्होंने कहा, बिजली नहीं थी, गर्मी बहुत थी, इसलिए सब बाहर सो रहे थे। तभी डंपर आया और सबको कुचल दिया। अस्पताल में बहन किरण की चीखें हर किसी की आंखें नम कर रही थीं। वह बार-बार सिर्फ एक ही बात कह रही थीं— सब खत्म हो गया, भइया चले गए, बच्चे चले गए। 13 साल का अनुराग पढ़ने में बहुत अच्छा था। वह रोज अपनी बहन के साथ साइकिल से स्कूल जाता था। स्कूल प्रबंधक हिमांशु वर्मा ने बताया कि अनुराग बेहद होनहार छात्र था। अंशू भी उसी स्कूल में पढ़ती थी। वहीं अंशिका छुट्टियां मनाने नानी के घर से अपने घर आई थी। किसी को क्या पता था कि वह आखिरी बार घर आई है। हादसे के बाद चालक डंपर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। गांव में गुस्सा है, मातम है और एक बड़ा सवाल भी— आखिर कब तक बिजली कटौती और बेलगाम भारी वाहन आम लोगों की जिंदगी निगलते रहेंगे?

# आजम खान की सजा सात से बढ़कर हुई 10 साल

- **दो पैन कार्ड मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला, अब्दुल्ला पर भी लगा भारी जुर्माना**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

दोहरे पैन कार्ड रखने के मामले में जेल में बंद मोहम्मद आजम खान के लिए आज का दिन बेहद मुश्किलों भरा रहा। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा सुनाई गई 7 साल की सजा को अपर्याप्त मानते हुए, अभियोजन पक्ष की अपील पर सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया है।

इससे पहले, निचली अदालत (मजिस्ट्रेट कोर्ट) ने आजम खान



और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दोषी करार देते हुए दोनों को 7-7 साल की कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। हालांकि, अभियोजन पक्ष ने इस सजा को बढ़ाने के लिए सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी, जिस पर लंबी सुनवाई के बाद आज फैसला आया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहीं सीमा सिंह राणा ने कोर्ट के फैसले को न्याय की जीत बताया। उन्होंने दलील दी थी कि धोखाधड़ी और संवैधानिक दस्तावेजों के साथ हेरफेर के मामले में कड़ी सजा की जरूरत थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार किया। मामले के शिकायतकर्ता और भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जो साम्राज्य खड़ा किया गया था, उसका अंत इसी तरह होना तय था। यह मामला अब्दुल्ला आजम खान के फर्जी तरीके से दो पैन कार्ड बनवाने से जुड़ा है। आरोप था कि आजम खान ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर अलग-अलग जन्मतिथि दर्शाते हुए दो पैन कार्ड बनवाए, जिसका इस्तेमाल वित्तीय लाभ और चुनाव लड़ने के लिए किया गया।

### भाजपा में शामिल होते ही राघव चड्ढा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए राघव चड्ढा को उच्च सदन की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री चड्ढा सहित आम आदमी पार्टी के सात राज्य सभा सदस्य पिछले महीने ही भाजपा में शामिल हुए थे। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने हाल ही में राज्यसभा की याचिका समिति का पुनर्गठन किया था। उन्होंने इस समिति के लिए सदन के दस सदस्यों को मनोनीत किया है और श्री चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मनोनीत किये गये अन्य सदस्यों में भाजपा के हर्ष महाजन, गुलाम अली, शंभू शरण पटेल और मयंक कुमार नायक, तेलुगु देशम पार्टी के मस्तान राव यादव बीड़ा, कांग्रेस की जेबी माथेर हीशम, बीजू जनता दल के शुभाशीष खुंटिया, यूपीपीएल के रवंगवरा नारजारी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार पी शामिल हैं।

# लेह में क्रैश हुआ सेना का चीता हेलीकॉप्टर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लेह के पास पूर्वी लद्दाख के ऊंचे इलाके वाले तांगत्से सेक्टर में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन एक वरिष्ठ कमांडर समेत भारतीय सेना के तीन सुरक्षित बच गये। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। यह घटना 20 मई को लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में एक ऑपरेशनल उड़ान के दौरान हुई थी। इस दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार को ही सामने आई।

गौरतलब है कि लद्दाख दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सेना की तीसरी इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी ) मेजर जनरल



- **पायलट समेत तीन अधिकारियों को आईं मामूली चोटें, जांच शुरू**

सचिन मेहता सवार थे, जबकि एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर विमान उड़ा रहे थे। तीनों लोग इस दुर्घटना में सुरक्षित बच गये। सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफइन्क्वायरी का आदेश दिया है।

**परामर्श** | केंद्र सरकार ने जारी किया नया ड्राफ्ट, देश भर से आमंत्रित किए सुझाव

# वीबी-जी राम जी मसौदा नियमों पर राय देने का मौका

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने शनिवार को विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम-जी) के तहत मसौदा नियम सार्वजनिक परामर्श के लिए प्रकाशित किये। इससे पहले सरकार ने इस कानून को एक जुलाई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू करने की अधिसूचना जारी की थी।

अधिनियम की धारा 33 और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत तैयार किए गए नियमों के मसौदे को अंतिम रूप देने से पहले व्यापक हितधारकों के परामर्श को सुविधाजनक बनाने के लिए सार्वजनिक किया गया है।



प्रस्तावित नियमों में बदलाव वाले प्रावधान, राष्ट्रीय स्तरीय संचालन समिति, केंद्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद, प्रशासनिक खर्च, शिकायत निवारण, मजदूरी और बेरोजगारी भत्ते के भुगतान तथा मानक आवंटन से अधिक हुए व्यय से जुड़े प्रावधान शामिल हैं, जिसमें बिना विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों पर होने वाले खर्च का प्रावधान भी शामिल है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि इन नियमों का उद्देश्य पूरे देश में अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए संस्थागत, प्रशासनिक, वित्तीय और शासन ढांचा स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि परामर्श प्रक्रिया का उद्देश्य सहभागी शासन सुनिश्चित करना और राज्यों, संस्थानों, विशेषज्ञों, नागरिक समाज संगठनों और जनता से रचनात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करना है।

बदलाव वाले मसौदा नियमों में मनरेगा से वीबी-जी राम जी में परिवर्तन के लिए रूपरेखा प्रस्तुत की गई है, जो मौजूदा कार्यक्रम का स्थान लेने वाली नयी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना है। ये प्रावधान निरंतर कार्य, देनदारियों का निस्तारण, अभिलेखों का हस्तांतरण, ई-केवाईसी-सत्यापित जॉब कार्ड की वैधता और राज्यों द्वारा नयी योजना अधिसूचित किए जाने तक बदलाव वाली अवधि के दौरान श्रमिकों के अधिकारों की निरंतरता सुनिश्चित करते हैं।

# करोड़ों की साइबर ठगी करने वाले नौ गिरफ्तार

**4 करोड़, 87 लाख रुपए किया फ्रीज, 347 पास बुक, 177 एटीएम कार्ड सहित भारी मात्रा में दस्तावेज बरामद**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

खातों से करोड़ों की ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के नौ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर के जेल भेजा है। अमन सिंह, कुलदीप वर्मा, रोहित सिंह, सूरज कुमार सिंह, मोहित सिंह,. रंजीत कुमार, मो. आरिफ, मो. समीर, आलोक कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 347 पासबुक, 177 एटीएम किट, 22 आधार कार्ड, 10 मोबाइल, 9 पैनकार्ड, 2 स्टैम्प, वोटर आई.डी., 2 चेकबुक, तीन सिम, 3 मोटर साइकिल 20,290 रुपये नकद बरामद किया गया तथा लगभग 14 करोड़ 87 लाख 6 हजार रु. विभिन्न खातो में फ्रीज कराया गया।

साइबर अपराधों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल, कोतवाली नगर की टीम द्वारा संदिग्ध बैंक खातों एवं साइबर ठगी से संबंधित ट्रांजेक्शनों का लगातार तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा था। जांच के दौरान ऐसे कई बैंक खातों की जानकारी प्राप्त हुई जिनमें विभिन्न राज्यों से साइबर ठगी की धनराशि ट्रांसफर की जा रही थी। साइबर सेल टीम द्वारा प्राप्त मोबाइल नंबरों, बैंक खातों, आईपी डिटेल्स एवं डिजिटल ट्रांजेक्शनों का गहन विश्लेषण करते हुए गिरोह के सक्रिय सदस्यों की पहचान की गयी। पुलिस टीमों का गठन कर संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की गयी तथा मुखबिर खास की सूचना एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर



योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा उनके कब्जे से भारी मात्रा में बैंक पासबुक, एटीएम किट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल फोन, सिम कार्ड एवं अन्य दस्तावेज बरामद किये गये। पुलिस ने कारवाही करते हुए संबंधित बैंक खातों में लगभग 14 करोड़ 87 लाख 6 हजार रुपये फ्रीज कराये गये।

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि वे लोग भोले-भाले व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, बैंक खाता खुलवाने तथा अन्य प्रकार के प्रलोभन देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक एवं मोबाइल नम्बर अपने कब्जे में ले लेते थे। अभियुक्तगण द्वारा कई व्यक्तियों के आधार कार्ड एवं पैन कार्ड का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से बैंक खाते भी खुलवाए जाते थे।अभियुक्तों ने बताया कि इन बैंक खातों का प्रयोग ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं अन्य साइबर वित्तीय धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन एवं निकासी हेतु किया जाता था। साइबर फ्रॉड से प्राप्त धनराशि को विभिन्न माध्यमों से निकालकर आपस में बांट लिया जाता था, जिसमें प्रत्येक सदस्य को लगभग 40 से 60 प्रतिशत तक कमीशन प्राप्त होता था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया कि वे विभिन्न जनपदों से बैंक खाते एवं संबंधित दस्तावेज एकत्र कर अपने अन्य साथियों को उपलब्ध कराते थे, जिनका उपयोग साइबर अपराध को अंजाम देने में किया जाता था। अभियुक्तगण द्वारा संचालित कई बैंक खातों पर एनसीआरपी पोर्टल पर विभिन्न राज्यों से साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज पाई गई हैं।

अभियुक्तों के कब्जे से प्राप्त मोबाइल फोन की जांच के दौरान विभिन्न बैंक खातों का विवरण, नेट बैंकिंग आईडी, पासवर्ड एवं आपसी चौटिंग प्राप्त हुई, जिससे इनके साइबर अपराध में सक्रिय रूप से संलिप्त होने की पुष्टि हुई। अभियुक्तगण ने यह भी बताया कि उनके कुछ साथी पूर्व में भी साइबर फ्रॉड के मामलों में जेल जा चुके हैं। पूछताछ एवं तकनीकी जांच के दौरान कुल 46 बैंक खाते प्रकाश में आए, जिनमें से विभिन्न बैंकों के 17 खातों के विरुद्ध एनसीआरपी पोर्टल पर कुल 212 शिकायतें दर्ज पाई गई। जिनमें करोड़ों रुपयो की साइबर धोखाधड़ी किया जाना प्रकाश में आया।

उक्त धनराशि में से लगभग रु. 14,87,06,879/- (चौदह करोड़ सत्तासी लाख छह हजार आठ सौ उनासी रुपये) की धनराशि विभिन्न बैंक खातों में होल्ड/फ्रीज कराई गई है। उक्त शिकायतें दिल्ली, उड़ीसा, हरियाणा, बिहार, उत्तराखण्ड, झारखण्ड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश आदि विभिन्न राज्यों से संबंधित है।

## दो तेंदुए पिंजरे में हुए कैद

**वन विभाग ने मादा व शावक को जंगल में छोड़ा**




बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के महसी तहसील में पिछले करीब पंद्रह दिनों से तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में भय व्याप्त था। वन विभाग ने इन तेंदुओं को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, जिसमें एक मादा तेंदुआ और उसका शावक कैद हो गए।

वन विभाग ने पकड़े गए दोनों तेंदुओं को घने जंगल में छोड़ दिया है। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। रामगांव थाना क्षेत्र के आसमानपुर सहित अन्य गांवों में पिछले पंद्रह दिनों से तेंदुए की आवाजाही से ग्रामीण परेशान थे। इन तेंदुओं ने मवेशियों को भी अपना निशाना बनाया था, जिसके बाद प्रभागीय वनाधिकारी (DFO) सुन्दरेसा के निर्देश पर आसमानपुर गांव में खेत के किनारे पिंजरा लगाया गया। शुक्रवार देर रात पिंजरे में एक मादा तेंदुआ कैद हो गई। उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद उसे जंगल में छोड़ा गया। रेंजर शाकिब हसन ने बताया कि इलाके में तेंदुए की जानकारी मिलने पर पिंजरा लगाया गया था, जिसमें दो दिनों के भीतर एक शावक और मादा तेंदुआ कैद हुए। दोनों तेंदुओं को जिले के अब्दुल्लागंज जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया है।

## खबरें एक नजर में


### बहन के घर गए भाई की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बेलसर मार्ग स्थित माधव पुर ग्राम के पास शुक्रवार की देर रात्रि को बहन के घर से लौट रहे भाई को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इलाज के दौरान शनिवार की सुबह मेडिकल कालेज में मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पूरे दयाल गोड़वा गांव के निवासी 45 वर्षीय जगदीश पुत्र सम्मय दीन शुक्रवार के दिन अपनी बहन के घर बानधुनिया ग्राम में गया था। बहन के घर से देर रात्रि को ओ पैदल ही घर लौट रहा था। माधव पुर ग्राम के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इलाज के लिए उस को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के दो बच्चे हिमांशु और मांसी है। मृतक चार भाई थे। सब से बड़ा मृतक फिर जगदेव राम शंकर हैं। मौत की खबर मिलते ही मां फूला देवी और बच्चो का रो रोकर बुरा हाल है।

### मारपीट के बाद घायल युवक की मौत

*तख्त पर सोने को लेकर हुआ था विवाद, आरोपी गिरफ्तार*



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** फखरपुर थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा गांव में चेतराम (40) पुत्र राम अचल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई गोपी के अनुसार, गांव के कुछ लोगों से विवाद के बाद चेतराम के साथ मारपीट की गई थी। गंभीर हालत में उन्हें जिला चिकित्सालय बहराइच भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष फखरपुर संजीव कुमार चौहान ने बताया कि यह घटना 21 मई की रात की है। चेतराम गांव में एक तख्त पर सोने का प्रयास कर रहा था, जिस पर पहले से दो लोग लेटे हुए थे। इसी बात को लेकर गांव निवासी व्यक्ति से उसका विवाद और मारपीट हो गई। घायल चेतराम को अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि चेतराम और हीरालाल के बीच तीन दिन पहले भी विवाद हुआ था। घटना वाली रात मृतक चेतराम के सो जाने के बाद हीरालाल ने लातों से उसके पेट पर वार किया था, जिससे चेतराम की आंतें फट गईं और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, ग्रामीणों के इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### अवैध हेल्थ केयर सेंटर पर कार्रवाई, एमएस हेल्थ केयर सेंटर सील

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर के निर्देश पर शनिवार को क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत गठित जांच टीम द्वारा गान्धौर नगर चौराहा फिरोजपुर स्थित एमएस हेल्थ केयर सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. वाहिद अली मरीजों का उपचार करते हुए पाए गए। जांच के दौरान हेल्थ केयर सेंटर में विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर जनहित को ध्यान में रखते हुए टीम ने तत्काल प्रभाव से एमएस हेल्थ केयर सेंटर को सील करने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। निरीक्षण टीम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय भान, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकल्प मिश्रा तथा स्टाफ सदस्य दिनेश त्रिपाठी शामिल रहे। मुख्य चिकित्सा विभाग की ओर से आमजन से अपील की गई है कि उपचार केवल पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्थानों से ही कराएं, ताकि सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। साथ ही लोगों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज, टीबी उपचार, बीपी-शुगर जांच, जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की विशेष जांच, नियमित प्रसव पूर्व जांच तथा एनसीडी स्क्रीनिंग एवं चिकित्सा परामर्श जैसी सुविधाएं सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर उपलब्ध हैं।

### लाइनमैन की अभद्रता से उपभोक्ताओं में रोष

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** हरिहरगंज उपकेन्द्र के लाइनमैन कृष्ण कुमार द्वारा उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिजली समस्या को लेकर शिकायत करने पहुंचे लोगों से लाइनमैन ने ठीक ढंग से बात नहीं की और उल्टा बहस करने लगा। इससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन बिजली कटौती और फाल्ट की समस्या बनी रहती है। शिकायत करने पर समाधान करने के बजाय लाइनमैन द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। लोगों ने आरोप लगाया कि लाइनमैन फोन उठाने में भी आनाकानी करता है और शिकायतकर्ताओं को धमकाने का प्रयास करता है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आसमान से बरस रही आग, लू बनी जानलेवा स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।



आसमान से बरस रही आग और लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर के अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि दोपहर की चिलचिलाती धूप अब सीधे लोगों की सेहत पर हमला कर रही है और थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है। डॉ. तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि तेज धूप और लू के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, उल्टी, तेज बुखार और हीट स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि बहुत जरूरी काम होने पर ही दोपहर में घर से बाहर निकलें। बाहर जाते समय सिर को गमछा, टोपी या कपड़े से ढककर रखें और लगातार पानी पीते रहें। उन्होंने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि गर्म हवाएं उनके लिए ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती हैं। गर्मी से बचाव के लिए हल्के और सूती कपड़े पहनने, नींबू पानी, ओआरएस, छाछ और ताजे फलों का अधिक सेवन करने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने साफ कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी या सांस लेने में परेशानी महसूस हो तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है और लोगों से सावधानी बरतने की लगातार अपील की जा रही है।

## एसपी ने थाना हरदी का किया निरीक्षण

**थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की सुनी समस्याएं**




बहराइच समृद्धि न्यूज़ शनिवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना हरदी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, आगन्तुक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, हवालात, बैरक, थाना परिसर एवं अभिलेखों का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित प्रार्थना पत्रों एवं विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा महिला संबंधी शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के दृष्टिगत एसपी ने थाना परिसर में स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों एवं फरियादियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद एसपी ने थाना समाधान दिवस में उपस्थित होकर आगन्तुकों एवं फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

भूमि विवाद एवं अन्य प्रकरणों में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई करने पर बल दिया। एसपी ने निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उसका समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

इसके अतिरिक्त एसपी ने नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों से औपचारिक वार्ता कर उनके प्रशिक्षण, रहने एवं भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त हो रहे व्यावहारिक एवं अनुशासनात्मक अनुभवों के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार, थानाध्यक्ष हरदी एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना परिसर में बकरीद त्यौहार को लेकर शुक्रवार शाम शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की क्षेत्राधिकारी पवन कुमार महसी ने की। सीओ ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि खुले में कोई कुर्बानी नहीं होगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नमाज गैर परम्परागत एवं सड़क पर नहीं पढ़ी जाएगी। कुर्बानी पर्दे के पीछे होनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शांति पूर्वक एवं भाईचारे के साथ बकरीद का त्यौहार मनाए। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि गैर परंपरागत कार्यक्रम नहीं होंगे। जो भी शांति व्यवस्था खराब करेगा तथा अराजकता फैलाएगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। नई परम्परा कतई मान्य नहीं होगी।इस मौके पर मथुरा प्रसाद नायब तहसीलदार शिवपुर नानपारा तथा हरिशंकर पटेल नायब तहसीलदार महसी ने भी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस का अभियान, दस वाहन सीज

**नियमों का उल्लंघन करने पर हुई कार्रवाई, 745 वाहनों का चालान**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



जिले में यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। जिला मुख्यालय पर चलाए गए अभियान के दौरान दस वाहनों को सीज कर दिया गया।

क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह और यातायात निरीक्षक राम प्रकाश के नेतृत्व में नगर के पानी टंकी, रोडवेज बस स्टैंड और अन्य इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान, नियमों का पालन न करने पर आठ ऑटो, एक बुलेट और एक चार पहिया वाहन को सीज किया गया। चार पहिया वाहन पर अनधिकृत रूप से न्यायाधीश लिखा था और हूटर बजाया जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक यातायात ने बताया कि जनपद में यातायात नियमों का पालन न करने वाले कुल 745 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई भी की गई है। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

प्रभारी निरीक्षक ने विशेष रूप से बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने और वाहनों को निर्धारित गति सीमा में चलाने पर जोर दिया, ताकि सड़क हादसों में होने वाली जनहानि को रोका जा सके।

## बकरीद को लेकर पुलिस ने किया पैदल गश्त

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

आगामी बकरीद (ईदुल अजहा) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रानीपुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी और थाना प्रभारी रानीपुर हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में रमवापुर चौराहा से हुजूरपुर मार्ग तक एक विशाल फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च रमवापुर चौराहा, मुख्य बाजार और संवेदनशील इलाकों से होते हुए हुजूरपुर मार्ग तक पहुंचा। इस दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती और लगातार गश्त से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा का



**शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई**

मजबूत संदेश गया। पुलिस की सक्रियता देखकर असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया, वहीं आम जनता ने राहत महसूस की। क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी ने लोगों से बकरीद पर्व को प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग शासन-प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी रानीपुर हरेंद्र कुमार मिश्रा ने स्वयं पैदल मार्च कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि रानीपुर पुलिस हर स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है और किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

## थाना दिवस में जनसमस्याओं की सुनवाई, निस्तारण के दिये निर्देश

**पीस कमेटी बैठक में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने पर जोर**

मिहींपुरवा, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली मुर्तिहा परिसर में आयोजित थाना दिवस में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान प्राप्त शिकायतों में अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित रहे, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। थाना दिवस के उपरांत आयोजित पीस कमेटी बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने सहभागिता की। बैठक में आगामी

बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कोतवाली प्रभारी ने उपस्थित लोगों से शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं कानूनी प्रावधानों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के अवशेषों का उचित तरीके से निस्तारण किया जाए तथा स्वच्छता एवं सार्वजनिक व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त बाहरी व्यक्तियों से अवैध रूप से मांस की खरीद-फरोख्त से बचने की भी अपील की गई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए पर्व को आपसी सद्भाव एवं शांति के वातावरण में मनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

अंत में कोतवाली प्रभारी राम नरेश यादव ने सभी उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए सामूहिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

## महिलाओं को सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली उतरौला पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय तथा क्षेत्राधिकारी रघुवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन थाना कोतवाली उतरौला के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य और महिला सहायता केंद्रों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और जागरूकता संबंधी जानकारी भी दी।

कार्यक्रम के दौरान महिला अपराधों, महिला हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न तथा घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या अपराध की स्थिति में वे बिना डर के पुलिस और हेल्पलाइन सेवाओं का सहारा लें। महिलाओं को अपने



अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी घटना की तुरंत शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही साइबर अपराधों को लेकर भी लोगों को सतर्क किया गया। टीम ने ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड, पेंशन धोखाधड़ी तथा ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। लोगों को समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी या निजी दस्तावेज साझा न करें और संदिग्ध कॉल या लिंक से सतर्क रहें। पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इस दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 एवं 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930/ 155260 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में विस्तार से बताया गया। उपस्थित लोगों से कहा गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन सेवाओं का तत्काल उपयोग करें।

कार्यक्रम के दौरान सीएचसी परिसर में मौजूद महिलाओं और बच्चों ने जागरूकता अभियान में रुचि दिखाई तथा पुलिस टीम द्वारा दी गई जानकारी को उपयोगी बताया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाते रहेंगे, ताकि महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित एवं जागरूक बनाया जा सके।

## बलरामपुर की जनता का प्यार कभी नहीं भूल सकता : बृजभूषण शरण सिंह

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



गैंड़ास बुजुर्ग क्षेत्र में आयोजित एक दुकान उद्घाटन समारोह उस समय राजनीतिक और सामाजिक चर्चा का केंद्र बन गया, जब कार्यक्रम में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने पुराने राजनीतिक सफर, जनता से मिले समर्थन और बदलते राजनीतिक माहौल को लेकर खुलकर बातचीत की। अपने संबोधन में उन्होंने बलरामपुर की जनता के प्रति विशेष आत्मीयता जताते हुए कहा कि कठिन समय में जिले की जनता ने जिस तरह उनका साथ दिया, उसे वह कभी नहीं भूल सकते।

पूर्व सांसद ने कहा कि जब उनके राजनीतिक जीवन में कठिन दौर आया था, तब बलरामपुर जिले की जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन देकर संसद तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में यहां के लोगों ने उन्हें चुनाव जिताकर जो भरोसा जताया था, वह उनके लिए जीवनभर यादगार रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से उतरौला विधानसभा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां के लोगों का स्नेह और समर्थन हमेशा उन्हें भावनात्मक रूप से जोड़कर रखता है।

अपने संबोधन के दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने वर्तमान राजनीतिक माहौल और नेताओं की छवि में आए बदलाव पर भी टिप्पणी की। हाईकोर्ट द्वारा असलहों की जानकारी मांगे जाने के विषय पर उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है और इसमें किसी तरह की असामान्य बात नहीं है। उन्होंने हल्के अंदाज में कहा कि अब असलहा साथ लेकर चलने का दौर बदल चुका है और यह अब एक अतिरिक्त बोझ जैसा महसूस होने लगा है। उन्होंने कहा कि पहले समाज में असलहाधारी नेताओं को प्रभावशाली माना जाता था, लेकिन समय के साथ जनता की सोच बदली है। आज लोग ऐसे जनप्रतिनिधियों को अधिक पसंद करते हैं जो सीधे जनता के बीच रहें, उनकी समस्याएं सुनें और सहज तरीके से लोगों से जुड़ाव बनाए रखें। उन्होंने कहा कि राजनीति में अब व्यवहार, संवाद और जनसंपर्क की अहमियत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि वह एक भाजपा कार्यकर्ता के आग्रह पर इस छोटे से उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही समर्थकों और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में युवा उनके साथ तस्वीरें खिंचवाते दिखाई दिए, वहीं महिलाओं से भी उन्होंने मुलाकात कर हालचाल जाना। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्साह और राजनीतिक चर्चाओं का माहौल बना रहा। इस अवसर पर रामप्रताप वर्मा, राकेश तिवारी, हेमंत जायसवाल, अनूप गुप्ता, तोताराम वर्मा, राजेश तिवारी, महेंद्र सिंह, शैलेश गुप्त तथा राजेश गुप्त सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन स्थानीय लोगों से संवाद और शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के साथ हुआ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, रविवार, 24 मई, 2026



# ईंधन की बढ़ी मांग के सापेक्ष आपूर्ति सुनिश्चित

▸ सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) निर्बाध ईंधन आपूर्ति कर रही हैं सुनिश्चित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मांग में अचानक और तेज़ी से वृद्धि के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) इंडियनऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल -देश भर में परिचालन और लॉजिस्टिक्स समन्वय जारी रखे हुए हैं ताकि कई क्षेत्रों में ईंधन की मांग में अचानक और तीव्र वृद्धि के बावजूद पेट्रोल (एमएस), डीजल (एचएसडी) और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। हाल के दिनों में, ओएमसी ने कई राज्यों में मौसमी कृषि गतिविधियों और कटाई कार्यों के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की उल्लेखनीय रूप से अधिक खपत देखी है। अन्य आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में कम कीमत के कारण खुदरा ग्राहकों के सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा आउटलेट्स की ओर रुख करने और संस्थागत और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के खुदरा ईंधन आउटलेट्स की ओर स्पष्ट रुझान के कारण भी अतिरिक्त मांग का दबाव उत्पन्न हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी अपने टर्मिनलों, डिपो, पाइपलाइनों, एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों और खुदरा आउटलेट्स के व्यापक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति बनाए हुए हैं।

आपूर्ति दल, परिवहन नेटवर्क, टर्मिनल संचालन और चुनिंदा खुदरा आउटलेट्स बाजारों में निर्बाध उत्पाद आवागमन और समय पर पुनःपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 24×7 कार्यरत हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए राज्य प्रशासन के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए हुए हैं। तेल उद्योग उपभोक्ताओं को आश्वस्त करना चाहता है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां स्टॉक की स्थिति की लगातार समीक्षा कर रही हैं और बढ़ी हुई मांग को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए रसद और वितरण योजना पर घनिष्ठ समन्वय स्थापित कर रही हैं।

नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे सामान्य खरीदारी जारी रखें और अनावश्यक रूप से घबराकर खरीदारी करने से बचें। उपभोक्ताओं से यह भी अनुरोध है कि वे ईंधन की उपलब्धता से संबंधित सटीक जानकारी के लिए केवल अधिकृत एजेंसियों और तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

# एफडीआर तकनीक से होगा ग्रामीण सड़कों का कायाकल्प : केशव

▸ प्रदेश के हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का संकल्प
▸ ग्रामीण सड़कों के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



दडिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण और कायाकल्प को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने ग्राम्य विकास आयुक्त और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में ग्रामीण सड़कों का निर्माण और नवीनीकरण अत्याधुनिक एफडीआर तकनीक के आधार पर शतप्रतिशत किया जाए।

एफडीआर तकनीक पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ निर्माण-यह तकनीक सड़कों के पुनर्निर्माण में क्रांतिकारी साबित हो रही है, इस तकनीक के अंतर्गत सड़क की पुरानी गिट्टी और सामग्री को ही आधुनिक मशीनों द्वारा क्रश किया जाता है। सामग्री में सीमेंट और एक विशेष प्रकार के स्टेबलाइजर मिलाकर मजबूत बेस तैयार किया जाता है।

श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना देश का हर गाँव पक्की और सुसज्जित सड़क से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश सरकार इस विजन को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से धरातल पर उतार रही है। अधिकारी केवल फाइलों पर निर्भर न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर जाकर वास्तविक स्थिति और कार्यों की गुणवत्ता से अवगत कराएं। ग्रामीण सड़कों के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ग्रामीण विकास ही उत्तर प्रदेश के समग्र विकास का आधार है।

## खबरें एक नजर में

### मोटोरोला ने दो स्मार्टफोन व बड्स भारतीय बाजार में उतारे






**लखनऊ/कानपुर, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की वैश्विक दिग्गज और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज अपने नये दो स्मार्टफोन मोटो जी37 पावर, मोटो जी37 और मोटो बड्स 2 को भारतीय बाजार में लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पावरफुल लाइनअप किफायती कीमत पर सेगमेंट की सबसे दमदार बैटरी फास्ट 5जी व बेहतरीन परफॉर्मेंस शानदार एंटरटेनमेंट और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी के साथ स्मार्टफोन के अनुभव को एक नया रूप देने के लिए तैयार किया गया है। अपने सेगमेंट में सबसे पावरफुल फोन के रूप में पेश किया गया मोटो जी37 पावर इस सेगमेंट की सबसे बेस्ट 7000 एमएएच बैटरीए मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6400 प्रोसेसर द्वारा संचालित जबरदस्त 5जी परफॉर्मेंस गोरिल्ला ग्लास 7 आई की सुरक्षा के साथ सबसे मजबूत ड्यूरेबिलिटी एक शानदार 120 हर्ट्ज डिस्प्ले 50 मेगापिक्सल का बेहतरीन एआई,पावर्ड क्वाड,पिक्सेल कैमरा सिस्टम और डॉल्बी एटमॉस स्टीरियो स्पीकर्स के साथ बेहतरीन ऑडियो एक्सपीरियंस को एक स्टाइलिश वीगन लेदर डिजाइन में समेटे हुए है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के निकटवर्ती जनपद बाराबंकी में आज बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया है।चालक ने घर के बाहर सो रहे परिवार पर चढ़ा डंपर चढ़ा दिया,जिसमें चार लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक फतेहपुर-भनौली मार्ग पर शनिवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया है।ग्राम झांसा में सड़क किनारे मच्छरदानी लगाकर सो रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया।हादसे में पिता समेत दो बेटी और एक बेटी की मौत हो गई, जबकि माँ गंभीर रूप से घायल है।मृतकों की पहचान नीरज चौहान (36), पुत्र अनुराग (12), आशू (8) और अंशिका (10) के रूप में हुई है।भीषण गर्मी के कारण परिवार घर के बाहर सो रहा था।सुबह करीब तीन बजे महमूदाबाद की ओर से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने परिवार को रौंद दिया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई।घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन रास्ते में दोनों बच्चों ने दम तोड़ दिया।पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है।

### डाले की टक्कर से पलटा ई-ऑटो, युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह तेज रफ्तार डाले ने ई-ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान माल थाना क्षेत्र के नवीपनाहनगर के मोहम्मद कलीम (37) के रूप में हुई। वह प्राइवेट नौकरी करते थे। पिता लड्डन ने बताया कि दुबग्गा इलाके में छंदोइया ईदगाह के पास पेट्रोल पंप के सामने हादसा हुआ। मृतक के 2 मासूम बच्चे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, डाले की टक्कर लगते ही ई-ऑटो पलट गया और उसमें बैठे कलीम गंभीर रूप से घायल होकर वहीं सड़क पर गिर गए। पेट्रोल पंप के कर्मियों ने पुलिस को शिकायत देते हुए घायल को ट्रॉमा सेंटर भिजवाया, जहां इलाज के दौरान कलीम ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद डाले चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की तलाश में जुटी है। मृतक की पत्नी सूफिया बानो का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। भाई आरुन ने बताया कि कलीम रोज की तरह काम पर जाने के लिए निकले थे। सुबह 8 से 8.30 बजे के करीब यह हादसा हो गया। दुबग्गा पुलिस का कहना है कि अज्ञात डाले चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पत्थर से टकराई स्कूटी, ऑडियोलॉजिस्ट की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में सड़क हादसे में उन्नाव जिला अस्पताल में तैनात ऑडियोलॉजिस्ट की मौत हो गई। स्कूटी सड़क पर पड़े पत्थर से टकरा गई, जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मूलरूप से जौनपुर निवासी सुरेश कुमार पाल (40) तेलीबाग में शनि मंदिर के पास परिवार के साथ रहते थे। वह उन्नाव जिला अस्पताल में ऑडियोलॉजिस्ट के पद पर तैनात थे। परिवार में पत्नी श्वेता पाल, बेटी सेल्वी और बड़े भाई अखिलेश पाल हैं। बताया गया कि शनिवार सुबह वह वृंदावन कॉलोनी स्थित अपने निर्माणाधीन मकान से स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में स्कूटी एक पत्थर से टकरा गई और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में उनके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिवार वाले उन्हें पहले लोकबंधु अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर पीजीआई ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# यूपी में आसमान से बरस रही आग, 30 हजार मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भीषण लू तथा पश्चिमी हिस्सों में तेज धूलभरी हवाओं और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस बीच प्रचंड गर्मी और लू से शनिवार को भी लोग बेहाल रहे। सुबह 11 बजे से सड़कों पर आमतौर पर सन्नाटा पसर गया। सड़कों पर यातायात सामान्य से काफी कम रहा।

इस दौरान व्यवसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं हालांकि सड़क किनारे बेल का शर्बत, आम का पना, गन्ने का रस, लस्सी, नीबूं पानी और कोल्ड ड्रिंक्स बेचने की पौ बारह रहीं। प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा है। गर्म हवायें रात को भी सता रही है। मौसम के तल्ख मिजाज के बीच राज्य में बिजली की मांग पीक आवर्स में 30 हजार मेगावाट से अधिक पहुंचने लगी है। बिजली विभाग मांग और आपूर्ति में तालमेल बैठाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है मगर जर्जर ट्रांसफार्मरों और केबिलों के दगा देने से कई इलाकों में बिजली की आवाजाही लगातार बनी हुई है। बिजली की किल्लत से परेशान कुछ स्थानों पर विद्युत उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक आम होती जा रही है।


गर्मी और लू के चलते बीमारियों ने भी पांव पसारना शुरु कर दिया है, नतीजन अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। इनमें से अधिकांश मरीज डिहाइड्रेशन, बुखार के थे। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुये तेल मसाला युक्त भोजन,बासी भोजन,फास्ट फूड आदि से परहेज करें। भूख से कुछ कम खायें और खीरा, ककड़ी,पपीता, खरबूजा और तरबूज आदि फल भरपूर मात्रा में लें।

## रात के तापमान में भी दर्ज की गई वृद्धि

मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा शनिवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहा, जबकि तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर भीषण गर्मी का असर बना रहा और रात के तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि 23 और 24 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिनकी गति झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम मुख्यतरू शुष्क रहने के साथ लू से भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार 25 से 27 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने गर्म रात (वार्म नाइट) की भी चेतावनी जारी की है। 28 और 29 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, हालांकि कई इलाकों में लू का असर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा तेज धूप से बचाव करने की सलाह दी है।

# यूपी में वक्फ संपत्तियों पर बड़ा एक्शन, 31 हजार से ज्यादा संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन रद्द

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




उम्मीद पोर्टल भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा यूपी में शुरू की गई जांच के बाद वक्फ की 31 हजार से अधिक संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। मंत्रालय के मुताबिक वक्फ बोर्ड की 31 हजार से अधिक संपत्तियों में कई प्रकार की कमियां पाई गई है उसके बाद संपत्तियों के रजिस्टेश न को रद्द किया गया है।

प्रदेश में दर्ज 1,18,302 वक्फ संपत्तियों में से 31,328 का पंजीकरण रद्द हुआ। इनमें से 31,192 संपत्तियों के वक्फदावों को भी निरस्त कर दिया गया है। जांच के दौरान कई संपत्तियों के खसरा नंबर वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाए। उसके बाद एक्श लिया गया है। मंत्रालय के मुताबिक कई मामलों में राजस्व अभिलेखों में दर्ज रकबे में बदलाव पाया गया। दस्तावेजों के मिलान और रिकॉर्ड सत्यापन के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आईं। गौरतलब है कि केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने 6 जून 2025 को सभी राज्यों को निर्देश दिया था कि 5 दिसंबर 2025 तक 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फप्रॉपर्टीज का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए। हालांकि बाद में डेडलाइन 6 महीने के लिए बढ़ा दी गई, लेकिन उत्तर प्रदेश ने यह काम तय समय से पहले ही पूरा कर लिया।

# रोजगार मेले का केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन, 198 को रेलवे में मिली नौकरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




▸ 23 मई को लखनऊ डिवीजन में आयोजित मेले में पीएम मोदी नई दिल्ली से ऑनलाइन जुड़कर जोन के 312 युवाओं को केंद्र की कई नौकरियों के नियुक्ति पत्र दिये

राजधानी में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने केंद्र सरकार के रोजगार मेले का उद्घाटन किया। 23 मई को लखनऊ डिवीजन में आयोजित मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली से ऑनलाइन जुड़कर जोन के 312 युवाओं को केंद्र की कई नौकरियों के नियुक्ति पत्र दिये। इनमें से 198 युवाओं को रेलवे में नौकरी मिली है। जानकारी के अनुसार, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यह 19वां रोजगार मेला है। इसके तहत लखनऊ समेत देशभर में अब तक आयोजित 18 मेलों में करीब 12 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।

इस बार लखनऊ केंद्र के अलावा, दिल्ली डिवीजन में 445, अंबाला में 120 और जम्मू में 150 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये देशभर के 51 हजार से अधिक नव-नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित बांटे।

यह रोजगार मेला देश के 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। मेले में एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांगजन एवं वंचित वर्ग के युवाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई। मंत्री बनवारी लाल वर्मा ने कहा कि कहा सामाजिक न्याय मंत्रालय की योजनाओं के माध्यम से युवाओं को नए रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह आयोजन रोजगार और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हमने लखनऊ में 312 उम्मीदवारों को सरकारी सेवा की सौगात दी। जिनमें से 198 उम्मीदवार भारतीय रेलवे का हिस्सा बनें। रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने की महत्वपूर्ण पहल है। इस रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थी रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग समेत केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में अपनी सेवाएं देंगे।

# कुछ अदृश्य शस्त्र गुप्त रूप से देश, समाज पर बेहद घातक हमला कर रहे : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए शनिवार को कहा कि कुछ अदृश्य शस्त्र गुप्त रूप से देश, समाज और आपसी सौहार्द पर घातक हमला कर रहे हैं।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कई सवाल उठाते हुए जांच की मांग की। उन्होंने कहा, असली शस्त्रों के तो लाइसेंस बनते हैं, लेकिन कुछ अदृश्य शस्त्र भी हैं, जो गुप्त रूप से देश, समाज और आपसी प्रेम पर अंदर से बेहद घातक हमला कर रहे हैं। सपा प्रमुख ने पोस्ट में कहा, वकील कह रहे हैं कि लगे हाथ भाजपाइयों के घर, दुकान, कार्यालय और प्रतिष्ठानों के कागज तथा नक्शे मंगाकर उनकी वैधता की भी जांच की जाए।

उन्होंने बिना नाम लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा से जुड़े लोगों पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा और उनके संगी-साथियों द्वारा निर्माण कार्यों, आयोजनों और आपदाओं के नाम पर जगह-जगह से बटोरे गये तरह-तरह के चंदे-फंड का हिसाब भी मांगा जाए और उनका ऑडिट हो। और हां जनता ये भी पूछ रही है कि इस बात का भी कानूनी पहलू समझाया जाए कि अनरजिस्टर्ड लोग जमीन किसके नाम से लेकर अपना निर्माण करते हैं और ये संपत्तियां कैसे बेनामी नहीं हैं? उन्होंने पोस्ट में कहा इसके अतिरिक्त जनता की जिज्ञासा ये भी है कि गुप्त-गतिविधियों में संलिप्त भाजपाई संगी-साथियों के ऐसे निर्माणों को कार्यालय कहा जाए या अड्डा?

सपा प्रमुख ने कहा कि जनता यह भी जानना चाहती है कि इन संगी-साथियों का खर्च कौन उठाता है और वे विदेश यात्राएं क्यों करते हैं। यादव ने आरोप लगाया, ये संगी-साथी औपनिवेशिक समय से किसकी कठपुतली हैं? इन संगी-साथियों का इतिहास मुखबिरी का क्यों रहा है? ये संगी-साथी सामाजिक सौहार्द क्यों बिगाड़ते हैं? उन्होंने कहा, वकील ये भी पूछ रहे हैं कि अब ये संगी-साथी किस नयी साजिश के तहत मानस के मान पर लाठियां चलवा रहे हैं?

# सी.एम.एस. 'समर कैम्प' का रंगारंग समापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा आयोजित 'समर कैम्प' का भव्य समापन शनिवार को विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से न सिर्फ सी.एम.एस. की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षा पद्धति का जोरदार प्रदर्शन किया अपितु समर कैम्प के दौरान सीखी गई गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, ताइक्वाण्डो, योगा, सेल्फ-डिफेन्स, तैराकी, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, वेस्टर्न म्यूजिक, ऐरोबिक्स, पेन्टिंग, कैलीग्राफी आदि विभिन्न विधाओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के प्रदर्शन से अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर छात्रों ने पेन्टिंग, चित्रकारी व आर्ट एण्ड क्राफ्ट के माध्यम से भारत की विविध संस्कृति का मनोहारी प्रदर्शन किया, तो वहीं दूसरी ओर भारतीय शास्त्रीय संगीत की सुमधुर प्रस्तुति से लखनऊ की गंगा-जमुनी तहज़ीब को शानदार ढंग से प्रदर्शित किया। विभिन्न वाद्ययंत्रों में छात्रों की तकनीकी कुशलता देखने लायक रही जबकि गायन प्रस्तुति में सुर-लय-ताल का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। समारोह में छात्रों ने साहित्य व संस्कृति का अनूठा संगम प्रदर्शित कर अभिभावकों का अभिभूत कर दिया और अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, कलात्मक हुनर व रचनात्मक सोच से सभी को दांतो तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोचिंग डिपो गोमतीनगर को मिला 4आईएसओ व 5एस प्रमाण पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के गोमतीनगर कोचिंग डिपो को यात्री सुरक्षा, पर्यावरण, ऊर्जा संरक्षण और गुणवत्ता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक साथ चार आईएसओ प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए। आईएसओ 9001- गुणवत्ता प्रबंधन, आईएसओ 14001- पर्यावरण प्रबंधन, आईएसओ 45001- व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, आईएसओ 50001- ऊर्जा प्रबंधन, साथ ही जापानी 5एस प्रमाणन भी प्राप्त किया। यह कार्यस्थल को व्यवस्थित, स्वच्छ और कुशल बनाने की एक जापानी पद्धति है, जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यक्षमता बढ़ाना, समय बचाना और कचरे को कम करना है। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह टीम की मेहनत, अनुशासन और गुणवत्ता के प्रति समर्पण का परिणाम है।

## आस्था

### ज्येष्ठ माह को लेकर भक्तिमय हुआ माहौल

# ज्येष्ठ माह पर भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



ज्येष्ठ माह पर भंडारे में लोहिया पार्क के सामने श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा

लखनऊ,23 मई 2026 (यूएनएस)। राजधानी के गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क के सामने ज्येष्ठ माह के उपलक्ष्य में सिंह परिवार द्वारा एक भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने के लिए कतारों में खड़े दिखाई दिए। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी, छोले-चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा, जिसमें परिवार के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्य में भाग लिया। सिंह परिवार की सदस्य अदिति सिंह ने बताया कि उनका परिवार कई वर्षों से बड़े मंगल पर इस भंडारे का आयोजन करता आ रहा है।

उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा करने से उन्हें आत्मिक संतुष्टि मिलती है, और इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से परिवार बेहद प्रसन्न है। अदिति सिंह ने आगे कहा कि भगवान की कृपा से वे भविष्य में भी इसी तरह के सेवा कार्य जारी रखने का प्रयास करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि बड़े मंगल का यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था और समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं, आनंद सिंह परमार ने इस अवसर पर कहा कि बड़े मंगल पर लोगों की सेवा करना एक पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के चेहरों पर संतोष और खुशी देखकर उन्हें आयोजन की सफलता का अनुभव होता है। परिवार भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेता रहेगा।

## जानकीपुरम में ज्येष्ठ माह पर विशाल भंडारा आयोजित

जानकीपुरम विस्तार में ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संयुक्त कल्याण महासमिति और प्रगति मार्ट की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, छोला, चावल, रायता और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस मौके पर एडवोकेट विनय कुमार पांडे ने कहा कि ज्येष्ठ माह में सेवा और दान का विशेष महत्व होता है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी क्षेत्र में इसी तरह सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में विजय पाल गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, विनय कुमार पांडेय, हर्षित, स्मृति, शोभित, निकिता, प्रमोद वशिष्ठ, विजय यादव, प्रदीप गुप्ता, संजीव मिश्रा और सनी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। सभी ने श्रद्धालुओं की सेवा करते हुए व्यवस्था संभाली।

# केजीएमयू स्थित दरियावाली मस्जिद का गेट तोड़ने की मांग, विश्व हिंदू परिषद ने कलेक्ट्रेट घेरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के सदस्यों ने शनिवार को केजीएमयू परिसर में अतिक्रमण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिला कलेक्ट्रेट पर जमा होकर नारेबाजी की।

संगठन के सदस्यों ने केजीएमयू के गेट नंबर 24 के सामने बनी दरिया वाली मस्जिद के बगल में अतिक्रमण का आरोप लगाया। केजीएमयू परिसर के अंदर मजारों को अवैध बताकर उस पर बुलडोजर चलाने की मांग की। गले में भगवा गमछा डालकर पहुंचे तमाम कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्य द्वार पर बैठ गए।

नारेबाजी करने लगे। काफी देर तक नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा और विरोध किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई। जिलाधिकारी के माध्यम से संबंधित विभागों को ज्ञापन भेजा गया। समरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा केजीएमयू प्रशासन की तरफ से परिसर के अंदर बनी बाजार अवैध घोषित करने के बाद अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। परिसर के अंदर मजार है। सभी पर बुलडोजर कार्रवाई हो।

केजीएमयू के गेट नंबर 24 के सामने दरिया वाली मस्जिद है। उसी के पास में पार्क बना हुआ है, जिस पर गेट नंबर 2 लिख दिया गया है। उसे मस्जिद का गेट बना दिया गया है। यह पूरी तरह से अतिक्रमण है। पार्क की जगह पर दीवार खड़ी करके उसे मस्जिद के हिस्से में ले लिया गया है। 10 फीट ऊंची दीवार बनाई गई है। केजीएमयू परिसर के अंदर बनी अवैध मजार को लेकर विश्व हिंदू परिषद लगातार आवाज उठा रहा है। मगर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कई महीने पहले भी हम लोगों ने ज्ञापन दिया था। उसके बाद भी अब तक मजारों को नहीं हटाया गया।

हमारी मांग है कि इन सभी मजारों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। अगर प्रशासन किसी प्रकार की लापरवाही करेगा तो हम लोग खुद मजारों को तोड़ने का काम करेंगे। पूरे प्रदेश से हमारे कार्यकर्ता जमा होकर इसके खिलाफ आंदोलन करेंगे। शहर में धर्म के नाम पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### मंत्री ने निर्माणधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक व निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारीमंत्री नरेन्द्र कश्यप द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध पंडित राम प्रसाद बिस्मिल चिकित्सालय में निर्माणधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक एवं अन्य निर्माण कार्यों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।मंत्री के द्वारा क्रिटिकल केयर ब्लॉक बिल्डिंग के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था से क्रिटिकल केयर ब्लॉक के बारे में पूर्ण जानकारी ली, किस मद से बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, कितनी धनराशी रीलीज हो गयी है। कितना कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्यदायी संस्था के जेई एवं ठेकेदार ने अवगत कराया कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण पीएम अभिम योजना के अन्तर्गत कराया जा रहा है। 75 प्रतिशत धनराशी प्राप्त हो गयी है और लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही मंत्री द्वारा टाइल्स, फॉल्स सिलिंग, अग्निशमन सुरक्षा एवं निर्माण से सम्बंधित कर्यो का जयजा लिया एवं कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए शीघ्र हस्तगत किये जाने के निर्देश दिये, जिससे कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक का उपयोग जनहित में किया जा सके। डीएम एवं सीडीओ द्वारा ओपीडी का निरीक्षण किया गया। जिसमें रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के सरलीकरण एवं मरीज घर से ओपीडी रजिस्ट्रेशन कर सके बारे में निर्देशित किया। नवीन ओपीडी व औषधी वितरण काउन्टर बढ़ाएं जाने के निर्देश दिये। जिसमें 4 ओपीडी रजिस्ट्रेशन किये जाने एवं 3 औषिधि वितरण किये जाने हेतु बनाये जायेगें। उक्त कार्य को न्यूननतम लागत में पूर्ण किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश प्रोजैक्ट्स कारपोरेशन बरेली को आगणन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। ददरौल विधायक विद्यायक अरविन्द कुमार सिंह, महापौर अर्चना वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, महाविद्यालय प्रधानाचार्य डा. राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. सरोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डा. महेन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

### पुवायां व्यापार मंडल के संरक्षक धर्मपाल यादव का निधन, शोक

**पुवायां, शाहजहांपुर।** उद्योग व्यापार मंडल की पुवायां टीम के संरक्षक धर्मपाल यादव का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से व्यापारियों समेत नगर के तमाम संभ्रांत लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. धर्मपाल यादव लंबे समय से व्यापार मंडल और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे। उनके सरल स्वभाव और सामाजिक सरोकारों के चलते नगर में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। उनके निधन पर व्यापार मंडल पदाधिकारियों, व्यापारियों और नगरवासियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राघवेंद्र चौहान बने युवा मंडल अध्यक्ष

**मदनापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर निवासी राघवेंद्र सिंह चैहान को भारतीय किसान यूनियन भानु में युवा मंडल महामंत्री पद से पदोन्नति करके मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा बरेली मंडल पद पर व अनुज कुमार को युवा ब्लॉक अध्यक्ष मदनापुर पद पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमवीर सिंह सिसोदिया द्वारा नियुक्त पत्र दिया गया। मनोनीत पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।



### सखी बनी महिला प्रकोष्ठ की ब्लॉक अध्यक्ष

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** भारत परिषद राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी संगठन द्वारा संगठन को मजबूत करने एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी क्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह के निर्देश पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सैय्यद अजहर उस्मान ने खुदागंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत दीपपुर निवासी सखी को महिला प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष खुदागंज नियुक्त किया है। नियुक्ति की घोषणा होते ही संगठन कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने सखी को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महिलाओं की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाया जाएगा। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि सखी समाज में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा भ्रष्टाचार और अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का कार्य करेंगी। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सखी ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की गरीब, पीड़ित और जरूरतमंद महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा तथा उन्हें न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संगठन के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा, सरकारी योजनाओं और सामाजिक अधिकारों की जानकारी देने के लिए अभियान भी चलाए जाएंगे। इस मौके पर संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का संकल्प लिया।



### शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता न बरती जाए: दीक्षा



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देशन में थाना सिंधौली पर थाना समाधान दिवस का आयोजन एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। एसपी ग्रामीण ने शिकायतों एवं प्रार्थना-पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुना। प्राप्त प्रार्थना-पत्र मुख्य रूप से भूमि विवाद, अवैध कब्जा, पारिवारिक विवाद, जलनिकासी, मार्ग तथा अन्य राजस्व एवं पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित रहे। एसपी ग्रामीण ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्राप्त शिकायतों एवं प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस संबंधी प्रकरणों में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा।

# प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कलान मे महर्षि कश्यप की प्रतिमा का किया अनावरण

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** कलान नगर पंचायत द्वारा नवनिर्मित महर्षि कश्यप जी की प्रतिमा का अनावरण और महर्षि कश्यप वाटिका का शुक्रवार की शाम उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप और क्षेत्रीय भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर और पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पार्क नगर पंचायत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है उन्होंने इसे स्थानीय निवासियों के लिए प्रेरणा और स्वच्छ वातावरण का केंद्र बताए। इतना ही नहीं उन्होंने कहा महर्षि कश्यप सृष्टि के रचनाकार थे। वेद, पुराण, उपनिषदों में उन्हें श्रेष्ठ ऋषि के रूप स्वीकार किया गया है। उनकी संतान के रूप में कश्यप समाज खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय



संस्कृति सनातन धर्म की देन और सनातन धर्म की स्थापना भी भगवान महर्षि कश्यप के कारण ही प्रबल हुई। उन्होंने कहा कि हम सभी को महर्षि कश्यप के जीवन दर्शन से सीख लेकर सद मार्ग चुनना चाहिए। इतना ही नहीं प्रभारी मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार महर्षि कश्यप के गौरव को स्थापित करने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हर कोई विश्वास जता रहा है। दोनों की कल्याणकारी योजनाएं और जनता के लिए सदैव हित की बात सोचने का जो कार्य है उसे जन-जन में विश्वास बढ़ रहा है। इसी के साथ जिस तरीके से उत्तर प्रदेश और कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सशक्त सरकार काम कर रही है, गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग, महिलाओं से लेकर युवाओं और बेरोजगारों से लेकर व्यापारी हर वर्ग का ध्यान रख रही है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर निशाना सादा। उन्होंने कहा सपाइयों के लिए प्रदेश में विकास तरक्की और रोजगार पसंद नहीं है इसलिए वह भाजपा सरकार के हर अच्छे कदम की आलोचना करते हैं। सपा मुखिया की पॉलिसी परिवारवाद और भ्रष्टाचार की है वह बात पीएफ की करता हूं राजनीति परिवार की करते हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विपक्ष का स्तर इतना गिर गया है कि पीएम की दिवंगत माता को भी अशब्द कहे। उन्होंने विपक्ष की राजनीति को घटिया राजनीति बताया।

## डीएम ने लोहारों वाले चौराहे पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी के साथ नगर क्षेत्र में लोहारों वाले चैराहे पर चल रहे सड़क चैड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित कार्यदाई संस्था को कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए गए सामानुसार कार्य को पूर्ण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यदि कार्य में लापरवाही या ढिलाई बरती जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री गुणवत्तायुक्त होना चाहिए। कार्य में तेजी लाकर कार्य को पूर्ण किया जाए जिससे कि आमजन को आवागम में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।



## रात्रिकालीन बिजली कटौती से जनता परेशान, ट्रांसफार्मर फुंकने व केबल जलने से बढ़ी मुश्किलें

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही रात्रिकालीन बिजली कटौती से आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के बीच घंटों बिजली गुल रहने से लोगों में बिजली विभाग के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त है। खुदागंज पावर हाउस से जुड़े नगर और ग्रामीण इलाकों के उपभोक्ताओं का आरोप है कि रात के समय कई-कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे लोगों की नींद हराम हो गई है। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को उठानी पड़ रही है। उमस भरी गर्मी में लोग पूरी रात जागने को मजबूर हैं। बृहस्पतिवार को नगर के मोहल्ला राठान में ट्रांसफार्मर से सप्लाई के लिए लगी पेंच केबल जल जाने के कारण करीब 12 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं नगर के मुख्य चैराहे से लाल हरिराम



इंटर कॉलेज जाने वाले मार्ग पर भी केबल बार-बार जलती रही और बाद में तार टूट गया, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। शुक्रवार रात भी बिजली का लगातार आना-जाना लगा रहा, जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जलालपुर, रामपुर नवदिया सहित कई गांवों में ट्रांसफार्मर फुंक जाने से तीन दिन तक बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है। कभी देर रात तो कभी आधी रात के बाद बिजली गुल हो जाती है, जिससे लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर मच्छरों का बढ़ता प्रकोप लोगों की परेशानियां और बढ़ा रहा है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि रात्रि के समय शिकायत करने पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के फोन तक रिसीव नहीं होते, जिससे लोगों में विभाग के प्रति अविश्वास बढ़ता जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्रीय जनता आंदोलन करने को मजबूर होगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन एवं बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से रात्रिकालीन बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

साथ ही शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को सक्रिय रहने के निर्देश देने की भी मांग उठाई गई है। जेई ग्रामीण अमित चैधरी ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, लेकिन स्टाफ की कमी के कारण दिक्कतें आ रही हैं।

वहीं जेई नगर सतीश चंद्र के अनुसार नगर क्षेत्र में केवल एक लाइनमैन होने तथा अधिक लोड के चलते केबल बार-बार जलकर टूट रही हैं, क्योंकि वर्तमान केबल बढ़े हुए लोड को सहन नहीं कर पा रही

### समितियों पर उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।** जनपद में 129 सहकारी समितियां संचालित है, जोकि खाद-उर्वरक का व्यवसाय कर रही हैं। यूरिया की उपलब्धता लगभग 7018 मीट्रिक टन , जिसमें से 3815 मीट्रिक टन बफर गोदाम में तथा 3159 मीट्रिक टन सहकारी समितियों पर उपलब्ध है। इसी प्रकार फास्फेटिक उर्वरकों में 6992 मीट्रिक टन डीएपी तथा 2257 मीट्रिक टन एनपीके पीसीएफ बफर गोदाम में भण्डारित है। जिसका वितरण को समितियों को भिजवाया जा रहा है। डीएम द्वारा वर्तमान खरीफ अभियान वर्ष 2026-27 में अब तक लगभग 8950 मीट्रिक टन समितियों एवं संघों पर यूरिया एवं 825 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक आंवटित किया जा चुका है।

## कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में छह दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन

▸ विद्यालय परिसर पूरे सप्ताह उत्साह, उमंग और रचनात्मक गतिविधियों से सराबोर रहा

समृद्धि न्यूज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए 6 दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। इस समर कैंप में एनसी से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय परिसर पूरे सप्ताह उत्साह, उमंग और रचनात्मक गतिविधियों से सराबोर रहा। नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए पूल पार्टी, डांस क्लास, योगा प्रशिक्षण तथा फ्रूट डे, फैशन शो तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों ने रंग-बिरंगी तथा मनोरंजक खेलों में भाग लेकर भरपूर आनंद उठाया। वहीं कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक क्षमता तथा सर्वांगीण विकास के लिए खेल तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों की हेयर स्टाइलिंग, मेहंदी आर्ट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कटिंग तथा कला-चित्र जैसी कई रचनात्मक एवं क्रियात्मक गतिविधियों को कराया गया। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 'एकेडमिक लर्निंग' का आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को बौद्धिक एवं शैक्षणिक क्षमता के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। इसमें वाद-विवाद, चर्चा-परिचर्चा के अतिरिक्त पाठ्यक्रम आधारित क्रियात्मक अध्ययन, समूह चर्चा, रचनात्मक गतिविधियां, विज्ञान के प्रयोग एवं विभिन्न ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए, जिससे विद्यार्थियों ने नई सीख प्राप्त हुई।




समर कैंप के सफल आयोजन में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं समन्वयकों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. रचित अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं बौद्धिक विकास की नई दिशा प्रदान करती हैं।

इसके अतिरिक्त डॉ. रचित अग्रवाल ने बच्चों को स्वास्थ्य, संस्कार के अतिरिक्त जीवनकाल में शिक्षा के लिए भी दिशा निर्देश दिए। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य राहुल शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को सहभागिता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा जल्दी पुनः मिलने के आश्वासन के साथ विदा किया।

## मेडिकल कॉलेज को रेड क्रॉस ने सौंपे रक्तदान कार्ड

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ विजय जौहरी ने रक्त संचरण परिषद् के दिशानिर्देश के अनुपालन में शासकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार को आठ रक्तदान कार्ड प्रदान करते हुए कहा की रेडक्रॉस सोसाइटी की पहल पर सर्वप्रथम ब्लड बैंक का निर्माण 1937 में हुआ था। आज विश्व में सबसे अधिक रक्तदाते स्विट्जरलैंड जेनेवा में हैं जहाँ रेडक्रॉस का मुख्यालय है। ये रक्दान कार्ड सड़क दुर्घटना में घायल आपातकालीन स्थिति में रक्त की आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिकता के आधार पर घ्याल लोगो के लिए है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने ये कार्ड प्रभारी रक्तकोष डॉ ऋतुराज सिंह के सुपुर्द कर दिए, ताकि समय पर जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने रेडक्रॉस की इस पहल का स्वागत करते हुए डॉ विजय जौहरी की प्रशंसा की। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सचिव ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। संस्था निरंतर समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने तथा जरूरतमंद मरीजों को सहायता उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस मानवीय सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।



## भीषण गर्मी में जनगणना कार्य स्थगित करने की मांग, यूटा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** प्रदेशभर में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ने जनगणना कार्य को आगामी जून माह तक स्थगित किए जाने की मांग को लेकर जिला महामंत्री हरिशंकर के नेतृत्व में शिक्षकों के साथ डीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को सौंपा।

जिसमें कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में फील्ड में कार्य कर रहे कार्मिकों और शिक्षकों की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय बन गई है। प्रदेश के अधिकांश जनपदों में तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है तथा शासन एवं मौसम विभाग द्वारा लगातार हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। लोगों को दिन के समय अनावश्यक घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी जा रही है।

ऐसे में जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों को तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच घर-घर जाकर कार्य करने के लिए बाध्य करना उनके स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में डालने जैसा है।

संगठन ने यह भी कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण अधिकांश लोग दिन में घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिससे प्रगणकों को सही एवं सुचारु रूप से जानकारी प्राप्त करने में भी कठिनाई हो रही है। इससे जनगणना कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। यूटा ने मांग की है कि जनहित एवं कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जनगणना कार्य को जून माह तक स्थगित कर जुलाई के प्रथम सप्ताह से पुनः प्रारंभ कराया जाए।

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसी कार्मिक के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी तथा संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री हरिशंकर के साथ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मसरूफ अली, जिला उपाध्यक्ष जगपाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव सिंह एवं योगीन्द्र सिंह सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किलर कोलकाता ने जीती रोजा प्रीमियर लीग ट्रॉफी

**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।** आईपीएल की तर्ज पर रोजा पावर टाउनशिप में रोजा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह क्रिकेट प्रतियोगिता लगभग एक महीने पूर्व प्रारंभ हुई थी जिसमें देश के विभिन्न शहरों के नाम पर बनायी गई 7 टीमों ने हिस्सा लिया। आईपीएल की तरह ही खिलाड़ियों का चयन भी नीलामी प्रक्रिया के आधार पर किया गया था। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रोजा क्रिकेट स्टेडियम में किलर कोलकाता एवं लखनऊ टाइटन्स टीमों के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में किलर कोलकाता ने लखनऊ टाइटंस को 1 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने निर्धारित 12



ओवर में सात विकेट पर 105 रन बनाए जिसमें अशोक केवट के 17 गेंदों पर 40 रन की उपयोगी पारी शामिल रही। जवाब में कोलकाता की टीम की शुरुआत बेहद खघ्राब रही।शुरुआत से ही कोलकाता की टीम के बल्लेबाज लगातार आउट होते रहे और उनके 9 विकेट मात्र 67 रन पर ही गिर गए और मैच केवल औपचारिकता नजर आने लगी। ऐसे में विमलेश शुक्ला ने 11 गेंदों पर नाबाद 20 रन और विशाल कुमार ने 12 गेंदों पर नाबाद 17 रन बनाकर टीम को अंतिम गेंद पर रोमांचक जीत दिला दी। कोलकाता की टीम को विजेता ट्रॉफी रोजा पॉवर के स्टेशन डायरेक्टर श्री हृदय सिंह तोमर ने टीम के कप्तान हेमेन्द्र पाल सिंह को दिया। मैन ऑफ द मैच विशाल कुमार एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सिद्धार्थ निरंजन को दिया गया। इसके अतिरिक्त अभिनव कुमार एवं अंकित कुमार को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज एवं सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार दिया गया। लगभग एक महीने तक चले इस प्रतियोगिता के दौरान टाउनशिप के निवासियों ने सभी मैचों का भरपूर आनंद उठाया। साथ ही इस प्रतियोगिता ने आस पास के गांवों के निवासियों के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थो की बिक्री के रूप में जीविकोपार्जन के अवसर भी उपलब्ध कराए। रोजा पावर के स्टेशन डायरेक्टर ने प्रतियोगिता का समापन करते हुए कार्यकारिणी के सदस्यों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया तथा सौहार्दपूर्ण खेल भावना दिखाने के लिए सभी टीमों की प्रशंसा की।

## पुलिस चौकी में सीज वाहन की नंबर प्लेट उपयोग करने पर एफआईआर दर्ज

▸ 8 वाहनों के चालान, 4 सीज

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद में 19 मई से 31 मई तक सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम थाना खुटार में 2 वाहन तथा पीटीओ आरपी गौतम द्वारा 1 वाहन हथौड़ा चैकी थाना रोजा में सीज करते हुए 8 वाहनों के चालान तथा 4 वाहन विभिन्न थानों में सीज किये गये। पीटीओ द्वारा हथौड़ा चैकी थाना रोजा में सीज वाहन द्वारा फर्जी नम्बर प्लेट का उपयोग करने पर थाना रोजा में सम्बन्धित वाहन स्वामी के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई गयी है। एआरटीओ ने जनपद के वाहन स्वामियों को निर्देशित किया है कि किसी भी वाहन को नियम के विरूद्ध संचालन कदापि न किया जाये, यदि किसी वाहन स्वामी द्वारा फर्जी नम्बर प्लेट अथवा फर्जी प्रपत्रों के आधार पर वाहन संचालित पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भी कड़ी से कड़ी प्रवर्तन कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



## खबरें एक नजर में

### वित्त मंत्री ने भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ




**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहतड़ो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार का रेनेसा एकैडमी में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रंग बिरंगे गुब्बारा गुच्छ उड़ाकर शुभारंभ किया । उन्होंने प्रशिक्षण में वर्ग संगठनात्मक मजबूती , राष्ट्रवाद , सेवा भाव और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया । शिविर में जिलेभर से पहुंचे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संगठन की रीति-नीति , बूथ प्रबंधन , सोशल मीडिया , जनसंपर्क और सरकार की उपलब्धियों से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कुल 11 सत्र आयोजित किए जा रहे हैं , जिनमें आठ सत्र शनिवार और तीन सत्र रविवार को होंगे। शिक्षक वर्ग में 151 शिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। अलग-अलग विषयों पर वरिष्ठ नेताओं और प्रशिक्षकों ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने बदलते राजनीतिक और सामाजिक परिवेश में सोशल मीडिया की भूमिका , प्रभावी संवाद और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कार्यकर्ताओं से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र मिश्रा , विधायक हरि प्रकाश वर्मा , वर्ग प्रभारी/ निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह , जिला महामंत्री अरुण यादव चैनू , जिला प्रशिक्षण वर्ग संयोजक/महामंत्री सौरभ सोमवंशी , जिला उपाध्यक्ष विजय मोहन मिश्रा , पवन सिंह , रोहित सिंह , ब्लाक प्रमुख खुटार नमित दीक्षित , ब्लॉक प्रमुख निगोही भानु प्रताप सिंह , जिलामंत्री भाजपा जीवेंद्र गुप्ता , जिला पदाधिकारी गण, जिला कार्यसमिति सदस्य, ब्लाक प्रमुख गण, मण्डल अध्यक्ष गण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दलित मजदूर की नाबालिग बेटी को घर से उठा ले गए दबंग

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहाँपुर।** दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 21 मई की दोपहर करीब ढाई बजे वह अपने परिवार के साथ बेटी के लिए रिश्ता देखने गयी थी। दो नाबालिग बेटियां घर पर थी । आरोप है कि गांव बुढानपुर निवासी विशाल पुत्र राजपाल व एहसान उर्फ भूरे पुत्र अब्बू खां मोटर साइकिल से आये तथा उसकी नाबालिग 14 वर्षीय बेटी को जबरदस्ती उठा ले गये । चीख सुन सो रही दूसरी बेटी उठ गई और उसने शोर मचाया तब तक उक्त दोनो मोटर साइकिल पर बेटी को लेकर गांव से निकल गये । जिसे ले जाते गांव के बहुत से लोगो ने देखा । वह शाम को वापस घर आयी छोटी बेटी पूरी घटना बताई । आरोप है कि उसने विशाल व ऐहसान के घर बुढानपुर जाकर जब शिकायत की तब वह लोग झगडा करने लगे। आरोपी उसकी बेटी को अपने घर में रखे हुए है। कोतवाल प्रिंस शर्मा बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है । लड़की व आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।


### ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर आरोपियों ने शिकायतकर्ताओं के 115 हरे भरे आम और यूकेलिप्टस के पेड़ काट डाले



**मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर निवासी लालू व रामजीत पुत्रगण कन्हैयालाल की शिकायत पर ग्राम समाज की नवीन परती जमीन को राजस्वकर्मियों ने गांव के दबंगों के अवैध कब्जे से मुक्त करवा दिया। इसी रंजिश में दबंग अवैध कब्जेदारों ने शिकायतकर्ता के निजी खेत में लगे हरे भरे 110 पेड़ यूकेलिप्टस और पांच पेड़ आम के काटकर डाल दिए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पैलानी उत्तर निवासी लालू व रामजीत पुत्रगण कन्हैयालाल ने थानाध्यक्ष मिर्ज़ापुर को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसने बीती 18 मई को उपजिलाधिकारी कलान को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि उसके गांव की गाटा संख्या 247 रकबा 0*220 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज की नवीन परती के रूप में दर्ज है। जिस पर गांव के ही महेश पुत्र रामेश्वर ने अवैध कब्जा करके पक्का मकान बना लिया है। यही नहीं उसके रास्ते पर भी कब्जा करने की नियति से नींव खुदाई शुरू कर दी। जिसकी शिकायत बीती 18 मई को उपजिलाधिकारी कलान से की गई थी। शिकायतकर्ताओं की शिकायत को उपजिलाधिकारी कलान ने गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष मिर्ज़ापुर,राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को आदेशित कर आज 23 मई को उक्त ग्राम समाज की जमीन को अवैध कब्जाधारक के कब्जे से मुक्त करवा दिया गया। आरोप है कि इसी रंजिश में पुलिस और राजस्वकर्मियों के हटते ही आरोपी रामेश्वर ने अपने पुत्रों दुर्वेश,राकेश,महेश,राजीव के साथ शिकायतकर्ता रामजीत व लालू पुत्रगण कन्हैयालाल के निजी खेत में छेह माह पूर्व लगाए गए हरे भरे 110 पेड़ यूकेलिप्टस और पांच पेड़ आम के काटकर डाल दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खुटार पुलिस ने भी पकड़ी अफीम

**दो किलो अफीम सहित दो आरोपी गिरफ्तार**



**खुटार, शाहजहांपुर।** शनिवार को खुटार पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर बताया है कि सर्विलांस टीम की मदद से दो किलो अफीम के साथ दो आरोपी कृष्ण कुमार गुप्ता पुत्र राममूर्ति तथा वीकेश गुप्ता पुत्र रामप्रकाश गुप्ता निवासी ग्राम जलालाबाद शाहजहांपुर को पकड़ा गया है जिनकी तलाशी में कार के अंदर से अफीम सहित दो लाख पांच हजार रुपए भी बरामद हुए हैं आरोपियों की गिरिफ्तारी लक्ष्मीपुर मोड़ के पास से शुक्रवार देर रात को की गई है। आरोपियों को मुक़दमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इससे एक दिन पूर्व शुक्रवार को खुटार थाना के सीमावर्ती थाना बंडा में भी एक आरोपी नरेंद्र पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम भिलई गांव खेड़ा थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत को पांच सौ पच्चीस ग्राम अफीम सहित बंडा पुलिस द्वारा पकड़ा गया था। मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की ताबड़ तोड़ कार्यवाही पुलिस की सजगता जाहिर कर रही है।

# खेतों में लगे ब्लेड तार से युवक की गर्दन कटी, मौत

- पत्नी को मायके के लिए सवारी पर बैठाकर लौटते समय हुआ हादसा
- पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने पीड़ित परिवार में पहुंच दी सांत्वना



समृद्धि न्यूज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** पत्नी को मायके जाने के लिए सवारी पर बैठाकर लौट रहे युवक कि बाइक अनियंत्रित होकर खेतों में लगी ब्लेड तार कि बाड़ में उलझ कर गर्दन कट जाने से दर्दनाक मौत हो गई । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया। वहीं पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चैकी बिरसिंगपुर के गांव बरहा मोहब्बतपुर निवासी सूरजपाल पुत्र राजपाल 19 शुक्रवार शाम करीब पांच बजे अपनी पत्नी को मायके जाने के लिए बाइक से विरसिंगपुर जाकर सवारी पर बैठाकर बापस लौटने के दौरान गांव विट्ठलपुर प्रहलादपुर के पास सड़क किनारे खेतों में लगाए गए ब्लेड तार में उसकी अनियंत्रित बाइक जा घुसी । और तार से उसकी गर्दन कट जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक सूरजपाल की शादी करीब एक साल पहले जैतीपुर क्षेत्र के गांव आलमपुर नदैया निवासी जामुनी देवी के साथ हुई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद सूरजपाल गर्दन कटने से काफी देर तक छटपटाता रहा। समय पर उसे त्वरित कोई मदद न मिलने से उसने तड़फते हुए दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ लग गई । युवक की मौत की खबर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। और परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बिरसिंग पुर चैकी प्रभारी प्रदीप राजोरिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों के किनारे लगाए गए खतरनाक तार लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। बाबजूद इसके प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं है। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

### पांच दिवसीय निःशुल्क शिविर कल से

**शाहजहांपुर।** योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों की सामान्य स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को दूर करने के लिये विशेष योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के जिला प्रधान डा. अवधेश मणि त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं उप प्रधान जीसी मिश्रा के संयोजन में होने वाला पांच दिवसीय निःशुल्क शिविर 25 से 29 मई तक प्रतिदिन 5.30 से 6.45 बजे तक खिरनीबाग स्थित बिस्मिल उद्यान में आयोजित किया जाएगा। जिला मंत्री कवि डा. इन्दु अजनबी ने वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध किया।

## युवक ने कमरे में फंदा लगाकर दी जान, कोहराम

- अज्ञात कारणों के चलते उठाया आत्मघाती कदम

समृद्धि न्यूज़



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** क्षेत्र की रेणुका धाम कॉलोनी में शुक्रवार रात एक 20 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में लगे पंखे से बेडशीट का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिजन छत पर सो रहे थे। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। ग्राम सराय साधौ क्षेत्र में स्थित रेणुका धाम कॉलोनी निवासी राम अवतार शर्मा का 20 वर्षीय पुत्र आशीष शर्मा शुक्रवार रात घर के नीचे बने बैठक (कमरे) में गया था। उस समय परिवार के अन्य सदस्य रोजाना की तरह छत पर सोने चले गए थे। इसी बीच आशीष ने कमरे में लगे छत के पंखे से बेडशीट का फंदा बनाया और उस पर झूल गया। कुछ देर बाद जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक के भाई आदेश शर्मा ने रात करीब 10:30 बजे पीआरवी 7682 के माध्यम से पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस के पहुँचने से पहले ही बदहवास परिजनों ने शव को फंदे से नीचे उतार लिया था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। परिजनों ने बताया कि आशीष अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था।

## महिला ने लगाया चोरी का आरोप, कार्रवाई न होने पर धरने की चेतावनी



समृद्धि न्यूज़

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र के ग्राम गोहिनिया निवासी एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर नकदी और जेवरात चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि वह इस मामले में तीन बार शिकायत कर चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन को 48 घंटे का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में न्याय नहीं मिला तो वह धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी।

जानकारी के अनुसार ग्राम गोहिनिया निवासी कीर्ति गुप्ता पत्नी स्वर्गीय मोहित गुप्ता ने दिनांक 16 मई को थाना खुदागंज में दी गई तहरीर में बताया कि 15 मई 2026 को वह अपने खेत वाले मकान पर गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव की रहने वाली अनुपम मिश्रा पुत्री रामशंकर मिश्रा, नितिन मिश्रा पुत्र रामशंकर मिश्रा और अंशिका मिश्रा पुत्री प्रमोद मिश्रा ने उनके घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के मुताबिक आरोपियों ने तकिए के नीचे रखी सेफ की चाबी निकालकर सेफ खोल ली और उसमें रखे करीब 50 हजार रुपये नकद, तीन सोने की अंगूठियां, दो सोने की चेन, तीन जोड़ी चांदी की पायल और सोने के अन्य जेवर चोरी कर लिए। आरोप है कि चोरी के बाद आरोपी पीछे के रास्ते से फरार हो गए।

महिला ने बताया कि घर लौटने पर सामान बिखरा पड़ा था और सेफ व अलमारी खुली हुई मिली।

घटना की जानकारी पड़ोस में रहने वाली उसकी बड़ी बहू संगीता ने फोन पर दी थी। पीड़िता का आरोप है कि वह अब तक तीन बार पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत कर चुकी है, लेकिन पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज होकर उसने प्रशासन को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। महिला का कहना है कि यदि तय समय के भीतर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह धरना प्रदर्शन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य के अनुसार यह घटना उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच गई है आरोपियों के खिलाफ करवाई की प्रक्रिया चल रही है।

# सीएमडैशबोर्ड रैंकिंग में शाहजहांपुर जनपद प्रदेश में 7 स्थान पर

- विकास कार्य, राजस्व वसूली एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज




**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारीमंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास कार्य, राजस्व वसूली एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन बिंदुवार प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि सीएमडैशबोर्ड रैंकिंग में शाहजहांपुर जनपद प्रदेश में 7 स्थान पर है, जो जनपद के बेहतर प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों का परिणाम है। मंत्री ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए डीएम से कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्युत आपूर्ति, लाइन लॉस, खराब ट्रांसफार्मर बदलने की कर्वाई समय से कराई जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति समय से दी जाए और अधिक विद्युत बिलों की समस्या में सुधार किया जाए। मंत्री ने रसायन डीबीटी के जागरूकता के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए और कहा कि किसानों को फसलों में कम से कम रासायनिक दावों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जनपद में दुग्ध एवं अंडा उत्पादन में बढ़ोतरी की जाए जिससे जनपद की अर्थव्यवस्था में सुधार हो। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत गांव में हर घर जल योजना के पूर्ण हुए कार्यों की सूची जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत मछली पालने के लिए खाली तालाबों के पट्टे किए जाएं। माननीय मंत्री जी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण समय से पूरे कराए जाए। मंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद में गेहूं खरीद एवं उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी ली। किसानों को खाद्य समय से मिले। बैठक में पंडित दीनदयाल सोलर लाइट योजना, दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, एकीकृत बागवानी योजना, खराब ट्रांसफार्मर शिकायत निस्तारण, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दैनिक विद्युत आपूर्ति, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना तथा पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, सड़क निर्माण, सेतु निर्माण, 102 एवं 108 एंबुलेंस सेवाएं, टेली रेडियोलॉजी सेवाएं तथा दुग्ध मूल्य भुगतान, वृद्धावस्था निराश्रित महिला एवं दिव्यांगजन पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की बिंदवार प्रगति समीक्षा की गई। मंत्री ने कानून व्यवस्था के समीक्षा करते हुए जानकारी ली। एसपी सौरभ द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश में जनपद की कानून व्यवस्था 11वीं रैंक है। उन्होंने विशेष अपराध, प्रमुख अपराध, महिलाअपराध, गैंगस्टर, साइबर क्राइम, पाक्सौ एक्ट, एनडीपीएस, चार सीट, लंबित विवेचनाएं एवं अपराध नियंत्रण आदि के संबंध में विस्तार से बताया। मंत्री ने निर्देश दिए कि जनपद की कानून व्यवस्था अच्छी रहे। खुराफातियों एवं अपराधियों पर कड़ी कार्वाईकी जाए। अधिकारियों को निर्देश कि शासन की मंशा के अनुरूप पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को लगन व निष्ठा से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा की प्रगति में सुधार हुआ है, निरंतर प्रयासरत रहें। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अंत में प्रभारी मंत्री का आभार व्यक्त किया। महापौर अर्चना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, महापौर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा, पीडी डीआरडीए अवधेशराम, डीडीओ ऋषिपाल सिंह सहित उन संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जटपुरा में तहसीलदार के संरक्षण में खनन? खनन करने वालों को शिकायत की सूचना कर दी लीक

**समृद्धि न्यूज, पूरनपुर, पीलीभीत।** मुख्यमंत्री के अवैध रूप से खनन पर रोक लगाए जाने के आदेश को पूरनपुर तहसीलदार पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। जटपुरा में अवैधरूप से खनन की शिकायत तहसीलदार से की गई, शिकायत पर तहसीलदार ने नायब तहसीलदार को मौके पर भेजने का शिकायतकर्ता को अश्वासन दिया। मौके पर नायाब तहसीलदार पहुंचे नहीं, लेकिन खनन करने वाले आपने ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके से फरार हो गए। इतना ही नहीं शिकायतकर्ता की पहचान भी खनन करने वालों के पास पहुंच गई, जिससे खनन करने वालों ने शिकायतकर्ता को घेरने का प्रयास किया। मामले को जिला अधिकारी को फोन कर शिकायत संज्ञान में लाया गया। शिकायत के बाद पूरनपुर उप अधिकारी ने शिकायतकर्ता को फोन कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। अब सवाल है कि जब तहसीलदार से खनन की शिकायत की गई तो शिकायत की जानकारी खनन करने वालों को कैसे लगी। जो सूचना मिलते ही मौके से ट्रैक्टर ट्रॉली और जेसीबी लेकर फरार हो गए। इससे कहीं न कहीं पूरनपुर तहसीलदार और खनन करने करने वालों के बीच गठजोड़ साबित होता है। इसीलिए तहसील क्षेत्र में खनन करने वालों के हौसले बुलंद है। जानकारी के मुताबिक पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव जटपुरा के पास शनिवार को खेत में बड़े पैमाने पर खनन हो रहा था, शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने खनन होते देख मामले की फोन कर जानकारी पूरनपुर तहसीलदार को दी। जिस पर तहसीलदार ने फोन पर शिकायतकर्ता को नायब तहसीलदार को मौके पर भेजने की बात कही। इसी बीच खनन करने वाले अपने अपने ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी मशीन लेकर मौके से भाग निकले। अब सवाल है कि खनन की शिकायत तहसीलदार से की गई तो इसकी जानकारी इतनी जल्दी खनन करने वालों को कैसे लग गई। खनन करने वालों को शिकायतकर्ता की पूरी जानकारी भी लग गई। जिस पर खनन करने वाले शिकायत कर्ता की घेराबंदी करने में लग गए। शिकायतकर्ता की बाइक रोकने की कोशिश की गई।

## अकबरी इलेवन ने अकबरी टाइगर को 50 रन से हराया, इमरान बने मैच के हीरो

समृद्धि न्यूज़



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र के अकबरी ग्राम में आयोजित अकबरी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शनिवार को अकबरी इलेवन और अकबरी टाइगर के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में अकबरी इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अकबरी टाइगर को 50 रन से पराजित कर जीत अपने नाम की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अकबरी इलेवन की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 148 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से इमरान ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 95 रन की शानदार पारी खेली, जिसकी बदौलत टीम बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकबरी टाइगर की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। टीम के बल्लेबाज संघर्ष करते रहे, लेकिन अकबरी इलेवन के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सके। पूरी टीम निर्धारित ओवरों में मात्र 98 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए इमरान को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेने पहुंचे।

## अवैध खनन और ओवरलोड डंपरों को लेकर किसान यूनियन नाराज

**समृद्धि न्यूज़, सिंधौली, शाहजहांपुर।**



अवैध खनन और ओवरलोड डंपरों की आवाजाही को लेकर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश्वर दयाल कठेरिया ने बताया कि सिधौली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन किया जा रहा है, जिससे तालाबों और गड्ढों को पाटने का काम हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खनन माफिया भट्ठों की आड़ में मिट्टी निकालकर हथौड़ा चौराहे के पास विभिन्न स्थानों पर डलवा रहे हैं और भविष्य में वहां प्लाटिंग किए जाने की आशंका है।

उन्होंने बताया कि ग्राम महाऊ महेश क्षेत्र से लगातार जेसीबी और डंपरों के माध्यम से मिट्टी निकाली जा रही है। इस संबंध में समाधान दिवस में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद मौके पर जांच टीम भेजी गई। जांच में मामला सही पाए जाने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके बावजूद खनन कार्य पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई। भाकियू नेता ने कहा कि रिंग रोड पर दिन-रात ओवरलोड डंपरों की आवाजाही से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। डंपरों से सड़क पर मिट्टी गिरने के कारण पूरे क्षेत्र में धूल का गुबार बना रहता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन स्तर पर जेसीबी और डंपरों से अवैध खनन रोकने के निर्देश होने के बावजूद अधिकारी नियमों की आड़ में कार्रवाई से बच रहे हैं। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि समाधान दिवस में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी, केवल मौखिक रूप से जानकारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि मौके पर टीम भेजकर जांच कराई गई थी। जांच में संबंधित लोगों के पास आवश्यक कागजात और रॉयल्टी जमा होने के प्रमाण मिले हैं। उनके अनुसार मिट्टी का खनन नियमानुसार किया जा रहा है।

## बिलसिया बारियर्स ने अंसारी इलेवन महमदपुर सैजनिया को 6 विकेट से हराया



**पुवायां, शाहजहांपुर।** गंगसरा में चल रहे गंगसरा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में बिलसिया बारियर्स ने अंसारी इलेवन महमदपुर सैजनिया को 6 विकेट से हराया। अंसारी 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 114 रन का लक्ष्य दिया। बिल्सिया वॉरियर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाज हर्ष के उम्दा प्रदर्शन 69 रन 6 चौके छह छक्के की मदद से 12 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। विजेता टीम के कप्तान बिमलेश यादव और मैच की अंपायरिंग सचिन और बिक्की ने की। विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरब सिंह यादव, ओमपाल यादव एडवोकेट, डॉ देवेश पांडे, जितेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, सुखदेव सिंह बिक्की ने प्रदान की।

क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन अनमोल कश्यप, अनुकूल मिश्रा ने सभी टीमों विजेता व उपविजेता टीम व सहयोगियों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

## मां-बाप का हक

संवेदनाओं के क्षरण व आत्मकेंद्रित होती नई पीढ़ी के दौर में मां-बाप की बेकद्री विचलित करने वाली है। यह विडंबना ही है कि उन मां-बाप की देखभाल करने का निर्देश अदालत को देना पड़ रहा है, जिनका ऋण वे कभी चुका ही नहीं सकते। मां के रक्त से सींचे गए और पिता की पसीने से पले-बढ़े बेटे से यदि अदालत को कहना पड़े कि 'मां को घर में रहने के लिये एक कमरा, अलग बाथरूम और बुनियादी सुविधाएं दी जाएं', तो यह बात शर्मसार करने वाला है। जिस मां ने नौ माह तक बेटे को अपने पेट में पाला, उसे घर में रहने देने के लिये अदालत को निर्देश देना पड़े, इससे बड़ा कृतघ्नता का दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता। भले ही यह कोर्ट का आदेश हो, लेकिन यह एक अलिखित नैतिक दायित्व पहले से ही है। निश्चय ही यह घटनाक्रम हमारे समाज की बेहद कष्टदायक होती तसवीर को ही उकेरता है। सामान्य तौर पर मां-बाप अपना पेट काटकर, अपने सुख-सुविधाओं पर समझौता कर, बच्चों को बेहतर से बेहतर देने का प्रयास करते हैं। एक मां-बाप ही होते हैं जो सच्चे मन से अपने बच्चों की तरक्की चाहते हैं। निस्संदेह, ऐसी पढ़ी-लिखी संतानों से अनपढ़ संतानें बेहतर हैं, जो कम से कम अपने वृद्ध माता-पिता के पास रहकर उनका ख्याल तो रखती हैं। यह सवाल परेशान करने वाला है कि जिस समाज में 'मातृ देवो भव' की सर्वस्वीकार्य मान्यता रही हो, वहां ये कैसी कलयुगी संतानें जन्म ले रही हैं? मां-बाप की बेकद्री की यह अकेली कहानी नहीं है, हर रोज अखबारों में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें धन-संपत्ति के लिये मां-बाप से क्रूरता की जा रही होती है। निस्संदेह, यदि उनकी अवहेलना व उत्पीड़न का यह क्रम यूं ही चलता रहा तो बहुत संभव है भारत में भी पश्चिमी देशों जैस चलन शुरू हो जाएगा, जहां मां-बाप बच्चों को होश संभालने के बाद ही उन्हें पैरों पर खड़ा होने के लिये चलता कर देते हैं। दरअसल, पश्चिमी देशों में मां-बाप मानकर चलते हैं कि बड़े होकर बच्चों ने उनकी देखभाल नहीं करनी, अतरू इनसे पहले ही किनारा कर लो। आधुनिकता व तरक्की की लाख इबारतें लिख ली जाएं, भारतीय समाज कभी पश्चिमी समाज की तर्ज पर नहीं चल सकता। भारत श्रवण कुमार का देश है और आज भी अधिसंख्य संतानें अपने मातृ-पितृ ऋण उतारती हैं। उनका ख्याल रखती हैं। विकृतियां महानगरीय संस्कृति की भी देन हैं। बच्चों की भी अपनी दुश्वारियां हैं। फिर भी भारतीय संस्कृति में वो शक्ति है जो पारिवारिक मूल्यों को सींचती है। बहरहाल, माता-पिता की सेवा-सम्मान व बुढ़ापे में उनकी देखभाल करना महज एक सांस्कृतिक दिखावा नहीं है बल्कि संतानों का नैतिक-कानूनी दायित्व भी है। हाल ही में कोर्ट ने जिस घर में बेटे को वृद्ध मां को एक कमरा आदि देने को कहा, वह मकान वृद्धा के दिवंगत पति द्वारा ही बनाया गया था। जिसमें अपना हक पाने हेतु उसे न्यायिक हस्तक्षेप का सहारा लेना पड़ा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि किसी वृद्ध मां को आश्रय और आत्म स्वाभिमान हेतु बच्चों के खिलाफ कोर्ट-कचहरी करनी पड़े। निःसंदेह, यह उस भारतीय संयुक्त परिवार परंपरा का पराभव ही है जिसकी मिसाल पश्चिमी भोगवादी संस्कृति के अगुवा दिया करते थे। यहां न्यायालय के संवेदनशील व न्यायपूर्ण निर्णय की मुक्त कंठ से सराहना करनी होगी, जिसमें कोर्ट ने निर्णय के खिलाफ दी गई पुत्र की याचिका को खारिज कर जुर्माना लगाया। यह कष्टकारी ही है कि देशभर की अदालतें परित्यक्त-प्रताड़ित माता-पिता से जुड़े विवादों का सामना कर रही हैं। न्यायाधिकरणों और उच्च न्यायालयों ने दुर्व्यवहार करने वाले बच्चों को बेदखल करने तक के आदेश दिए हैं। अदालतों द्वारा माता-पिता द्वारा अर्जित संपत्ति पर उनके अधिकारों को बरकरार रखने ने वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 को सुदृढ़ ही किया है। न्यायपालिका ने संपत्ति के अधिकार के साथ ही कल्याण संबंधी चिंताओं को भी सावधानीपूर्वक संतुलित किया है। न्यायालय ने यह भी सुनिश्चित किया है कि पारिवारिक झगड़ों में कानून का दुरुपयोग न हो। लेकिन फिर भी संकट का समाधान सिर्फ कानून से संभव नहीं है। हाईकोर्ट का फैसला संदेश देता है कि विरासत पर बातचीत हो सकती है, लेकिन मानवता पर नहीं।

# प्रदेश की 51 नई आर्द्रभूमियों को संरक्षण हेतु मिली कानूनी सुरक्षा

रवि यादव

उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य की आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं प्रबंधन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा आर्द्रभूमियों को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में हुई प्राधिकरण की बैठक में राज्य की 51 महत्वपूर्ण आर्द्रभूमियों को आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 के अंतर्गत अधिसूचित किए जाने पर सहमति प्रदान की गई। प्रदेश सरकार की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि जल सुरक्षा, जैव विविधता संरक्षण और पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा तटीय क्षेत्रों में स्थित आर्द्रभूमियों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के 14 गंगा जनपदों - अलीगढ़, बदायूँ, कासगंज, प्रयागराज, कानपुर नगर, चंदौली, फर्रूखाबाद, उन्नाव, भदोही, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, बलिया, बिजनौर तथा अमरोहा में फैली लगभग 750 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली 23 आर्द्रभूमियों को अधिसूचित करते हुए संस्तुति प्रदान की गई है। इन आर्द्रभूमियों को कानूनी संरक्षण मिलने से इनके अतिक्रमण, प्रदूषण तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। साथ ही इनके वैज्ञानिक संरक्षण एवं विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

इसी प्रकार तकनीकी समिति द्वारा संस्तुत महराजगंज, बलरामपुर, अयोध्या, संतकबीरनगर तथा सिद्धार्थनगर जनपदों में स्थित कुल 28 आर्द्रभूमियों को भी अधिसूचित किया गया है। ये आर्द्रभूमियाँ लगभग 1130.653 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई हैं। तराई क्षेत्र की ये आर्द्रभूमियाँ जैव विविधता के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। यहाँ बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी एवं दुर्लभ जलीय जीव पाए जाते हैं। इनके संरक्षण से पर्यावरणीय संतुलन को मजबूती मिलेगी।

वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों का मानना है कि ये आर्द्रभूमियाँ प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। ये भूजल स्तर को बनाए रखने, बाढ़ नियंत्रण, जल शोधन तथा जलवायु संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके साथ ही अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों का जीवन भी इन्हीं पर निर्भर करता है। वर्तमान समय में शहरीकरण, अतिक्रमण और प्रदूषण के कारण आर्द्रभूमियाँ तेजी से प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा इनके संरक्षण हेतु की जा रही पहल पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत सराहनीय है। प्रदेश सरकार द्वारा आर्द्रभूमि संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।



प्रदेश के 09 जनपदों की 50 आर्द्रभूमियों में से 20 को प्रारंभिक स्तर पर अधिसूचित किया जा चुका है, जबकि शेष 30 आर्द्रभूमियों की प्रारंभिक अधिसूचना की प्रक्रिया जारी है। सरकार द्वारा आर्द्रभूमियों के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक प्रबंधन, जनजागरूकता और स्थानीय समुदायों की सहभागिता पर भी विशेष बल दिया जा रहा है।

मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर निरंतर सक्रिय है। नमामि गंगे अभियान, व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम, जल संरक्षण अभियान और आर्द्रभूमि संरक्षण जैसी योजनाएँ राज्य को पर्यावरणीय रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य विकास के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित करना है। आर्द्रभूमियों के संरक्षण की यह पहल इसी सोच को साकार करती है। आर्द्रभूमियों का संरक्षण भविष्य की जल और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे न केवल जैव विविधता सुरक्षित होगी बल्कि भूजल संरक्षण और जलवायु संतुलन को भी मजबूती मिलेगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम राज्य में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जो आने वाले समय में सतत् विकास को मजबूती देगा।

सूचना अधिकारी

### मानव-वन्यजीव संघर्ष : सहअस्तित्व की नई राह पर बढ़ता उत्तर प्रदेश



उत्तर प्रदेश सरकार ने तेजी से बदलते पर्यावरणीय और सामाजिक परिदृश्य के बीच मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसी गंभीर चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने की दिशा में ठोस कदम उठाये है। जंगलों के सीमित होते दायरे, बढ़ती आबादी और विकास परियोजनाओं के विस्तार के कारण वन्यजीवों और मानव बस्तियों के बीच संपर्क बढ़ा है। इसका परिणाम कई क्षेत्रों में संघर्ष के रूप में सामने आया है। ऐसे समय में प्रदेश सरकार अब इस चुनौती को केवल वन विभाग का विषय न मानकर सामाजिक, वैज्ञानिक और सामुदायिक दृष्टिकोण से देखने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

प्रदेश सरकार की नीति है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष का समाधान वन्यजीवों के उन्मूलन में नहीं, बल्कि मानव और वन्यजीवों के बीच संतुलित सहअस्तित्व स्थापित करने में है। यही कारण है कि अब संरक्षण के साथ-साथ जनसुरक्षा और सामुदायिक सहभागिता को समान महत्व दिया जा रहा है। सरकार की प्राथमिकता ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करना है, जिनसे वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास सुरक्षित रहे और ग्रामीण तथा वन क्षेत्र से जुड़े लोगों का जीवन भी प्रभावित न हो। प्रदेश में अब मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। वन्यजीवों की गतिविधियों की निगरानी के लिए हॉटस्पॉट मैपिंग, ड्रोन सर्विलांस, त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र और प्रशिक्षित रेस्क्यू टीमों जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इसके साथ ही वन्यजीव प्रबंधन में प्रशिक्षित पशु चिकित्सकों और तकनीकी विशेषज्ञों की भूमिका को भी मजबूत बनाया जा रहा है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने में सामुदायिक जागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है। इसी सोच के तहत अब गांवों और वन क्षेत्र से सटे इलाकों में लोगों को जागरूक करने, स्कूल आधारित अभियानों को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों को संरक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। बाघ मित्र, गज मित्र और ग्राम स्तरीय स्वयंसेवी सुरक्षा तंत्र जैसे मॉडल इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल माने जा रहे हैं। इन प्रयासों से स्थानीय लोगों में वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी और संघर्ष की घटनाओं में कमी आएगी।

उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से दुधवा, कतर्नियाघाट और तराई क्षेत्र में हाथियों तथा अन्य वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए निगरानी प्रणाली को और मजबूत करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। विशेषज्ञों ने डीएनए आधारित पहचान प्रणाली, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉनिटरिंग और डेटा विश्लेषण तकनीकों को भविष्य की जरूरत बताया है। इन तकनीकों की मदद से वन्यजीवों की गतिविधियों का सटीक आकलन किया जा सकेगा और समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकेंगे।

वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थानों और विशेषज्ञों का भी मानना है कि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए स्थानीय समुदायों, स्वयंसेवी संस्थाओं और प्रशासन के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है। सामुदायिक सहभागिता आधारित रेस्क्यू और पुनर्वास मॉडल भविष्य में संघर्ष प्रबंधन का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकते हैं। यही कारण है कि प्रदेश में अब स्थानीय लोगों को वन्यजीव संरक्षण अभियानों का सक्रिय भागीदार बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार विभागीय कर्मचारियों के क्षमता विकास पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। आधुनिक तकनीकों, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और वन्यजीव प्रबंधन के प्रशिक्षण के माध्यम से वन विभाग को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इससे वन्यजीवों से जुड़ी घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण संभव होगा और जनहानि तथा वन्यजीव क्षति दोनों को कम किया जा सकेगा। आज जब विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना दुनिया की सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल है, तब उत्तर प्रदेश की यह सोच एक सकारात्मक संकेत देती है। राज्य सरकार की नीति है कि मानव और वन्यजीव दोनों प्रकृति के अभिन्न अंग हैं और दोनों के हितों की रक्षा के बिना पर्यावरणीय संतुलन संभव नहीं है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर प्रदेश में जिस प्रकार वैज्ञानिक सोच, तकनीकी नवाचार और जनसहभागिता आधारित रणनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है, वह आने वाले समय में उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल कर सकता है। यह पहल केवल वन्यजीव संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा, ग्रामीण सुरक्षा और सतत् विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

विचार

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ने बदली तकदीर

उत्तर प्रदेश इन दिनों बदलाव की एक नई और प्रेरक कहानी लिख रहा है। राज्य के दूर-दराज के गांवों और कस्बों से निकलकर युवा अब केवल बड़े शहरों की ओर भागने, कड़े संघर्षों के बीच जीवन बिताने या सरकारी और प्राइवेट नौकरियों के लिए लंबी लाइनों में खड़े होने की पुरानी सोच को पीछे छोड़ रहे हैं। वे अपने ही गांव-घर में रहकर, स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके अपने सपनों को सच कर रहे हैं। वे खुद के साथ-साथ दूसरों के लिए भी रोजगार के रास्ते खोल रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वरोजगार की योजनाओं ने युवाओं के मन में वह भरोसा और संबल पैदा किया है, जिसकी बदौलत वे आज अपने पैरों पर खड़े होकर समाज में एक नई मिसाल पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक बेहतरीन और असरदार उदाहरण लखीमपुर खीरी जिले के पहाड़ापुर गांव में देखने को मिलता है, जहां के एक साधारण ग्रामीण परिवार के मेहनती युवक अनिकेत वर्मा ने अपनी मजबूत इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत और सरकारी मदद के बल पर एक सफल कारोबारी बनने का गौरव हासिल किया है। यह कहानी सिर्फ एक व्यक्ति के अमीर होने या उसकी तरक्की की नहीं है, बल्कि यह उस नई सोच का प्रमाण है जो नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने वाला और मालिक बनने में विश्वास रखती है।

लखीमपुर खीरी का यह छोटा सा गांव पहाड़ापुर भी देश के दूसरे आम गांवों जैसा ही था, जहां युवाओं की आंखों में बड़े-बड़े सपने तो होते थे, लेकिन कम साधनों, सही सलाह की कमी और पैसों की तंगी के कारण वे सपने समय से पहले ही टूट जाते थे। अनिकेत भी इसी माहौल में पले-बढ़े और उन्होंने भी शुरुआत में दूसरे युवाओं की तरह एक सुरक्षित भविष्य के लिए नौकरी पाने की सोची थी। उन्होंने कुछ समय तक नौकरी की तलाश भी की, लेकिन समय बीतने के साथ उन्हें यह अच्छी तरह समझ आ गया कि नौकरी में सीमित आय होती है और अपनी मर्जी से काम करने की आजादी नहीं मिल पाती। उनके मन में कुछ नया और अपना काम करने की गहरी इच्छा थी, जो न केवल उन्हें समाज में एक नई पहचान दिलाए, बल्कि उनके अपने क्षेत्र के लोगों के लिए भी कमाई का जरिया बन सके। ग्रामीण युवाओं की इसी इच्छा को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एक बड़ा सहारा बनकर आई। यह योजना सिर्फ लोन देने का जरिया नहीं है, बल्कि यह उन प्रतिभावान और मेहनती युवाओं के लिए आगे बढ़ने का रास्ता है जो पैसों की कमी के कारण रुक जाते हैं और अपने अच्छे आइडिया को जमीन पर नहीं उतार पाते हैं।

अनिकेत ने इस योजना को अच्छे से समझा, इसके नियमों की जानकारी ली और आगे बढ़ने का पक्का फैसला किया। उन्होंने जिला प्रशासन के अंतर्गत आने वाले जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र से संपर्क किया, जहां उन्हें सही रास्ता दिखाया गया। कागजी और प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, दिसंबर 2025 में उनके बिजनेस के लिए पच्चीस लाख रुपये का लोन पास हो गया। यह उनके जीवन का वह मोड़ था जहां उनका सपना हकीकत में बदल गया। बहुत से लोग मौका मिलने पर भी जोखिम उठाने से डर जाते हैं, लेकिन अनिकेत ने उस डर को पीछे छोड़ा और साहसिक कदम बढ़ाया। उन्होंने इस मिली हुई रकम को किसी फालतू काम में खर्च करने के बजाय पूरी तरह से अपने बिजनेस को बढ़ाने में लगाने का समझदारी भरा फैसला लिया।

यही दूरदर्शी सोच एक आम युवा को एक सफल कारोबारी के रूप में स्थापित करती है।

इस बड़ी सरकारी मदद ने अनिकेत के हौसलों को नई उड़ान दी और उन्होंने इस पैसे से वाशिंग पाउडर बनाने की एक आधुनिक फैक्ट्री शुरू की। उन्होंने अपने छोटे स्तर के काम को बड़ा रूप देते हुए अपनी यूनिट में छह ऑटोमैटिक मशीनें लगाईं। गांव के शांत माहौल में इन मशीनों की आवाज आज सिर्फ उत्पादन की आवाज नहीं है, बल्कि यह उस पूरे इलाके में आत्मनिर्भरता की एक बुलंद घोषणा है। बाजार की मांग को समझते हुए अनिकेत ने अपने वाशिंग पाउडर को आधा किलो, एक किलो और तीन किलो की आकर्षक पैकिंग में बाजार में उतारा, ताकि हर वर्ग और हर तरह के ग्राहकों तक उनकी पहुंच आसान हो सके। वे अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं करना चाहते थे, इसलिए उन्होंने सीधे कानपुर से अच्छा कच्चा माल मंगाना शुरू किया। इस समझदारी का नतीजा यह हुआ कि उनके वाशिंग पाउडर ने बहुत कम समय में स्थानीय बाजार में अपनी एक मजबूत और भरोसेमंद पहचान बना ली। जब कोई ग्राहक सामान की क्वालिटी से खुश होकर दोबारा उसी की मांग करता है, तो वही किसी भी नए बिजनेस की पहली और सबसे बड़ी जीत होती है।


आज यह बिजनेस न केवल अनिकेत को लागत, ट्रांसपोर्ट, मजदूरी और पैकेजिंग के सारे खर्च निकालकर पचास से साठ हजार रुपये की एक बेहद अच्छी और बंधी हुई शुद्ध मासिक आमदनी दे रहा है, बल्कि इससे भी बड़ी बात यह है कि उन्होंने अपने ही गांव के सात दूसरे बेरोजगार युवाओं को अपने यहां काम देकर उनके परिवारों के पालन-पोषण का जिम्मा भी उठाया है। गांव के जिन युवाओं को कभी काम की तलाश में अपने बूढ़े माता-पिता को छोड़कर दूर शहरों में जाना पड़ता था, आज वे अपने घर पर रहकर ही सम्मान के साथ कमा रहे हैं। जब किसी एक युवा की सफलता समाज के कई अन्य घरों के चूल्हे जलाने और उनके जीवन में खुशहाली लाने का कारण बनती है, तो वह सही मायनों में पूरे जिले का वास्तविक विकास कहलाती है। आज गांव में लोग अनिकेत को एक नई और सम्मानजनक नजर से देखते हैं, स्थानीय युवा उनसे बिजनेस शुरू करने की सलाह लेते हैं, बुजुर्ग उनकी तारीफ करते हैं और उनके परिवार को उन पर बहुत गर्व है।

अनिकेत वर्मा की यह पूरी सफलता इस बात का साफ सबूत है कि जब प्रदेश सरकार की योजनाएं आम लोगों की जरूरतों के हिसाब से पूरी ईमानदारी के साथ जमीन पर लागू की जाती हैं, तो उनके परिणाम कितने बड़े और अच्छे होते हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का मुख्य मकसद भी यही है कि राज्य का युवा सिर्फ नौकरी मांगने वाला न बना रहे, बल्कि वह खुद नौकरी देने वाला बने। योजना के तहत उद्योग क्षेत्र में नई फैक्ट्री लगाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पच्चीस लाख रुपये और सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) के बिजनेस के लिए अधिकतम दस लाख रुपये तक का लोन आसान ब्याज दरों पर दिया जाता है। इसमें मिलने वाली पच्चीस प्रतिशत तक की सरकारी छूट (सब्सिडी) युवाओं के लिए एक बड़ा सहारा बनती है। उद्योग के लिए अधिकतम छह लाख पच्चीस हजार रुपये और सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम ढाई लाख रुपये तक की यह सरकारी मदद युवाओं के कंधों से शुरुआती आर्थिक बोझ को बहुत कम कर देती है। आज युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती टैलेंट की कमी नहीं है, बल्कि सही दिशा और समय पर संसाधन मिलने की है।

जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग और सही मार्गदर्शन से गांवों में ऐसी फैक्ट्रियां लगने से न केवल युवाओं का हौसला बढ़ा है, बल्कि इससे जिलों के आर्थिक ढांचे में भी एक बड़ा बदलाव आया है। स्थानीय स्तर पर ऐसे काम शुरू होने से जिलों का आपसी व्यापार मजबूत हो रहा है, बिचौलियों का रोल खत्म हो रहा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रही है। किसी भी जिले का पूरा विकास तभी मुमकिन है जब वहां के लोग आत्मनिर्भर बनें, पलायन रुके और स्थानीय स्तर पर ही सामान बने और बिके। प्रदेश सरकार की इन योजनाओं ने जिलों में रोजगार का एक ऐसा मजबूत नेटवर्क तैयार कर दिया है जिससे आर्थिक असमानता तेजी से खत्म हो रही है।

लखीमपुर खीरी जैसे खेती-किसानी और ग्रामीण आबादी वाले जिलों में जमीन पर मशीनों का चलना और स्थानीय युवाओं द्वारा फैक्ट्रियों को अच्छे से चलाना इस बात का जीता-जागता सबूत है कि अब विकास सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गया है। युवा अब जिला प्रशासन के सहयोग से अपनी नई योजनाओं को पूरा कर रहे हैं जिससे पूरे क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक माहौल पूरी तरह बदल रहा है। अनिकेत वर्मा जैसे मेहनती युवा आज के नए और बदलते उत्तर प्रदेश की वह शानदार तस्वीर हैं जहां आत्मनिर्भरता सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि गांवों की असली हकीकत बन चुकी है। युवाओं का नौकरी की लाइनों से निकलकर खुद का बिजनेस लगाने और दूसरों को रोजगार देने की दिशा में तेजी से बढ़ना प्रदेश सरकार की नीतियों की सबसे बड़ी सफलता है।

साहित्य



### देखो

पूजा चक्रवर्ती

जो तुम चाहते थे, हो गया,
मैं यहीं हूँ, पर
सुकून मेरा कहीं खो गया।
अब बारिश में गर्मी लगती है,
गर्म चाय भी ठंडी लगती है।
तुम जो कहते थे –
फीका लगेगा सबकुछ?
हाँ, रंग मुझे अब
सारे फीके लगते हैं।
मुझे बाल मेरे
उस रात से भीगे लगते हैं,
चादर की सिलवट
मैंने सवारी नहीं अब तक,
अब ये मुझको
उजड़े-मुचड़े ही अच्छे लगते हैं।
होठों पर नमी अब
मेरे पहले से ज़्यादा है,
खूबसूरत – मगर अब भी
चाँद आसमान में आधा है।



## राशिफल

**मेषः-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी।

**वृषभः-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी।

**कर्कः-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्याः-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुलाः-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मीनः-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# मानव जीवन बनाम पशु प्रेम : समाधान कब निकलेगा?

*डॉ. अनिल कुमार निगम*

भारत में आवारा कुत्तों का मुद्दा अब केवल पशु-प्रेम और संवेदनशीलता का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह सीधे नागरिकों के जीवन, सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुका है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की खतरनाक आवारा कुत्तों को मारने की अनुमति देने संबंधी टिप्पणी और निर्देश ने इस बहस को फिर से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया है। पहली नजर में यह आदेश सामान्य प्रतीत हो सकता है, लेकिन इसके पीछे छिपी वास्तविकता अत्यंत भयावह है। देशभर में प्रतिवर्ष लाखों लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो रहे हैं और सैकड़ों लोग रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं।

भारत में पशुओं के प्रति दया और संवेदना की परंपरा रही है। संविधान के नीति-निर्देशक तत्व भी जीव-जंतुओं के प्रति करुणा रखने की बात करते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि यदि कोई पशु मनुष्य के जीवन और सुरक्षा के लिए खतरा बन जाए तो राज्य की जिम्मेदारी क्या होगी? क्या नागरिकों के मौलिक अधिकारों से ऊपर किसी भी प्रकार की भावनात्मक बहस को रखा जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में इसी संवैधानिक संतुलन की ओर संकेत किया है कि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों का पहला दायित्व नागरिकों के जीवन और सुरक्षा की रक्षा करना है।

देश में आवारा कुत्तों के हमलों की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में भारत में कुत्तों के काटने के 30.43 लाख मामले दर्ज किए गए और 286 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2024 में भी लगभग 21.95 लाख कुत्ता काटने के मामले सामने आए, जिनमें 5 लाख से अधिक पीड़ित 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे थे। ये केवल सरकारी आंकड़े हैं, जबकि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में अनेक मामले दर्ज ही नहीं हो पाते। एक शोध अध्ययन के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष लगभग 91 लाख पशु काटने के मामले सामने आते हैं और अनुमानित 5726 लोगों की मौत रेबीज से होती है। यह आंकड़ा इस ओर संकेत करता है कि समस्या केवल आवारा कुत्तों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की कमजोरियों से भी जुड़ी हुई है। दिल्ली, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों के आंकड़े स्थिति की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। दिल्ली में पांच वर्षों के दौरान रेबीज से 37 लोगों की मौतें हुईं। केरल सरकार ने उच्च न्यायालय को बताया कि अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच राज्य में 3.63 लाख कुत्ता काटने के मामले सामने आए, जिनमें लगभग एक-तिहाई मामले आवारा कुत्तों से जुड़े थे। हैदराबाद में वर्ष 2022 से 2025 के बीच रेबीज से मौतों में चार गुना वृद्धि हो गई।

इन आंकड़ों के पीछे केवल संख्याएं नहीं, बल्कि भयावह मानवीय त्रासदियां छिपी हैं। कई मामले ऐसे सामने आए हैं जहां छोटे बच्चों को आवारा कुत्तों ने घेरकर हमला किया और उनकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश, केरल, तेलंगाना और दिल्ली में पिछले कुछ वर्षों में ऐसी घटनाओं ने समाज को झकझोर दिया।

समस्या का सबसे दुखद पहलू यह है कि गरीब और सामान्य नागरिक को कुत्ता काटने के बाद सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए कई बार चक्कर काटने पड़ते हैं। कई जिलों में रेबीज इम्यूनोग्लोबुलिन की उपलब्धता नहीं होती। मजबूर होकर लोगों को निजी मेडिकल स्टोर से महंगे इंजेक्शन खरीदने पड़ते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो समय पर इलाज न मिलने से मौत का खतरा और बढ़ जाता है।

यह भी गंभीर प्रश्न है कि आखिर सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा। क्या राज्य सरकारों और नगर निकायों की यह जिम्मेदारी नहीं थी कि वे समय रहते प्रभावी कदम उठाते? नगर निगमों द्वारा नसबंदी और टीकाकरण अभियान अक्सर कागजों तक सीमित रह जाते हैं। अनेक शहरों में वर्षों से कुत्तों की वास्तविक गणना तक नहीं हुई है। परिणामस्वरूप आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है।

हालांकि इस मुद्दे का समाधान केवल हिंसा या सामूहिक हत्या नहीं हो सकता। पशु-प्रेमियों की चिंताओं को भी पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जरूरत इस बात की है कि समस्या का वैज्ञानिक, मानवीय और संतुलित समाधान निकाला जाए। बड़े स्तर पर नसबंदी अभियान, एंटी रेबीज टीकाकरण, कचरा प्रबंधन और डॉग शेल्टर जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत करना होगा। जिन कुत्तों का व्यवहार अत्यधिक आक्रामक और जानलेवा हो चुका है, उनके संबंध में कानून के तहत उचित कार्रवाई करनी होगी।

पशु-प्रेमियों को भी यह समझना होगा कि केवल भावनात्मक अपील से समस्या का समाधान संभव नहीं है। यदि किसी गरीब परिवार का बच्चा आवारा कुत्तों के हमले में घायल हो जाता है या उसकी मृत्यु हो जाती है, तो यह केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि पूरे परिवार के लिए आजीवन पीड़ा बन जाता है। इसलिए मानव जीवन और पशु संरक्षण के बीच संतुलन बनाना ही वास्तविक संवेदनशीलता होगी।

आज आवश्यकता इस बात की है कि राज्य सरकारें, नगर निकाय, स्वास्थ्य विभाग और पशु कल्याण संगठन मिलकर एक समन्वित नीति तैयार करें। हर जिले में पर्याप्त एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध हो, अस्पतालों में उपचार आसान बनाया जाए, और आवारा कुत्तों की निगरानी के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए। साथ ही नागरिकों में भी जागरूकता बढ़ाई जाए कि कुत्ता काटने की स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता लेना क्यों जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप वास्तव में शासन-प्रशासन की विफलता पर एक गंभीर टिप्पणी है। यदि स्थानीय निकाय और सरकारें समय रहते अपनी जिम्मेदारियां निभातीं तो शायद अदालत को इस विषय में दखल देने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। अब समय आ गया है कि संवेदनशीलता, वैज्ञानिक सोच और संवैधानिक जिम्मेदारी के साथ इस समस्या का स्थायी समाधान खोजा जाए, ताकि नागरिकों का जीवन सुरक्षित रह सके और बार-बार अदालत को हस्तक्षेप न करना पड़े।

*(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### महर्षि में परख बना प्रशिक्षण का आधार शिक्षकों को मिला शिक्षण में नवाचार



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** नगर स्थित महर्षि विद्या मन्दिर में चल रहे शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ वैदिक गुरु परम्परा पूजन एवं भावातीत ध्यान से हुआ। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर के वरिष्ठ प्रवक्ता विनय मिश्र द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने उन्हें पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। रिसोर्स पर्सन के रूप में आये हुए अतिथि ने अपने उद्बोधन में परख राष्ट्रीय शैक्षिक सर्वेक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर पर पूरी शिक्षा प्रणाली का मूल्यांकन, आकलन, समग्र विकास के लिए ज्ञान का प्रदर्शन समीक्षा और विश्लेषण हेतु एक कार्यक्रम है। जिसमें समस्त बोर्डों में एकरूपता स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों के बारे में भी बताया जैसे पारिवारिक पृष्ठभूमि उपलब्ध संसाधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षण में शिक्षक की भूमिका उसका समग्र ज्ञान मुख्य कारक होता है। इसमें अहम रोल प्ले करती है। शिक्षा का उद्देश्य पाठ्यक्रम का लक्ष्य, दक्षता, सीखने के प्रतिफल आदि इसमें शामिल है। वहीं द्वितीय सत्र में उन्होंने मानवीय मूल्यों और आदर्शों पर व्याख्यान देते हुए कहा कि बच्चों के लिए शिक्षक एक रोल मॉडल होता है। उनमें व्यक्तिगत मूल्य, सामाजिक मूल्य सांस्कृतिक मूल्य, आध्यात्मिक मूल्य विकसित करने का कार्य शिक्षक कर सकते है। मानवीय मूल्यों को विकसित करने हेतु शिक्षकों के मध्य गतिविधियों करायी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा वेद, वेदांग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, वेदान्त, सांख्य, योग आदि जीवन दर्शन के बारे में प्रकाश डाला। आज का कार्यक्रम रोचक और व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने हेतु अत्यन्त उपयोगी रहा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भावातीत ध्यान से हुआ।

### लम्बे समय से कार्यरत श्रमिकों को सेवा से न हटाये जाने की डीएम से की मांग



**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** जलसंस्थान के आउटसोर्सिंग पंप चालक और श्रमिकों ने लम्बे समय से कार्यरत श्रमिकों को न हटाये जाने की मांग को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अतिरिक्त एसडीएम के. डी शर्मा को ज्ञापन सौपा है। जिसमे उन्होंने सेवा से हटा देने पर परिवार सहित हड़ताल करने और वाटर सप्लाई बाधित करने की चेतावनी दी है। जलसंस्थान के आउटसोर्सिंग पंप चालक, फिटर और श्रमिकों ने दिए ज्ञापन में बताया कि ठेकेदार ने उनसे कहा है कि बीते 1 मई से सभी ग्रामीण कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया गया है और जल जीवन मिशन के तहत नए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। कर्मचारियों ने बताया कि वह लगभग 25 से 30 वर्षों से जल संस्थान में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत पुराने कर्मचारियों के स्थान पर नए कर्मचारियों को रखा जा रहा है, जिससे लम्बे समय से अपनी सेवा दे रहे श्रमिकों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। अधिकारी पुराने लोगों को सेवा से वंचित कर परिवार का भरण पोषण में बाधा उत्पन्न करने का कार्य कर रहें है। उन्होंने पुराने कर्मचारियों को ही सेवा में रखने का आदेश पारित करने की मांग की है। मांग पूरी ना होने पर उन्होंने परिवार सहित भूख हड़ताल करने और भीषण गर्मी में वाटर सप्लाई बाधित करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर रामकरण, इदरीस, जयप्रकाश, मंगल सिंह, सूरज, राम, पुर्ष्पेंद्र, मूलचंद, धर्मेंद्र, राजकुमार, कुंवर बहादुर, गोविंदराम, विवेक, तेज प्रताप, राम किशोर, द्वारका प्रसाद, देवेंद्र कुमार आदि जल संस्थान के कर्मचारी मौजूद रहे।

### अनजान वीडियो कॉल और लिंक से हर व्यक्ति रहें सतर्कः अनिल कुमार

**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों को देखते हुए साइबर क्राइम पुलिस ने आम जनमानस से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस अनिल कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में साइबर ठगी और सोशल मीडिया से जुड़े अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए लोगों को जागरूक रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, व्हाट्सएप फ्रॉड या ऑनलाइन ठगी जैसी घटना होती है तो वह तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए। साथ ही साइबर अपराध से संबंधित शिकायतें तत्काल सरकारी पोर्टल सी ई आई आर पर भी दर्ज की जा सकती हैं। समय पर शिकायत दर्ज कराने से ठगी गई धनराशि को वापस कराने की संभावना बढ़ जाती है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वर्तमान समय में व्हाट्सएप वीडियो कॉल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक पोर्नोग्राफी और ब्लैकमेलिंग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अपराधी अनजान नंबरों से वीडियो कॉल करते हैं और लोगों की रिकॉर्डिंग कर उन्हें ब्लैकमेल करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी अनजाने नंबर से वीडियो कॉल आने पर तुरंत कैमरा बंद कर लें और बिना पहचान सुनिश्चित किए कॉल रिसीव न करें। उन्होंने यह भी कहा कि साइबर अपराधी लोगों को फर्जी लिंक भेजकर या ओटीपी मांगकर मोबाइल फोन और बैंक खातों तक पहुंच बना लेते हैं। कई मामलों में देखा गया है कि लोग लालच या जल्दबाजी में लिंक पर क्लिक कर देते हैं, जिसके बाद उनके बैंक खातों से धनराशि निकाल ली जाती है। इसलिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी भी परिस्थिति में अपना ओटीपी, बैंक डिटेल या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। अनिल कुमार ने कहा कि साइबर क्राइम थाना लगातार पीड़ितों की सहायता और ठगी गई रकम को रिट्रीव करने का प्रयास करता है, लेकिन सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता और सतर्कता ही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी पूर्वक करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि सावधानी ही साइबर सुरक्षा का सबसे बड़ा हथियार है।

# डीएम व एसपी ने फावड़ा चलाकर तालाब को पुनर्जीवित करने का किया शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, प्रेमनगर, फतेहपुर।**



खागा तहसील क्षेत्र के ऐरायाँ विकास खंड के सेमौरी गांव में जल संरक्षण, भूजल संवर्धन एवं पर्यावरण सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने बड़ी पहल करते हुए तालाब खुदाई कार्य का शुभारंभ कराया। जिलाधिकारी की मौजूदगी में शुरू हुए इस अभियान को ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट से निपटने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि लगातार गिरते भूजल स्तर और बढ़ती गर्मी को देखते हुए पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण बेहद जरूरी हो गया है। तालाब केवल पानी का स्त्रोत नहीं बल्कि पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती का आधार भी हैं। उन्होंने कहा कि तालाबों के पुनर्जीवन से वर्षा जल का संचयन होगा, जिससे आने वाले समय में किसानों और ग्रामीणों को सिंचाई एवं पेयजल की समस्या से राहत मिलेगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, खंड विकास अधिकारी ऐरायाँ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप गांवों में पुराने तालाबों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण अभियान को गति दी जा रही है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा। पेड़-पौधों की सुरक्षा, वर्षा जल संचयन और तालाबों की साफ सफाई जैसे कार्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। तालाब खुदाई कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से उपेक्षित पड़े तालाब के पुनर्जीवन से गांव में जल स्तर सुधरेगा तथा पशुओं और किसानों को भी लाभ मिलेगा। लोगों ने प्रशासन की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे गांव का पर्यावरण भी बेहतर होगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित प्राकृतिक संसाधन मिल सकेंगे। प्रशासन ने इसे जल संचय से जन कल्याण अभियान की दिशा में अहम कदम बताते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि गांवों में जल संकट को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को मजबूत आधार मिल सके।

### राहुल गांधी व अजय राय का पुलिस ने भाजपाईयों को नहीं फूंकने दिया पुतला

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** अटल चौराहे में भाजपा के पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का पुतला दहन करने के लिए बड़ी संख्या में भाजपाई एकत्रित हुए थे। इस दौरान जैसे ही राहुल गांधी व अजय राय का पुतला इन लोगों ने जलाना चाहा तो सदर कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में फ़ोर्स बल पुतले को जलने से रोकने के लिए छीना झपटी शुरू हो गई इस दौरान पूर्व विधायक विक्रम सिंह सहित तमाम भाजपा पुतला अपनी ओर खींच रहे थे तो वही पुलिस बल पुतले को अपनी ओर खींचा। इस दौरान सभासद विनय तिवारी ने पुतले का एक हिस्सा जलाकर राहुल गांधी मुर्दाबाद, अजय राय मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे तो मौके पर पहुंची पुलिस ने उसको भी छुड़ाया। इस दौरान जलते हुए पुतले से एक तिनका विवेक नाम के कार्यकर्ता के सिर में पड़ गई जिससे उसके बाल जलते जलते बचे। इस अवसर पर पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को जिस तरीके से गद्दार शब्द का प्रयोग राहुल गांधी ने किया है जब तक वह माफी नहीं मांगेंगे, भाजपा के कार्यकर्ता इस तरीके पुतला दहन करते रहेंगे।

### गरीब के कच्चे आशियाने में लगी आग, सब कुछ जलकर हुआ खाक



**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़ महोबा।** एक गरीब के कच्चे आशियाने में रात्रि को अचानक आग लग जाने से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पुलिस द्वारा आग को बुझाया गया। नगर के गांधी वार्ड स्थित जगदीश पुत्र मुल्लू साहू के एक कच्चे मकान में रात्रि को अज्ञात कारण के चलते अचानक आग लग गई। आग लपटें देखकर पड़ोसियों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन नहीं बुझ सकी। तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, मौके पर पहुंचे फायर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के वक्तव्य की भाजपा मीडिया प्रभारी उपेन्द्र द्विवेदी ने की निंदा

**समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी, महोबा।**



पनवाड़ी भारतीय जनता पार्टी के मंडल मीडिया प्रभारी उपेन्द्र द्विवेदी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के उस वक्ततब्य की कटु आलोचना की जिसमे अजय राय ने महोबा जनपद में आकर कई कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के साथ भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि वर्तमान समय मे कांग्रेस का जनाधार खो चुका है जिससे घबराए नेता अनाप शनाप अनर्गल बाते करते हैं। उन्होंने कहा कि एक समय कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की जन्म डायत्री रही बहुत पुरानी पार्टी है बाबजूद इसके खोते जनाधार से परेशान पार्टी के नेता उल्टा सीधा बोलकर बेमतलब का विवाद खड़ा करते हैं वात या विरोध ऐसा करना चाहिए जिससे किसी की भावनाओ को आहत न हो उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा हाल ही दिनों में सपा सांसद हमीरपुर महोबा ने भी प्रधान मंत्री को आप शब्द कहे थे हालांकि बाद में उन्होंने उसे ये आई के द्वारा निर्मित कह कर अपनी बात से मुकरते दिखे प्रधानमंत्री दलगत राजनीति से ऊपर होता है हर दल के लिए सम्मानित होता हैं किसी भी राजनीतिक दल को उनके बारे में सोच समझ कर टिप्पणी कहनी चाहिए जिससे लोकतंत्र में आस्था अडिग रहे और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भी प्रत्येक दल को सजग व सचेत रहना चाहिए जिससे वे मूल्य कायम रहसके किसी भी राजनेता या राजनीतिक दल को इस तरह की टिप्पणी से बचना चाहिए जिससे राजनीतिक सुचिता कायम रह सके।

## थाना समाधान दिवस में आयीं 21 शिकायतें

- 10 का मौके पर निस्तारण

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़ महोबा।**



कोतवाली कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह एवं क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित थाना समाधान दिवस में 21 शिकायतें पत्र प्राप्त हुई हैं, जिनमें 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

थाना समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुई हैं, जिन्हें निस्तारण के लिए सम्बन्धित लेखपालों की टीम गठित कर निस्तारण के लिए भेजा गया। बता दें कि इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। इसके बाद भी फरियादियों की भीड़ जुटी रही। यहां के समाधान दिवस में अभी तक के रिकार्ड में सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई हैं। शिकायतकर्ता मलखान पुत्र सुम्मेरा ग्राम सुगिरा ने अपनी भूमि मौजा कुलपहाड़ में गाटा संख्या 4272, 4256,4271 के आसपास की भूमि पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया है। हरचरन पुत्र मुरलीधर ग्राम अण्डवारा के गाटा संख्या 577 व 558 की भूमि पर विपक्षीगण द्वारा गड्डी पत्थर उखाड़ कर फेंक दिया है। छक्कीलाल पुत्र तिजवा ग्राम रगौलिया खुर्द ने आरोप लगाया कि विपक्षी द्वारा कुइया में मिट्टी डालकर पूर दिया है तथा बगल में लगे हैण्ड पम्प पर समरसेविल डालकर अपने कब्जे में ले लिया है।

सीताराम तिवारी पुत्र स्वामी प्रसाद ग्राम मुढ़ारी ने अपने भूमि नंबर 1437 में प्रार्थी की गैरमौजूदगी में दबंगों द्वारा जबरन शौचालय का निर्माण करना आदि सहित 21 शिकायतें दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया, और 5 शिकायतों को टीम गठित कर मौके पर भेजकर तुरन्त निस्तारण कराया गया है। शेष शिकायतों को सम्बन्धित लेखपालों को सौंप कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

### थाना कबरई पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 1 अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** थाना कबरई पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत एक अभियुक्त को अवैध तमंचा तथा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है। जिसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई थानाध्यक्ष कबरई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में गठित टीम द्वारा उ0नि0 अनुज कुमार सिंह मय हमराही कर्मचारीगण के साथ चेकिंग के दौरान अभियुक्त रामबाबू प्रजापति पुत्र मुन्ना प्रजापति, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम खरका थाना कबरई जनपद महोबा को हनुमान मंदिर के पास, बरगद के पेड़ के नीचे, खरका तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया।

## सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस आटा में डीएम, एसपी ने सुनी समस्यायें

- लापरवाही पर एसडीएम-तहसीलदार तक होगी कार्रवाई



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने शनिवार को कोतवाली आटा सभागार में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान की गई, जबकि शेष 02 प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजे जाने के निर्देश दिए गए। इन शिकायतों में चकरोड पर मिट्टी डाले जाने तथा हैंडपंप से संबंधित मामले आए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आज ही मौके पर जाकर शिकायतों का समाधान सुनिश्चित कराया जाए।जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं लेखपालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक प्रकरण के संबंध में खतौनी, सरकारी भूमि एवं अन्य आवश्यक अभिलेख अनिवार्य रूप से साथ लाए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई लेखपाल आवश्यक अभिलेखों के बिना पाया गया तो संबंधित लेखपाल के साथ-साथ संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया।

### सीवर लाईन का पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह ने किया भूमिपूजन



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह ने फतेहपुर की बहुप्रतीक्षित सीवर लाइन के कार्य के प्रारंभ होने पर ताबड़तोड़ भूमि पूजन किया। इस दौरान सबसे पहले वह पृथ्वीपुरम पहुंचे जहां पर मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन किया। वहीं पृथ्वीपुरम में मौजूद लोगों को मिष्ठान अपने हाथों से खिलाया।इस अवसर पर लोगों ने पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह को धन्यवाद दिया कि उन्होंने फतेहपुर में सीवर लाइन का कार्य प्रारंभ कराया। इस अवसर पर भाजपा नेता राम प्रताप सिंह गौतम, अपर्णा सिंह गौतम, सभासद संजय लाला, ऋतिक पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसके बाद यह काफिला रेडईया वार्ड पहुंचा जहां पर आचार्य के उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। इस दौरान मौजूद रेडईया वार्ड के रहने वालों ने पूर्व सदर विधायक का आभार व्यक्त किया। वही काफिला यहीं पर नहीं रुका फिर यह काफिला आवास विकास पहुंचा जहां पर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सभासद विनय तिवारी, दीपक मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसके बाद समाजवादी पार्टी कार्यालय के सामने पुल के नीचे भूमि पूजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जिसमें सुनील कुमार, संतोष पटेल, अन्नू सविता सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस दौरान हम आपको बता दें कि जल निगम के द्वारा फतेहपुर में सीवर लाइन का कार्य कराया जा रहा है। वही मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह ने कहा सन 2014 से वह लगातार फतेहपुर में सीवर लाइन के कार्य को शुरू कराने के लिए प्रयासरत रहे हैं और सभी के प्रयास से अब यह कार्य शुरू हुआ है।

## भीषण गर्मी व हीटवेव से बचाव को लेकर प्रशासन सतर्क

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** मौसम विज्ञान विभाग ने जारी चेतावनी जारी की है। इसी को देखते जनपद में संभावित भीषण गर्मी एवं हीटवेव (लू) की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने विद्यालयों के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन अथवा अवकाश घोषित करने की कार्रवाई की जाए। श्रम विभाग एवं औद्योगिक इकाइयों को निर्देश दिए हैं कि दोपहर 12 से अपराह्न 4 बजे तक बाहरी श्रम कार्यों को न्यूनतम रखा जाए। साथ ही पर्याप्त पेयजल एवं छायादार स्थान उपलब्ध कराए जाएं। नगर निकायों एवं संबंधित विभागों को सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में शीतल पेयजल, छायादार विश्राम स्थल, प्याज एवं पानी के टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही प्रमुख चौराहों एवं सड़कों पर पानी का छिड़काव एवं वाटर स्प्रिंकलर सक्रिय रखने को कहा। स्वास्थ्य विभाग से सभी जिला चिकित्सालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर हीट स्ट्रोक एवं डिहाइड्रेशन से निपटने को आवश्यक दवाएं तथा अतिरिक्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रखें। एंबुलेंस सेवाओं एवं आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली को हाई अलर्ट मोड पर रखा जाए। पशुपालन विभाग पशुओं को पेयजल एवं छायादार स्थानों की व्यवस्था सुनिश्चित करे। ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं जल संस्थान को पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने को कहा है। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) राकेश कुमार ने बताया कि सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि हीटवेव से बचाव के लिए जारी दिशा-निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करें। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण सतर्कता बनाए रखें।

### पारा 46 डिग्री पार, प्रकृति की मार से हर कोई हलकान

**हमीरपुर।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से पूरे जिले में आग बरस रही है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षी भी इस प्रचंड गर्मी से बेहाल हो गए हैं।दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे लोगों को चौबीसों घंटे उमस और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आसमान से आग बरस रही है। प्रकृति की इस मार से हर कोई हलकान है। इससे बचने के जतन लोगों की दिनचर्या में शामिल हो गए है। हालात ऐसे हैं कि पारे के 46 डिग्री सेल्सियस पार हो जाने के कारण दोपहर में सड़कों में सन्नाटा पसर रहा है।जिधर देखो गर्मी को लेकर चर्चा छिड़ी है। प्यास बुझाने से लेकर इससे बचत के रास्ते लोग खोज रहे हैं, लेकिन कोई रास्ता नहीं मिल पा रहा है। हालात यह है कि जतन के बाद भी लोगों को प्रकृति की मार इतनी पड़ रही है कि लोगों की दिनचर्या इससे प्रभावित हो रही है।

## खूनी हाइवे को लेकर अधिवक्ता संघ ने की आम सभा की अपात बैठक

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** खूनी हाइवे एनएच 34 में आय दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व सिक्स लेन बनाए जाने की मांग को लेकर चल रहें आंदोलन को बढ़वा देने के लिए अधिवक्ता संघ ने शनिवार को बार भवन में आम सभा की अपात बैठक की,जिसमें अहम निर्णय लिए गए व जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव भी पास किया गया।



डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह व महामंत्री अश्वनी प्रजापति की अध्यक्षता में शनिवार को आहुत हुई बैठक में कानपुर-सागर नेशनल हाइवे 34 जो खूनी हाइवे के नाम से प्रसिद्ध हो गया है उसको लेकर प्रस्ताव पारित किये गए।अधिवक्ता संघ के महामंत्री अश्वनी प्रजापति ने बताया कि कानपुर, हमीरपुर महोबा जिलों के जनप्रतिनिधि से मुलाक़ात करके सहयोग लिया जाएगा व अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली जाकर सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाक़ात करेगा और नेशनल हाइवे 34 को चौड़ीकरण सिक्स लेन करने का मांगपत्र सौंपा जाएगा। जिससे यह हाइवे सिक्स लेन शीघ्र बन सके। बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल द्वारा अधिवक्ताओं का ज्ञापन न लेने के विरोध में आम सभा में निंदा प्रस्ताव पास किया गया ।

### संपूर्ण थाना दिवस में फरियादियों की उमड़ी भीड़, 22 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** कोतवाली जालौन में शनिवार को आयोजित संपूर्ण थाना दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ देखने को मिली। उपजिलाधिकारी एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। थाना दिवस के दौरान कुल 22 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें भूमि विवाद, कब्जा, रास्ता, बिजली एवं अन्य विभागीय समस्याएं प्रमुख रहीं। अधिकारियों ने गंभीरता दिखाते हुए 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया।

# प्रतिस्पर्धा की भावना से होता है बच्चों का विकास: डॉ. विकास यादव

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज, बाराबंकी में 'पुरस्कार वितरण समारोह' भव्य रूप से हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्धक डॉ. विकास यादव ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में छात्र/छात्राओं को विभिन्न आयामो जैसे कक्षा में सर्वश्रेष्ठ स्थान, मेरिट कार्ड, प्रोजेक्ट कार्य, बैण्ड ग्रुप, वक्तव्य प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में चयनित छात्र/छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गये। पुरस्कार वितरण का मुख्य आकर्षण रेन्जर साइकिल थी जिसे प्रथम स्थान प्राप्त कक्षा ग्यारह के छात्र आयुष शुक्ला, कक्षा नौ से शुभी वर्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार कक्षा ग्यारह के प्रखर शर्मा एवं कक्षा नौ की गौरी वर्मा ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार कक्षा ग्यारह से उम्मे नमरा एवं कक्षा नौ से स्वाति सिंह ने प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करके पुरस्कृत होने वाले छात्र/छात्राओं में आदर्श कुमार, काव्या वर्मा एवं अनुराधा वर्मा इण्टरमीडिएट परीक्षा मे अनन्या, रक्षा यादव एवं सपना को पुरस्कृत किया गया। कक्षा में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्राइमरी वर्ग के छात्र/छात्राओं में नविका, समृद्धि, रितिका, हर्षित, आरव, अन्वी, शैली, कीर्ति, अनाया, इबरा, अखण्ड, असहद, आदित्य, आयुशी, अविका आदि थे। जूनियर वर्ग से श्रुति, अनन्या, कीर्ति, ने प्रथम, शालिनी, गरिमा श्रद्धा, द्वितीय आदित्य, आर्यन एवं श्रुति ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रबन्धक डॉ. विकास यादव ने छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस पुरस्कार वितरण समारोह में समस्त पुरस्कृत मेधावी छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावको को मै बधाई देता हूँ। प्रतिस्पर्धा के इस युग में विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन सराहनीय हैं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से बच्चों का विकास होता है। छात्रों के द्वारा किया गया सच्चा प्रयास और परिश्रम ही उनकी प्रतिभा को निखारता है। मै समस्त छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। विद्यालय प्रधानाचार्य जगन्नाथ प्रसाद वर्मा ने इस कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय देकर छात्र/छात्राओं के उत्साह वर्धन हेतु पधारे हुए अतिथिगण एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं सभी सफल छात्र/छात्राओं को बधाई दी।

इस अवसर पर शालिनी यादव, सविता गुप्ता, रितु शर्मा, कृष्णा मिश्रा, शशि गुप्ता, शर्मीला, प्रकाश चन्द्र त्रिवेदी, कृष्ण बहादुर सिंह, शोभित यादव, अंकित कुमार तिवारी, विनोद कुमार विश्वकर्मा, अशोक कुमार, सपना श्रीवास्तव, मीनू शर्मा, अंजुला, शिम्पी सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक/अध्यापिकायें एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

## डॉक्टर पर लगा लापरवाही का आरोप, शरीर में छोड़ा कॉटन

**रामनगर, बाराबंकी।** निजी अस्पताल की कथित लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान महिला के शरीर में कॉटन छोड़ दिया गया, जिससे उसकी जान पर बन आई। पीड़िता के परिजनों ने मामले की शिकायत अधिकारियों से कर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत रामनगर निवासी अजय पांडेय के अनुसार उनकी पुत्री शालू पांडेय को दो मार्च 2026 की रात प्रसव पीड़ा होने पर बाराबंकी स्थित न्यू सहारा हॉस्पिटल, खोया मंडी में भर्ती कराया गया था। पांच मार्च को अस्पताल में ऑपरेशन के माध्यम से पुत्री का जन्म हुआ। परिजनों का आरोप है कि 13 मार्च को डिस्चार्ज होने के बाद से ही शालू के पेट में लगातार तेज दर्द और अन्य समस्याएं बनी रहीं। कई बार अस्पताल में शिकायत करने के बावजूद सही कारण नहीं बताया गया।बताया गया कि 19 मई को अचानक महिला के यूरिन मार्ग से एक बड़ा टुकड़ा बाहर निकला।

## घर-घर पहुंची जनगणना टीम ग्रामीणों में दिखी उत्सुकता

पांच घंटे तक चले सर्वे के दौरान सेक्टर में कुल 153 मकान चिन्हित

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** जनगणना के प्रथम चरण के तहत शुक्रवार को तहसील क्षेत्र में मकान गणना अभियान शुरू हो गया। सुबह से ही प्रगणक गांव-गांव पहुंचकर घरों की गिनती, रास्तों और बस्तियों का ब्यौरा दर्ज करते नजर आए। अभियान को लेकर ग्रामीणों में भी खासा उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। लोग अपने घरों के बाहर खड़े होकर प्रगणकों से जनगणना की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में जानकारी लेते रहे। तहसील क्षेत्र के पूरे इंद्री मजरे सकतपुर गांव में प्रगणक गिरीश रावत ने सुबह करीब आठ बजे गांव के पश्चिम और उत्तर कोने पर स्थित विजय प्रताप के मकान से गणना कार्य की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने पूरे सेक्टर का भ्रमण कर मकानों, गलियों और रास्तों की स्थिति का निरीक्षण किया। हाथ में डायरी लेकर वह मकानों और उनके स्वामियों के नाम दर्ज करते रहे। करीब पांच घंटे तक चले सर्वे के दौरान सेक्टर में कुल 153 मकान चिन्हित किए गए। गिरीश रावत ने बताया कि अब मकानों का नजरी नक्शा तैयार किया जाएगा, जिसमें रास्तों और प्रमुख स्थानों को भी दर्शाया जाएगा।

सर्वे के दौरान गांव के बुजुर्ग, महिलाएं और युवा जनगणना टीम के आसपास जुटे रहे। कई ग्रामीण यह जानने को उत्सुक दिखे कि गणना कैसे होगी और इससे गांव को क्या लाभ मिलेगा। वहीं बच्चे भी प्रगणकों को काम करते हुए कौतूहल से देखते नजर आए। पूरे अभियान की निगरानी के लिए एसडीएम अनुराग सिंह और तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय राजस्व कर्मियों के साथ गांवों में भ्रमण करते रहे तथा व्यवस्थाओं का जायजा लेते दिखाई दिए।

# विधायक ने किया अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण



▸ बोले, अन्नपूर्णा भवन ग्रामीण क्षेत्र में जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने व सार्वजनिक कार्यक्रमों के संचालन में निभाएगा भूमिका महत्वपूर्ण

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ के विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत मोहब्बतपुर में प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं में शामिल अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण विधायक दिनेश रावत एवं ब्लॉक प्रमुख आरती रावत द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया एवं ग्रामवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि अन्नपूर्णा भवन ग्रामीण क्षेत्र में जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने हेतु निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती विनीता,खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह सुनील कुमार, मंडल अध्यक्ष तीरथ राम वर्मा, श्रीमती सुनीता, मंडल महामंत्री मुकेश शर्मा, प्रधान काशीराम, शाकिर, रामचंद्र, जगन्नाथ सिंह, आशीष कुमार सिंह, मोहन, उदल रावत, अशोक शर्मा, विजयपाल, जगत रावत, राजकुमार, शिवलाल वर्मा, अरुण वर्मा, हरभजन, ओमप्रकाश वर्मा, प्रशासनिक अधिकारीगण, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता बंधु, वरिष्ठजन एवं समस्त ग्राम व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# डिप्टी डायरेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



स्वास्थ्य विभाग की डिप्टी डायरेक्टर वर्तिका श्रीवास्तव ने शनिवार को चार स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचसी सैदनपुर, बदोसराय, महमूदाबाद और सीएचसी सिरौलीगौसपुर की व्यवस्थाओं को परखा। डिप्टी डायरेक्टर सुबह करीब 8:30 बजे पीएचसी सैदनपुर पहुंचीं। यहां भर्ती मरीजो से इलाज व सुविधाओं को लेकर बातचीत की। उन्होने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष,लैब,प्रसव कक्ष का निरीक्षण कर उपस्थिति पंजिका,दवा स्टॉक रजिस्टर और साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की। भीषण गर्मी को देखते हुए ओआरएस कॉर्नर,ठंडे पेयजल और जरूरी दवाओ की उपलब्धता देखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लू-गर्मी से पीड़ित मरीजों के इलाज में लापरवाही न हो। साथ ही परिसर की सफाई बेहतर रखने, दवा स्टॉक अद्यतन रखने और मरीजों से शालीन व्यवहार करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ आरिफ सिद्दकी,डॉ संजय गुप्ता,एएनएम सरला ,एएनएम ज्योति यादव,चंद्रेश वर्मा,शैलेश कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीडीओ-सचिव की मनमानी से भुगतान अटका

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।




जनपद के विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत रामगढ़ में विकास कार्यों के भुगतान को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान पिंकी देवी द्वारा पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य कराए गए, जिनमें निर्माण सामग्री की सप्लाई स्थानीय दुकानदारों एवं सप्लायरों द्वारा की गई। आरोप है कि कार्य पूर्ण होने के बावजूद संबंधित भुगतान अब तक नहीं किया गया, जिससे सप्लायरों और मजदूरों को भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम प्रधान पिंकी देवी का आरोप है कि वह लगातार विकास कार्यों के भुगतान के लिए प्रयास कर रही हैं, लेकिन ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप कुमार अपनी मनमानी पर उतारू हैं। आरोप यह भी लगाया गया कि सचिव को खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते भुगतान प्रक्रिया जानबूझकर रोकी जा रही है। दूसरी ओर ग्राम पंचायत में सामग्री सप्लाई करने वाले दुकानदारों और सप्लायरों ने भी जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर भुगतान कराए जाने की मांग की है। सप्लायरों का कहना है कि उन्होंने शासन की योजनाओं के तहत विकास कार्यों के लिए सामग्री उपलब्ध कराई थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उन्हें भुगतान नहीं मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब किसी उच्च अधिकारी द्वारा भुगतान रोकने का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, तो फिर आखिर किसके निर्देश पर विकास कार्यों का भुगतान रोका जा रहा है। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि यदि समय से भुगतान नहीं हुआ तो पंचायत स्तर पर विकास कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं। ग्रामीणों और सप्लायरों ने मांग की है कि जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करें तथा ग्राम पंचायत रामगढ़ में कराए गए विकास कार्यों का लंबित भुगतान तत्काल कराया जाए, जिससे विकास कार्यों की रफ्तार बनी रहे और सप्लायरों को राहत मिल सके।

क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी इस संदर्भ में गोंदलामऊ खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार से बातचीत की गई तो उनके द्वारा बताया गया संबंधित सचिव को नोटिस जारी की गई है तत्काल भुगतान लगाने का निर्देश दिया गया है।

# बड़े मंगल पर गोप ने पूजा-अर्चना के साथ प्रसाद किया वितरित

बाराबंकी, समृद्धि न्यज।

ज्येष्ठ मास मे श्रद्धालुओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले भंडारे भोजन वितरण के साथ भक्ति, सेवा और दान का सुंदर संयोग हैं।

उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आज जेष्ठ मास के पावन दिन पर भगवान श्री रामचंद्र जी महाराज के परम भक्त संकट मोचन हनुमान जी महाराज के भक्तों की सेवा के लिए बाराबंकी लखनऊ रोड स्थित विकास भवन मोड पर बाराबंकी मीडिया सेंटर के पत्रकार बंधुओ द्वारा आयोजित भंडारे में एवं नगर कोतवाली स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर बाराबंकी पुलिस द्वारा आयोजित भंडारे में उपस्थित होकर असीम भक्ति साहस शक्ति के स्वामी बजरंगबली जी महाराज की पूजा अर्चना दर्शन कर हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर श्रद्धालुओं मे प्रसाद वितरित कर प्रसाद ग्रहण करते हुए व्यक्त किये। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार केपी तिवारी, नरेंद्र मिश्रा, चंद्रकांत मौर्य, अनिरुद्ध शुक्ला, भोला रावत, नितेश मिश्रा, रेहान मुस्तफा, राहुल त्रिपाठी, राहुल मौर्य, शिवम सिंह, बलमीत सिंह, परमजीत सिंह, अंकित मिश्रा, विसेन सिंह, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, युवा सपा नेता अविरल सिंह अजय वर्मा बबलू जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान संतोष रावत आदि प्रमुख लोगों ने बजरंगबली जी महाराज का दर्शन पूजन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# डॉ संजीव कुमार शुक्ला बने सीएचसी शिवगढ़ के नए बॉस

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही मेरा प्राथमिक उद्देश्य

रायबरेली, समृद्धि न्यज।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वयन करने के उद्देश्य एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए स्वास्थ्य महकमें में फेरबदल करते हुए जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में नए चिकित्सा अधीक्षक की तैनाती कर दी है।गौरतलब हो कि बुधवार की देर शाम रायबरेली जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा ने पत्र जारी करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक के पद पर डॉ संजीव कुमार शुक्ला की तैनाती कर दी है। वही अधीक्षक के पद पर तैनात रहे डॉ प्रेम शरण अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में पूर्व की भांति मेडिकल अफसर के रूप में कार्यरत रहेंगे।डॉ संजीव कुमार शुक्ला ने शुक्रवार को जैसे ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचकर अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया तो इस अवसर पर उनके शुभचिंतकों एवं सीएचसी पर कार्यरत चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर एवं मीठा खिलाकर चिकित्सा अधीक्षक बनाए जाने पर उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। आपको बताते चलें कि डॉ संजीव कुमार शुक्ला वर्ष 2012 बैच के सीनियर डॉक्टर हैं। जो बीते 14 वर्षों से रायबरेली जनपद के विभिन्न सीएचसी में चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं देने के साथ ही वर्तमान समय में सीएचसी शिवगढ़ के नेरथुवा पीएचसी पर चिकित्सक के रूप में तैनात थे। सीएचसी आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को न हो कोई असुविधा- चिकित्सा अधीक्षक बने डॉक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने कहा कि मेरा प्राथमिक उद्देश्य यही रहेगा कि शासन स्तर से स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित सभी योजनाएं जन-जन तक पहुंचे एवं अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



## बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसियों का जोरदार प्रदर्शन

**सलोन, रायबरेली।** बिजली समस्या को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन बढता जा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेसियों ने भी जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।सलोन क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती के विरुद्ध पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद महामहिम राज्यपाल के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए।आमजनमानस किसानों व्यापारियों व छात्र सब परेशान हैं। विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से किया जाए।यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो व्यापक रूप से आंदोलन किया जाएगा।इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह,अनुराग द्विवेदी,अशोक शुक्ला, आनंद सिंह,किरन देवी,मोहित मिश्रा,सुदर्शन,आदिल,प्रेम प्रकाश,मनीष,निजाम, बिजेंद्र,प्रेम तिवारी, मनोज,दिनेश,बब्लू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कृषि स्नातकों को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर, खुलेंगे 13 एग्री जंक्शन केंद्र

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन एग्रीजंक्शन योजना के अंतर्गत जिले में 13 एग्रीजंक्शन केन्द्र खोले जाएंगे, जिससे कृषि एवं सहबद्ध विषयों में डिग्रीधारी युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश सामग्री एवं कृषि प्रसार सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि स्नातकों को आत्मनिर्भर बनाना तथा किसानों तक उन्नत कृषि तकनीक, गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत जनपद में निवास करने वाले ऐसे बेरोजगार युवक-युवतियां आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने कृषि एवं सहबद्ध विषयों जैसे कृषि व्यवसाय प्रबंधन, उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध उत्पादन, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन आदि में किसी राज्य अथवा केंद्रीय विश्वविद्यालय या आईसीएआर/यूजीसी से मान्यता प्राप्त संस्थान से डिग्री प्राप्त की हो।

# डीएम-एसपी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा जनपद के अधिकारीगण के साथ रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान योजना, एन कार्ड, कानून व्यवस्था व अभियोजन कार्यों के संबन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गई। रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान योजना अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बरतने हेतु व प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। एन कार्ड से संबन्धित नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने के हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए एवं एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलाए जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने के भी निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अभियोजन कार्यों के स्पीडी ट्रायल, संबंधित मामलों, सामान्य वाद तथा राजस्व से संबंधित वादों की समीक्षा की गई। गत माह में दायर मामलों, मामलों में हुए निर्णय, डिस्पोज्ड मामले सहित पुराने मामलों की पेंडेण्सी एवं डिस्पोजल तथा न्यायालयों में विचाराधीन मुकदमों की स्थिति की समीक्षा करते हुए मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने के लिए निर्देशित किया गया। साथ-साथ त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, सतर्क दृष्टि रखने, गुण्डा जिलाबदर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने व अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, परिवहन, भण्डारण एवं बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बकरीद त्योहार के दृष्टिगत डीएम ने की पीस कमेटी की बैठक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी., प्रशासनिक अधिकारी, धर्मगुरु और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

डीएम ने कहा कि त्योहार पर किसी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए और कुर्बानी केवल निर्धारित स्थानों पर ही हो। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर पूरी तरह रोक रहेगी तथा खुले में कुर्बानी नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सोशल मीडिया पर भ्रामक फोटो-वीडियो पोस्ट न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में बिजली, सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और कुर्बानी के बाद अवशेषों के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

# ट्रक फंसने से लगा जाम, आवागमन हुआ बाधित

▸ डलमऊ कस्बे के सभी प्रमुख मार्गों पर लगी रही वाहनों की लंबी-लंबी कतारे

डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यज।



शनिवार को डलमऊ कस्बा जाम के चलते त्राहि त्राहि करत रहा सुबह 9:00 बजे से लगे भीषण जाम ने डलमऊ क्षेत्र को अपनी आगोश में ले लिया जिससे कस्बे के सभी प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई इस दौरान वाहनों के पहिए टस से मत नहीं हुए सुबह से लेकर शाम तक लगे एग्जाम के दौरान इमरजेंसी सेवाएं बाधित रही व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह चौपट रहा वहीं राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। डलमऊ कस्बे में जाम लगने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी ओवरलोड भारी वाहनों की होती है जिसके चलते कस्बे में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है जाम की स्थिति उसे समय और भी भयावह हो जाती है जब कोई भारी वाहन खराब हो जाता है या किसी गड्ढे में फंस जाता है ऐसी स्थिति में जाम भयानक रूप ले लेता है जिसे छुड़ाने के लिए पुलिस को नाको चने चबाने पड़ते हैं। मौरंग लदा ओवरलोड उसमें फंस गया और एक तरफ झुक गया तभी पीछे लगा दूसरा ओवरलोड भारी वाहन उसके बगल से निकलने की कोशिश करने लगा जिससे वह ट्रक भी सड़क की दूसरी पट्टी पर धंस गया जिसके कारण वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया जिसके कारण डलमऊ कस्बे के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई गड्ढे में फंसे ओवरलोड भारी वाहनों को निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई घंटों कड़ी मसक्कत के बाद किसी तरह फंसे ट्रैकों को बाहर निकाला जा सका। कस्बे वासियों एवं व्यापारियों ने जल्द से जल्द गेंगासो गंगा पुल चालू करने तथा कस्बे में लगने वाल वाले जाम से मुक्ति दिलाए जाने को लेकर बाईपास बनाए जाने की मांग की है लोगों का व्यापार भी पूरी तरह चौपट हो चुका है कस्बे वासियों एवं व्यापारियों ने जल्द से जल्द गेंगासो गंगा पुल चालू करने तथा कस्बे में लगने वाल वाले जाम से मुक्ति दिलाए जाने को लेकर बाईपास बनाए जाने की मांग की।

## लकी फर्नीचर एण्ड इलेक्ट्रॉनिक दुकान की गोदाम में लगी भीषण आग



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली मुंशीगंज क्षेत्र के एचएएल कोरवा गेट नंबर दो के सामने स्थित लकी फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में शुक्रवार देर रात शॉर्ट सर्किट से अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान और गोदाम को चपेट में ले लिया। दुकान संचालिका पुष्पा देवी ने बताया कि आग लगने से करीब 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग की चपेट में आकर मकान की दीवारें, दरवाजे, खिड़कियां और टाइल्स भी नष्ट हो गईं। लपटें उठती देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी, सूचना पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों का माल स्वाहा हो चुका था। पुष्पा देवी ने बताया कि दुकान ही परिवार की आजीविका का एक मात्र सहारा थी। आग से सब कुछ खत्म हो गया। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। जांच की जा रही है। आग से हुए नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

# डीएम ने काशीराम कॉलोनी की देखीं व्यवस्थाएं

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने नगर पालिका बिसवां स्थित काशीराम कॉलोनी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि 157 आवास है, जिसमें से 13 ब्लॉक है तथा 99 आवासों का आवंटन पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 58 आवासों पर कब्जा हैं, कब्जेदारों पर नोटिस जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बिसवां एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द आपात्रों से आवास खाली कराये जाएं तथा पात्र व्यक्तियों को ही आवास आवंटित किया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों की जांच सही से की जाये।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि आवासों में शुद्ध पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे यहां पर रहने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गिट्टी लदा ट्रक खाई में पलटा, चालक घायल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर शुक्रवार देर धरौली गांव के पास गिट्टी से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी गहरी खाई में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरा चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार ट्रक महोबा से गिट्टी लेकर बलरामपुर जा रहा था। देर रात धरौली गांव के पास हाईवे किनारे खड़ी एक डीसीएम अचानक सामने आ गई। इससे ट्रक चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे बनी खाई में जा गिरा। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घायल चालक की पहचान श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र स्थित मोहनीपुर निवासी अगद पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है।

# तमंचा कारतूस के साथ ऑपरेशन चक्रव्यूह में फंसा हिस्ट्रीशीटर

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त रामहेत पुत्र स्व. जगरूप निवासी पूरे गुमान मजरे दक्खिन गांव थाना बाजार शुक्ल को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना बाजारशुक्ल पर हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी, मारपीट, गैंगेस्टर, पॉक्सो एक्ट आदि विभिन्न धाराओं में दर्जनों अभियोग पंजीकृत हैं।

# पम्पिंग स्टेशन से जलभराव की समस्या होगी दूर : एमएलसी

- हवन पूजन के साथ किया गया भूमि पूजन
- शासन ने पहली किश्त में जारी किए दो करोड़ रुपये

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद के रामनगर वार्ड संख्या-3 स्थित पश्चिमी बाईपास के पास अपशिष्ट जल एवं बाढ़ निकासी की समस्या के समाधान के लिए रामनगर में ब्रह्मदेव मंदिर के पास भूमि पूजन करके कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे पूर्व जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी ने कहा उत्तर प्रदेश शासन ने सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत प्रस्तावित अपशिष्ट जल/बाढ़ पम्पिंग स्टेशन एवं नाला निर्माण परियोजना को 837.94 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही प्रथम किश्त के रूप में 2 करोड़ रुपये की धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई है। सीएंडडीएस उत्तर प्रदेश जलनिगम नगरीय की देखरेख में प्रेम इंटर प्राइजेज गोरखपुर की कार्यदायी संस्था द्वारा यह कार्य कराया जाएगा। अक्टूबर 2027 तक कार्य पूर्ण होने की अवधि निर्धारित की गई है।

मुख्य अतिथि एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह (गुरूजी) ने कहा यह योजना पूर्ण होने के बाद इस क्षेत्र के निवासियों को जल भराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा इस योजना को स्वीकृत कराने के लिए विपिन द्विवेदी सहित पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे और एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह का महत्वपूर्ण योगदान है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा निकाय चुनाव में निर्वाचित होने के बाद बरसात शुरू होते ही मुझे इस जगह जल भराव की समस्या से जूझना पड़ा था। इसके लिए पहले चार लाख रुपए की योजना स्वीकृत कराई थी लेकिन धनराशि बहुत कम होने के कारण वह रुपया नहीं लिया गया। अब काफी बड़ी योजना स्वीकृत हो गई है। इसके पूरा हो जाने से नगर के मोहल्ला रामनगर, सुभाष नगर व आर्य नगर के लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। इससे पहले आचार्य पंडित सुधीर तिवारी ने हवन पूजन कराया।

कार्यक्रम में प्रेम एंटरप्राइजेज गोरखपुर के ठेकेदार कृष्णा सिंह, आशुतोष द्विवेदी, रजत त्रिपाठी, देवेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, पीयूष गुप्ता, रिंकू दिक्षित, विनीत त्रिपाठी, मोनू चौहान, शिवम त्रिपाठी, अशोक गुप्ता, हरिओम दुबे, अरविंद गुप्ता एवं नरेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हाईटेंशन टावर पर चढ़ा युवक हंगामे के बाद भेजा गया जेल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बहवलपुर गांव निवासी अर्जुन उर्फ अलुआ ने शुक्रवार को उस समय हडकंप मचा दिया, जब वह पुलिस चौकी के सामने स्थित हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया और काफी देर तक हंगामा करता रहा। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी समझाने-बुझाने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। घटना के दौरान किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि युवक मोबाइल पर रील देखकर और आए दिन सामने आ रही टावर पर चढने की घटनाओं से प्रभावित था। इसी के चलते उसने अतिरिक्त दबाव बनाने और लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह कदम उठाया। उन्होंने बताया कि युवक का कोई स्पष्ट विवाद सामने नहीं आया, बल्कि वह बेवजह हंगामा कर रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ शांतिभंग की आशंका के तहत कार्रवाई करते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। उप जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने मामले को गंभीर मानते हुए अर्जुन उर्फ अलुआ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए।

# नए भवन निर्माण में मानकों की धज्जियां, किसानों में आक्रोश



- एडवोकेट रामेंद्र त्रिपाठी ने चिंता जताते हुए कहा, जब नींव ही कमजोर होगी तो पूरा भवन कैसे सुरक्षित रहेगा?

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

किसान सेवा सहकारी समिति (पश्चिमी) में 33 लाख रुपये की लागत से बन रहे नए भवन को मानकों के अनुसार नहीं बनाया जा रहा है। इस कारण समिति के सदस्यों में काफी रोष व्याप्त है।

समिति अध्यक्ष स्नेह लता त्रिपाठी के प्रतिनिधि एडवोकेट रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सहकारिता विभाग से 33 लाख रुपये स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, फर्रुखाबाद को सौंपा गया था। प्रस्तावित भवन में दो 50-50 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम, एक शौचालय, सीएससी केंद्र और कार्यालय का निर्माण होना है।

निर्माण शुरू होते ही ठेकेदार शिव प्रताप द्वारा दोयम दर्जे की ईंटें मंगाए जाने पर आपत्ति के बाद उन्हें वापस कर अव्वल दर्जे की ईंटें मंगवाई गईं। हालांकि, वर्तमान में नींव भराई के दौरान 8:1 के अनुपात में मसाला इस्तेमाल किया जा रहा है तथा 6 इंच की जगह मात्र 4 इंच की गिट्टी डाली जा रही है। एडवोकेट रामेंद्र त्रिपाठी ने चिंता जताते हुए कहा, जब नींव ही कमजोर होगी तो पूरा भवन कैसे सुरक्षित रहेगा? उन्होंने बताया कि पुराना भवन जर्जर हो चुका है और बरसात में जलभराव के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नया भवन बनने के बाद पुराने भवन को निष्प्रयोज घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## जनगणना 2027 में गुरसहायगंज बना मिसाल, उत्कृष्ट कार्य पर पूजा तिवारी व सुनील सिंह को किया सम्मानित

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित स्वगणना (सेल्फ ऐनुमैरेशन ) अभियान अब सफलता की नई मिसाल बनता दिखाई दे रहा है। पालिका की नवाचार आधारित कार्यप्रणाली और जनसहभागिता के चलते प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्यक्रम में रिकॉर्ड समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न हुआ। इसी क्रम में प्रगणक पूजा तिवारी ने अपने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक संख्या-29 के अंतर्गत कुल 245 जनगणना मकानों की गणना का कार्य मात्र एक ही दिन में पूर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उनकी इस उत्कृष्ट कार्यप्रणाली में पर्यवेक्षक सुनील सिंह का तकनीकी मार्गदर्शन एवं गुणवत्ता नियंत्रण भी महत्वपूर्ण रहा। नगर पालिका परिषद द्वारा प्रत्येक वार्ड में प्रेरकों की नियुक्ति कर नागरिकों को स्वगणना प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया। प्रत्येक भवन पर स्वगणना घर का विशेष स्टीकर चस्पा किया गया, जिससे फील्ड में प्रगणकों को कार्य करने में काफी सुविधा मिली और कांटेक्टलेस ऐनुमैरेशन को गति प्राप्त हुई। पालिका की वार्ड आधारित माइक्रो प्लानिंग, डिजिटल मॉनिटरिंग, जनजागरूकता अभियान और नागरिक सहभागिता मॉडल को अब अन्य निकायों के लिए भी प्रेरणादायी माना जा रहा है। पूजा तिवारी एवं सुनील सिंह की उत्कृष्ट उपलब्धि को देखते हुए गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मा. मंत्री कैलाश राजपूत ने प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायिका अर्चना पाण्डेय की उपस्थिति में दोनों को प्रशस्ति पत्र एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कहा कि जनसहभागिता, तकनीकी समन्वय और नवाचार के माध्यम से जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को कम समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सकता है। पालिका प्रशासन ने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि अन्य प्रगणकों और निकायों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी तथा जनगणना 2027 में नागरिक सहभागिता को और मजबूती मिलेगी

# अपने माता-पिता को कष्ट देने वाला कभी खुशहाल नहीं हो सकता

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला तिवारियान के चंद्रकांता पैलेस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य पंडित हरिशंकर ने कहा अपने माता-पिता को कष्ट देने वाला व्यक्ति कभी भी खुशहाल नहीं हो सकता। जीवन भर वह संकटों से घिरा ही रहेगा।

उन्होंने धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि एक ही पिता की दो संतानें थीं। गोकर्ण विद्वान पंडित और ज्ञानी था, जबकि दूसरा धुंधकारी दुष्ट, नशेड़ी, क्रोधी, व्यभिचारी व माता-पिता को परेशान करने वाला था। वह माता-पिता की सारी संपत्ति नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि वह पिता को मार मार कर घर से निकाल देता है। तब उसका दूसरा भाई गोकर्ण पिता को वैराग्य का उपदेश देता है और कहता है कि आप प्रभु की शरण में वन चले जाएं। भगवत भजन ही सबसे बड़ा धर्म है। अपने पुत्र की बात मानकर आत्मदेव वन चले जाते हैं। धुंधकारी बाद में अपनी माता धुंधली को सताने लगता है। वह आत्महत्या कर लेती हैं। वेश्यावृत्ति में शामिल धुंधकारी को एक दिन वेश्याएं ही मार डालती हैं। एक दिन गोकर्ण को सोते समय वह बताता है कि भाई मैं प्रेत योनी में कुकर्मों की सजा भोग रहा हूं। गोकर्ण कहता है मैंने गया में श्राद्ध किया फिर भी तुम प्रेत योनी से मुक्त कैसे नहीं हुए। फिर गोकर्ण ने भगवान सूर्यदेव से उपाय पूछा तो उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से ही मुक्ति हो सकती है। गोकर्ण ने अपनी तपस्या से अपने भाई धुंधकारी को पापों से मुक्त कराया। इस दौरान हरिओम बीना त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, अम्बुज, सुशील चतुर्वेदी, सभासद धर्मेंद्र दुबे, दिनेश कटियार, नीरज मिश्रा, कालिका मिश्रा, गौरव तिवारी सहित कई महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## 400 केवीए ट्रांसफार्मर में आई खराबी से बिजली आपूर्ति बाधित, मरम्मत कार्य जारी

**गुरसहायगंज।** नगर के तिराहे पर स्थापित 400 केवीए ट्रांसफार्मर में आंतरिक तकनीकी खराबी आने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अचानक बाधित हो गई। बिजली गुल होते ही आसपास के इलाकों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, खासकर भीषण गर्मी के कारण उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ गईं। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रांसफार्मर की जांच शुरू की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार ट्रांसफार्मर के अंदर तकनीकी फॉल्ट आने के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है। खराबी को दूर करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन तकनीकी समस्या गंभीर होने के चलते बिजली आपूर्ति बहाल होने में कुछ समय लग सकता है। विद्युत विभाग ने बताया कि कर्मचारियों की टीम लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हुई है और जल्द से जल्द सप्लाई सुचारु करने का प्रयास किया।

# गंगा दशहरा के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

- 25 मई को स्नान पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट
- ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गंगा दशहरा पर्व को सकुशल और सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। 25 मई को होने वाले पावन स्नान पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना कोतवाली क्षेत्र के मेंहदी घाट का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल और रूट डायवर्जन की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि स्नान पर्व के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

प्रशासन की ओर से घाट क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही फ्लड पीएसी और प्रशिक्षित गोताखोरों को भी लगाया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत राहत और बचाव कार्य किया जा सके। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया-पाया केंद्र स्थापित किया गया है तथा मेला क्षेत्र को सेक्टरों में बांटकर निगरानी की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों का भी सहारा लिया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बातों में उलझाकर आशा कार्यकत्री से जेवरात-नगदी हड़पे

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



- अस्पताल रोड पर रास्ते में दिया वारदात को अंजाम

आशा कार्यकत्री को दो टप्पेबाजों में अपनी बातों में उसे ऐसे उलझाया कि वह अपनी सुधबुध खो बैठी। मरीजों को अस्पताल में छोड़कर उन टप्पेबाजों के साथ अस्पताल रोड पर पहुंच गई। वहां आशा कार्यकत्री ने पहने हुए जेवरात उतारकर और पर्स में रखी हजारों की नगदी निकालकर टप्पेबाजों को सौंप दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस अब टप्पेबाजों की तलाश के लिए अस्पताल रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के द्वारिकापुर गांव की आशा कार्यकत्री सोनश्री पत्नी मुकेश राजपूत शनिवार को गांव की गर्भवती सरिता व बुखार पीड़ित सविता को दिखाने के लिए 102 एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। आशा कार्यकत्री ने बताया कि वह अस्पताल में साथ लाए मरीजों का पर्चा बनवाने काउंटर पर पहुंची, रजिस्ट्रेशन के लिए ओटीपी लेने वह मरीजों के पास जा रही थी, तभी रास्ते में उसे दो युवक मिले। आशा ने बताया कि उन दोनों ने उसे अपनी बातों में ऐसा उलझाया कि वह उनके इशारे पर काम करने लगी। पहले उन्होंने धूप बत्ती दिलाने की बात कही। इस पर वह अस्पताल से कुछ दूर स्थित दुकान से धूप बत्ती लेने पहुंची, तो उन दोनों ने धूप बत्ती लेने से मना कर दिया और चाय पिलाने की बात कही। इस पर वह उन दोनों को चाय पिलाने जा रही थी, तभी रास्ते में उन युवकों ने उसके साथ पता नहीं क्या किया कि फिर उसे कुछ होश नहीं रहा। वह जैसा कहते गए, वह वैसा करती गई। दोनों युवकों ने उससे कान के टोप्स और गले में पहने सोने की मटरमाला उतरवा ली। इसके बाद उन लोगों ने पर्स में रखे 11 हजार रूपये की नगदी भी उससे लेकर अपने कब्जे में कर ली और वहां से दोनों रफूचक्कर हो गए। कुछ देर बाद जब उसे होश आया, तो पता चला कि वह पूरी तरह लुट चुकी है, जिससे उसके होश उड़ गए और फिर वह वहीं रोने-चीखने लगी। आशा को सडक़ पर रोता बिलखता देख, लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही कोतवाल कपिल दुबे, कस्बा चौकी इंचार्ज मनुज चौधरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित आशा से घटना के संबंध में पूछताछ की। इसके बाद अस्पताल रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि टप्पेबाजों की तलाश की जा रही है। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी कर उनके फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# छह किलो गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली कन्नौज पुलिस ने दो युवकों को छह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।जितेन्द्र प्रताप सिंह की टीम ने मोचीपुर क्रॉसिंग से ददौरा बुजुर्ग क्रॉसिंग के बीच कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल शर्मा निवासी कृष्णनगर नई बस्ती थाना आदर्श नगर, बाराबंकी और प्रिंस वर्मा निवासी नाका चौराहा, बाराबंकी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान दोनों के पास से छह किलो अवैध गांजा बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार बरामदगी के आधार पर कोतवाली कन्नौज में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक करनवीर सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# मृतक की जमीन के फर्जी बैनामे पर एसडीएम सख्त

- लेखपाल को धमकी देने के मामले में भी मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ठठिया थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में शनिवार को एसडीएम राजेश कुमार ने दो गंभीर मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए जांच और मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। ठठिया निवासी अमित कुमार द्विवेदी ने शिकायत कर आरोप लगाया कि गाटा संख्या 1093/4 की जमीन, जो वर्ष 1983 में बाबूराम के नाम आवंटित हुई थी, उसका फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा करा लिया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार बाबूराम की करीब 30 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि एक गैंगस्टर प्रवृत्ति के युवक ने मृतक के नाम पर फर्जी व्यक्ति खड़ा कर 22 मई 2024 को तिर्वा रजिस्ट्रार कार्यालय में जमीन का बैनामा करा दिया। शिकायत में यह भी कहा गया कि मृतक अनुसूचित जाति के थे, लेकिन दस्तावेजों में उनकी जाति बदलकर दाखिल-खारिज करा लिया गया। एसडीएम ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं, सरसई गांव के लेखपाल तौशिब रजा ने गांव निवासी यदुनाथ पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। इस मामले में भी थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## ट्रांसफार्मर में आई खराबी से बिजली आपूर्ति बाधित, मरम्मत कार्य जारी

**गुरसहायगंज।** नगर के तिराहे पर स्थापित 400 केवीए ट्रांसफार्मर में आंतरिक तकनीकी खराबी आने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अचानक बाधित हो गई। बिजली गुल होते ही आसपास के इलाकों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, खासकर भीषण गर्मी के कारण उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ गईं। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रांसफार्मर की जांच शुरू की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार ट्रांसफार्मर के अंदर तकनीकी फॉल्ट आने के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है। खराबी को दूर करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन तकनीकी समस्या गंभीर होने के चलते बिजली आपूर्ति बहाल होने में कुछ समय लग सकता है। विभाग ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# अपहरण व पॉक्सो एक्ट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**इन्दरगढ़/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- इन्दरगढ़ पुलिस ने कटैया पुल के पास से दबोचा

इन्दरगढ़ थाना पुलिस ने अपहरण और पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कटैया पुल के पास बने यात्री प्रतीक्षालय से पकड़ा।

पुलिस के अनुसार आठ मार्च 2026 को थाना इन्दरगढ़ में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले में आरोपी विष्णु कुमार निवासी जरैलापुर्वा थाना ककवन, कानपुर नगर के खिलाफ धारा 137(2) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान विकास कुमार निवासी मक्कापुरवा थाना इन्दरगढ़ का नाम भी सामने आया। इसके बाद मुकदमे में धारा 65(1) बीएनएस और 3/4(2) पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। शनिवार सुबह पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुरेशचंद्र, कांस्टेबल सौरभ सिंह और रि.आरक्षी शिवम जायसवाल शामिल रहे।

# गुरसहायगंज मॉडल बना मिसाल, उत्कृष्ट कार्य पर पूजा तिवारी व सुनील सिंह को किया सम्मानित

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित स्वगणना (सेल्फ ऐनुमैरेशन ) अभियान अब सफलता की नई मिसाल बनता दिखाई दे रहा है। पालिका की नवाचार आधारित कार्यप्रणाली और जनसहभागिता के चलते प्रथम चरण ÷मकान सूचीकरण एवं मकान गणना÷ कार्यक्रम में रिकॉर्ड समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न हुआ।

इसी क्रम में प्रगणक पूजा तिवारी ने अपने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक संख्या-29 के अंतर्गत कुल 245 जनगणना मकानों की गणना का कार्य मात्र एक ही दिन में पूर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उनकी इस उत्कृष्ट कार्यप्रणाली में पर्यवेक्षक सुनील सिंह का तकनीकी मार्गदर्शन एवं गुणवत्ता नियंत्रण भी महत्वपूर्ण रहा।

नगर पालिका परिषद द्वारा प्रत्येक वार्ड में प्रेरकों की नियुक्ति कर नागरिकों को स्वगणना प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया। प्रत्येक भवन पर स्वगणना घर का विशेष स्टीकर चस्पा किया गया, जिससे फील्ड में प्रगणकों को कार्य करने में काफी सुविधा मिली और कांटेक्टलेस ऐनुमैरेशन को गति प्राप्त हुई। पालिका की वार्ड आधारित माइक्रो प्लानिंग, डिजिटल मॉनिटरिंग, जनजागरूकता अभियान और नागरिक सहभागिता मॉडल को अब अन्य निकायों के लिए भी प्रेरणादायी माना जा रहा है। पूजा तिवारी एवं सुनील सिंह की उत्कृष्ट उपलब्धि को देखते हुए गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मा. मंत्री कैलाश राजपूत ने प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायिका अर्चना पाण्डेय की उपस्थिति में दोनों को प्रशस्ति पत्र एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कहा कि जनसहभागिता, तकनीकी समन्वय और नवाचार के माध्यम से जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को कम समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सकता है।

पालिका प्रशासन ने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि अन्य प्रगणकों और निकायों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी तथा जनगणना 2027 में नागरिक सहभागिता को और मजबूती मिलेगी।

## 25 मई से शुरू होगा मुफ्त राशन वितरण

**कन्नौज।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जिले में जून माह के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण 25 मई से 10 जून तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी उचित दर दुकानों पर पात्र कार्डधारकों को गेहूं, चावल और मोटा अनाज वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलो गेहूं, 16 किलो चावल और 5 किलो मोटा अनाज सहित कुल 35 किलो राशन नि:शुल्क मिलेगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलो गेहूं, 1 किलो चावल और 2 किलो मोटा अनाज सहित कुल 5 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा। मोटे अनाज का स्टॉक समाप्त होने पर उसके स्थान पर चावल वितरित किया जाएगा। राशन वितरण ई-पॉस मशीनों के माध्यम से सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक कराया जाएगा।

# अवैध खनन पर चला प्रशासन का चाबुक, छह वाहनों पर कार्रवाई

- संयुक्त अभियान में 2.84 लाख रुपये जुर्माना वसूला

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिले में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर छह वाहनों का चालान किया और करीब 2.84 लाख रुपये जुर्माना वसूला।

अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं प्रभारी अधिकारी खनिज देवेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैघ खनन पर जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सुर्सी मार्ग पर मौरम से भरे दो वाहन, मिट्टी का एक वाहन और जिप्सम से भरा एक वाहन पकड़ा गया। वहीं सौरिख क्षेत्र में गिट्टी से भरे एक वाहन तथा सकरावा क्षेत्र में मौरम से भरे एक वाहन पर कार्रवाई की गई।

जिला खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक अवैध खनन के दो तथा अवैध परिवहन के 68 वाहनों पर कार्रवाई हो चुकी है। इससे करीब 37.74 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# आपरेशन के दौरान महिला की मौत, नर्सिंग होम में हंगामा

▸ नगर मजिस्ट्रेट ने पहुंचकर नर्सिंग होम कराया सील

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को मसेनी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान राजेपुर निवासी एक महिला की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस दर्दनाक घटना की जांच के लिए मौके पर पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अस्पताल परिसर में विवाद और धक्का-मुक्की की गई। माहौल बिगड़ता देख मौके पर मौजूद पुलिस बल ने किसी तरह हस्तक्षेप कर सीएमओ को सुरक्षित बाहर निकाला। सिटी मजिस्ट्रेट पारुल तरार ने बताया कि सूचना मिलते ही वह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं और जांच-पड़ताल कर संबंधित नर्सिंग होम के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार राजेपुर निवासी अश्वनी राठौर की 26 वर्षीय पत्नी श्वेता राठौड़ को पित्त की थैली में ऑपरेशन के लिए मसेनी चौराह रोड स्थित एक अस्पताल में शुक्रवार दोपहर में भर्ती कराया गया। शनिवार सुबह अस्पताल संचालक ने श्वेता के ससुर सत्यपाल को फोन कर ऑपरेशन के लिए अस्पताल आने की बात कही।

सत्यपाल का आरोप है कि जब वह अस्पताल पहुंचे, तब बहु को अस्पताल के कुछ कर्मचारी ऑक्सीजन लगा रहे थे। कुछ ही देर में श्वेता की मौत हो गई। इसके बाद पर परिजन ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कादरीगेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सुबह करीब 10: 30 बजे सीएमओ ने अस्पताल का निरीक्षण किया और कागजात अपने कब्जे में लिए। इसी दौरान अस्पताल में प्रबंधक के कुछ हमदर्द पहुंचे और उन्होंने सीएमओ पर आरोप लगाना शुरू कर दिए।

ऑपरेशन थिएटर में तू.तू.मैं.मैं के बाद माहौल बिगड़ गया। इसी दौरान सीएमओ अस्पताल के नीचे उतरने लगे, तो उनके साथ धक्का-मुक्की कर दी गई। वह मुश्किल अपनी कर तक पहुंचे। इसी दौरान अस्पताल संचालकों ने कर के आगे खड़े होकर हंगामा शुरू कर दिया।



परिचय-अस्पताल सील कराती नगर मजिस्ट्रेट व मृतका का फाइल फोटो


सीएमओ का घेराव करते लोग

## जांच करने पहुंचे सीएमओ से धक्का-मुक्की, पुलिस ने निकाला

अस्पताल में चीख-पुकार और हंगामे की सूचना मिलते ही कादरीगेट थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया और इलाज से जुड़े सभी जरूरी कागजात अपने कब्जे में ले लिए। इसी दौरान अस्पताल प्रबंधन के कुछ हमदर्द और समर्थक वहां पहुंचे और उन्होंने कार्रवाई का विरोध करते हुए सीधे सीएमओ पर ही तरह-तरह के आरोप लगाना शुरू कर दिए। ऑपरेशन थिएटर के बाहर दोनों पक्षों में तीखी बहस भी हुई। जिसके बाद वहां का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया। इसी हंगामे के दौरान जब सीएमओ अस्पताल की सीढ़ियों से नीचे उतरने लगे, तो अराजक तत्वों द्वारा उनके साथ सरेआम धक्का-मुक्की कर दी गई। वह किसी तरह मुश्किल से बचते हुए अस्पताल परिसर में खड़ी अपनी सरकारी कार तक पहुंचे। इसी बीच अस्पताल संचालकों और समर्थकों ने उनकी कार के आगे खड़े होकर दोबारा हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद कादरीगेट थाना पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं नर्सिंग होम संचालक राहुल राजपूत ने बताया कि महिला को शुक्रवार को भर्ती किया गया था और ऑपरेशन की सहमति भी ले ली गई थी। उनके अनुसार शनिवार सुबह ऑपरेशन थिएटर में ले जाने के बाद महिला ने घबराहट की शिकायत की। उन्होंने बताया कि अचानक महिला को पसीना आने लगा, बीपी डाउन हो गया और उसे कार्डियक अरेस्ट पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। कार्रवाई के दौरान कादरी गेट थाना पुलिस और आईटीआई चौकी पुलिस मौके पर मौजूद रही। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिटी मजिस्ट्रेट पारुल तरार ने बताया कि निरीक्षण में अस्पताल में आवश्यक मेडिकल मानकों का पालन नहीं पाया गया। इसी आधार पर नर्सिंग होम को सील करने की कार्रवाई की गई है।

## डीएम के निर्देश पर जांच कमेटी ने की जांच, अस्पताल में मिली अनियमिततायें

फर्रुखाबाद,। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की सुरक्षा तथा निजी चिकित्सालयों के संचालन में निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत निरीक्षण एवं निगरानी की कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को एस एस. हॉस्पिटल निकट मसेनी चौराहा, में उपचार के दौरान एक महिला मरीज श्वेता पत्नी अश्वनी निवासी ग्राम राजेपुर की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई। प्रकरण को जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए गए।

डीएम के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया। जिसमें क्षेत्राधिकारी नगर के साथ कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी से उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.सी. माथुर एवं डॉ. दीपक कटारिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी सम्मिलित रहे। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर एस.एस. हॉस्पिटल का गहन निरीक्षण एवं अभिलेखों की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय की ऑपरेशन थियेटर ओ.टी. में आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त मृतका की बी.एच.टी. फाइल अपूर्ण पाई गई तथा मरीज के उपचार संबंधी अभिलेखों में भी आवश्यक प्रविष्टियां एवं चिकित्सकीय विवरण संतोषजनक रूप से उपलब्ध नहीं मिले। जांच के दौरान चिकित्सालय के संचालन में विभिन्न अनियमितताएं परिलक्षित हुई तथा चिकित्सालय का संचालन शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप न पाए जाने पर संयुक्त टीम द्वारा तत्काल प्रभाव से एस.एस. हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। प्रकरण में संबंधित चिकित्सालय प्रबंधन एवं उत्तरदायी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने सीएचसी कमालगंज का किया निरीक्षण, मिली गंदगी

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने रजिस्ट्रेशन काउंटर पर रजिस्ट्रेशन रजिस्टर का अवलोकन किया। जिसमें कुल 200 मरीजों के पर्चे बनाए जाना पाया। डीएम ने निर्देशित किया कि रजिस्ट्रेशन के समय प्रत्येक मरीज की आभा आईडी अनिवार्य रूप से बनाई जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटल रिकॉर्ड सुव्यवस्थित रखा जा सके। आयुष ओपीडी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां उपलब्ध दवाओं की सूची चस्पा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में अस्पताल की बेडशीट एवं बाथरूम गंदे पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में डस्टबिन कलर कोडिंग के अनुसार नहीं पाए गए तथा गंदगी की स्थिति भी पाई गई। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को दिए जाने वाले दवा पर्चे पर दवाओं का डोज एवं सेवन की अवधि स्पष्ट रूप से अंकित की जाए। साथ ही ड्रग हाउस में उपलब्ध सभी दवाओं की सूची प्रत्येक चिकित्सक कक्ष में प्रदर्शित करने तथा उपलब्ध दवाओं का संपूर्ण डाटा कम्प्यूटर में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजन गौतम सहित संबंधित अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।


सीएचसी का निरीक्षण करती डीएम

## युवक को पीटने में मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना अंतर्गत ग्राम उमरपुर निवासी मोनू पुत्र दिलीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि गांव के दबंग आंसू उर्फचीता, जीतू उर्फडुकरा पुत्रगण राजू और बऊआ पुत्र दुर्जन सिंह मेरे भाई अनुराग को चाकू से गोदकर गंभीर रूप से घायल किया। उसके पेट में चाकू से कई बार हमला किया। वहीं लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर लोहिया रेफर कर दिया गया। लोहिया से भी चिकित्सक ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ धारा 152 (2), 352, 118 (1),109(1) बीएस की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है।

## मामा के यहां छुट्टी मनाने आयी किशोरी की गंगा में डूबने से मौत


मृतका का फाइल फोटो

कम्पिल, समृद्धि न्यूज। गर्मी की छुट्टियां बिताने मामा के घर आई 15 वर्षीय किशोरी की गंगा में डूबने से मौत हो गई। कुछ घंटे पहले तक परिवार के साथ हंसी-खुशी समय बिता रही बच्ची की मौत की खबर मिलते ही घर में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी अनुराग त्रिपाठी कंपिल स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मैनेजर हैं। उनकी बहन रूचि अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने कंपिल आई हुई थीं। शनिवार सुबह करीब 10 बजे अनुराग त्रिपाठी के बहनोई जनपद इटावा के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी योगेश त्रिपाठी परिवार के अन्य लोगों के साथ बदायूं जनपद के अटैना घाट पर गंगा स्नान करने पहुंचे थे।
बताया गया कि स्नान के दौरान अचानक पांच लोग गहरे पानी में चले गए। घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल नदी में उतरकर चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन योगेश त्रिपाठी की 15 वर्षीय पुत्री शिवा गहरे पानी में समा गई। सूचना पर पहुंचे गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद किशोरी को बाहर निकाला। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सक ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही स्वजन बदहवास हो गए और अस्पताल परिसर में रोने-बिलखने लगे। बताया गया कि शिवा चार बहनों में दूसरे नंबर की थी और उसका कोई भाई नहीं है। परिवार की चहेती बेटी की अचानक मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया और शव को अपने साथ इटावा ले गए।

# खबरें एक नजर में

## शिक्षक सुनील कुमार ने ग्राम जाफर नगर में की जनगणना


जनगणना करते शिक्षक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनगणना योजना के तहत जनगणना कर्मी घर-घर पहुंचकर गणना कर रहे है। नगर पंचायत क्षेत्र में सरकार के द्वारा चलाई जा रही है जनगणना के तहत शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के मोहल्ला की गांव जाफर नगर में गणना कर्मी सुनील कुमार अध्यापक ने गांव में जाकर गणना का काम शुरू कर दिया। शिक्षक सुनील कुमार ने बताया की जनगणना का कार्य बहुत ही आवश्यक है और कोई भी व्यक्ति अपनी जानकारी ना छुपाए, जितने भी जानकारियां हैं वह गणना कर्मी के साथ साझा करें। जिससे कि किसी भी व्यक्ति के परिवार के साथ कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो सके और जनगणना कर्मी का सहयोग करें।

## गृहकलह के चलते युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। गृहकलह के चलते युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र रतीराम ने गृहकलह के चलते खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि महेन्द्र व उसकी पत्नी विवाद हुआ था। जिससे क्षुब्ध होकर महेन्द्र ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

## बकरियां भगाने पर दबंग ने युवक को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर के बरतल वाली गली निवासी रवीन्द्र सिंह के खेत में सुबह लगभग सात बजे गांव करहि निवासी युवक की बकरियां फसल को खाने लगी। जिस पर रवीन्द्र ने बकरियों को खेत से भगा दिया। जिसको लेकर युवक रवीन्द्र को गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर युवक रवीन्द्र को लाठी-डंडे से मारपीट करने लगा। थाना पुलिस को रवीन्द्र सिंह ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने छापेमारी कर संदिग्ध दवाओं के भरे सैम्पल

नियमानुसार मेडिकल स्टोर का संचालन नहीं होने पर निरस्त होगा लाइसेंस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला प्रशासन एवं शासन के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश द्विवेदी ने देव फार्मास्युटीकल का औचक निरीक्षक कर संदिग्धता के आधार पर दवाओं के तीन सैम्प भरे। जिन्हे सील कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश द्विवेदी ने बताया कि जांच के दौरान कोडीन एवं अन्य नारकोटिक दवाओं के रख-रखाव एवं उनकी बिक्री के रिकार्ड के संबंध में प्रो0 से पूछताछ भी की। हालांकि इन औषधियों के भण्डाराण संबंधी साक्ष्य नहीं मिले। उन्होंने बताया कि इसके अलावा दवाओं की बिक्री एवं खरीद से संबंधित अभिलेखों की भी जांच की। जांच के दौरान मौके पर मौजूद प्रोपराइटर को औषधि निरीक्षक ने सख्त चेतावनी देते हुए कमियों को दूर रखने के निर्देश दिये। साथ ही फर्म के मैप नक्शा एवं स्वामित्व से संबंधित अभिलेख तत्काल प्रस्तुत करने के आदेश दिये। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि जो मेडिकल स्टोर संचालक नियमानुसार कार्य नहीं कर रहे है उनके लाइसेंस निलंबन एवं निरस्तीकरण की प्रक्रिया औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## छेड़छाड़ करने के मामले में तीन पर दोषसिद्ध

▸ सजा के बिंदु पर 26 मई की तिथि नियत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दलित उत्पीड़न व छेड़छाड़ करने के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष एससीएसटी एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह प्रथम ने अभियुक्त फैसल पुत्र बौरे ख़ां, माजिद उर्फशामीर पुत्र बाबू ख़ां, लला उर्फलंगड़ा उर्फअब्दुल रहमान पुत्र मुल्तान खा निवासी पपड़ी खुर्द बुजुर्ग कायमगंज को दोषसिद्ध कर न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 26 मई की तिथि नियत की गई है।
विगत 9 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया था कि पांच अप्रैल 2017 को समय करीब 12 बजे दिन में मेरी 17 वर्षीय पुत्री समोसे लेने घर से कुछ दूरी गई थी, तो मेरी पुत्री का साइकिल से पीछा फैसल ने किया। मेरी पुत्री से साइकिल से ही थी तथा फैसल ने साइकिल ने मेरी पुत्री को पकड़ कर ताला लगा दिया व साइकिल भी छुपा दी। जब मेरी पुत्री ने विरोध किया व साइकिल मांगी तो फैसल ने अपने दो साथी मजीद, लला को फोन करके बुला लिया व यह तीनों लोग मेरी पुत्री को बाग की तरफखींच कर ले गए। अश्लील हरकते करने लगे। जब मेरी पुत्री चिल्लाने लगी, आवाज सुनकर कुछ लोग आ गए। उपरोक्त आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त फैसल, शमीर, लला उर्फअब्दुल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 23 मई की तिथि नियत की है।

# डीएम ने आगामी गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत श्रंगीरामपुर का किया निरीक्षण

▸ पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली श्रंगीरामपुर में आगामी गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले एवं स्नान व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या तथा उन्हें होने वाली संभावित समस्याओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डीएम ने निर्देशित किया कि जनपद सहित अन्य जनपदों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। डीएम निर्देशित किया कि मेले के दौरान संचालित होने वाली सभी नावों, नाविकों एवं गोताखोरों के नाम एवं मोबाइल नंबरों की सूची तैयार कर संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए।

जिससे किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल संपर्क स्थापित किया जा सके। उन्होंने मेला क्षेत्र में खोया-पाया केंद्र स्थापित करने, समुचित पी.ए. सिस्टम लगाने तथा श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पानी के टैंकर लगाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था कराने, घाट तक पहुंच मार्ग को दुरुस्त कराने, घाटों पर बैरिकेडिंग कराने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि गंगा दशहरा मेला सकुशल, सुरक्षित एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


श्रंगीरामपुर का निरीक्षण करती डीएम

# शिकायत का फर्जी निस्तारण पर ग्रामीण का अनिश्चितकालीन अनशन जारी

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र अमृतपुर के ग्राम बलीपट्टी रानी गांव निवासी श्याम बिहारी अवस्थी अपनी विभिन्न मांगों और शिकायतों को लेकर गुरुवार से अपने आवास पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। ग्रामीण द्वारा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों पर शिकायतों के कथित फर्जी निस्तारण तथा जनसमस्याओं की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

ग्रामीण द्वारा अन्न-जल त्याग कर भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में बैठकर आंदोलन किए जाने की चर्चा पूरे क्षेत्र में बनी हुई है। धरने पर बैठे श्याम बिहारी अवस्थी का कहना है कि उनके आंदोलन का मुख्य कारण संपूर्ण समाधान दिवस और जनता दर्शन में दिए गए प्रार्थना पत्रों का कथित रूप से फर्जी निस्तारण किया जाना है। उनका आरोप है कि स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी शिकायतों का वास्तविक समाधान करने के बजाय केवल कागजी कार्रवाई कर मामलों को बंद दिखा रहे हैं, जिससे शासन की मंशा और सरकार की छवि प्रभावित हो रही है। नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह ने शुक्रवार सुबह और देर रात श्याम बिहारी अवस्थी से वार्ता की, लेकिन दोनों दौर की बातचीत किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी। शनिवार सुबह उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह राजस्व टीम के साथ ग्रामीण के आवास पहुंचे। इस दौरान श्याम बिहारी अवस्थी ने अपने सभी प्रार्थना पत्रों का रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की मांग रखी। तहसील प्रशासन द्वारा करीब चार से पांच घंटे बाद संबंधित जानकारी उपलब्ध कराकर पुनः वार्ता की गई। लगभग एक से दो घंटे चली बातचीत के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। धरने के दौरान कई बार श्याम बिहारी अवस्थी की तबीयत बिगड़ने की भी सूचना रही। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. अमित राजपूत ने मौके पर पहुंचकर उनका चिकित्सीय परीक्षण किया और आवश्यक दवाएं दीं। उप जिलाधिकारी और धरने पर बैठे श्याम बिहारी अवस्थी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता भी की। उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने कहा कि तहसील प्रशासन की ओर से यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि तहसील और राजस्व विभाग से जुड़ी सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा। वहीं श्याम बिहारी अवस्थी ने बताया कि उप जिलाधिकारी के सम्मान में वह रविवार से तपती धूप में नहीं बैठेंगे, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान होने तक अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि जिलाधिकारी से वार्ता होती है, तो वह जल ग्रहण करते हुए आंदोलन जारी रखने पर विचार कर सकते हैं। राष्ट्रीय ब्रह्म मंच के जिला महासचिव अंकित तिवारी ने घोषणा की है कि यदि रविवार तक न्याय नहीं मिला, तो उनका संगठन श्याम बिहारी अवस्थी के समर्थन में धरने पर बैठेगा।


श्याम बिहारी से वार्ता करते उपजिलाधिकारी

## गंगा में डूबने से युवक की मौत

▸ दोस्तों के साथ गया था गंगा नहाने
▸ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पांचाल घाट पर दोस्तों के साथ गंगा में नहाते समय किशोर की डूबने से मौत हो गई। दोस्तों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम अमेठी जदीद निवासी मुकेश कठेरिया का 16 वर्षीय पुत्र अरविंद उर्फ गोलू अपने तीन दोस्तों के साथ पांचाल घाट पर गंगा नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्तों के शोर मचाने पर वहां भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से अरविंद के शव को गंगा से बाहर निकाला गया। उसे तत्काल लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता मुकेश कठेरिया ने बताया कि उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। उनका बड़ा बेटा अनूप 19 वर्ष बाहर रहकर काम करता है और मुकेश स्वयं मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। उन्होंने बताया कि अरविंद जयपुर में छपाई का काम करता था और लगभग आठ दिन पहले ही घर लौटा था। मौत की सूचना परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# बोलेरो ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

अन्य घायलों को सीएचसी में कराया गया भर्ती

तेज रफ्तार बोलेरो ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसमें बैठी दो महिला की मौके पर ही मौत हो गयी व अन्य सवारियां गंभीर रुप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा निवासी 54 वर्षीय हसीन खाँ पुत्र मोहम्मद हसन ने अपने ई रिक्शा सवारी 62 वर्षीय देववती सक्सेना पत्नी श्यामवीर अपनी पोती अंशिका उम्र 12 वर्षीय पुत्री सोवरन तथा सुधा कठेरिया उम्र 60 वर्षीय पत्नी दिनेश कठेरिया अपनी बेटी लवली उम्र 20 वर्ष निवासी संकिसा, रजत गंगवार उम्र 26 वर्षीय पुत्र सर्वेश गंगवार निवासी अचरिया वाकरपुर थाना मेरापुर, सादाव पुत्र बाबू खॉ निवासी पितौरा थाना कायमगंज और राजवीर पुत्र बाबूराम को कायमगंज से बैठालकर अचरा मेरापुर की ओर ले जा रहा था। जैसे ही ई0 रिक्शा गाँव अलाहदादपुर के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने ई-रिक्शा में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो खेतों में जा गिरी और ई-रिक्शा पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ई-रिक्शा सवार देवकी सक्सेना तथा सुधा कठेरिया की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, आर्य चौधरी सहित पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों की मदद से चालक हसीन खॉन तथा सादाव, अंशिका सक्सेना, लवली कठेरिया, रजत गंगवार तथा राजवीर को ई-रिक्शा से बाहर निकालकर घायल अवस्था में तत्काल 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने मृतका देववती सक्सेना तथा सुधा कठेरिया के शवों का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


मृतका का फाइल फोटो


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# डीएम ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने कान्हा गौशाला देवराम गाढ़िया का औचक निरीक्षण कर वहां संरक्षित गौवंशों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गौवंश सुरक्षित एवं संरक्षित पाए गए। जिलाधिकारी ने गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए पशु टीकाकरण रजिस्टर, सहभागिता रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पशु चिकित्सक द्वारा अवगत कराया गया कि सहभागिता योजना के अंतर्गत अब तक 70 गौवंश विभिन्न व्यक्तियों को सुपुर्द किए जा चुके हैं तथा उनका प्रत्येक माह नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं चेकअप कराया जाता है। साथ ही गौवंशों को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं पोषण का समुचित ध्यान रखा जा सके। डीएम ने गौशाला परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान गौवंशों हेतु लगाए गए कुछ पंखे टूटे हुए पाए गए, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल पंखे बदलवाने एवं गौवंशों के लिए समुचित शीतल वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गौवंशों को गुड़, चना एवं केले खिलाए गए तथा उनके संरक्षण एवं देखभाल के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला में साफ-सफाई, पेयजल, चारा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं निरंतर बेहतर बनाए रखी जाएं। निरीक्षण के समय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


गौशाला का निरीक्षण करती डीएम

# ग्रुप कमांडर ने एनसीसी कैडेट्स को एआई के उपयोग व दुरुपयोग की दी जानकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशन में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 32 (आईजीएससी) का प्रातः फायरिंग रेंज पर उपस्थित होकर गहनता से निरीक्षण किया। जिसमें सभी एनसीसी कैडेट्स की शूटिंग देखी।

कैंप के छठवें दिन अलीगढ़ ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राजेश गुप्ता ने आरआरसी फतेहगढ़ में चल रहे एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण सिविर 32 का निरीक्षण किया। ग्रुप कमांडर द्वारा कैंप ले आउट, डाइनिंग हॉल, लिविंग, रिया, प्ले ग्राउंड, फायरिंग रेंज का गहनता से निरीक्षण किया तथा एनसीसी कैडेट्स को शूटिंग तथा ऑब्सटेकल कैडेट्स को सुझाव दिए। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को एआई तथा सोशल मीडिया का उपयोग तथा दुरुपयोग के बारे में जानकारी दी। कैप्टन बलविंदर सिंह ने ट्रैफिक से संबंधित नियमों को कैडेट्स को बताया। सुबह ग्रुप कमांडर बटालियन तथा सिखलाई फायरिंग रेंज ओर उपस्थित हुए जहां पर कैप्टन गिरिजा शंकर ने ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राजेश गुप्ता को रिपोर्ट दी। उन्होंने कैम्प का निरीक्षण किया। साथ ही स्वयं व कैम्प कमांडेंट कर्नल एएस मालिक वीएसए, एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खरोड तथा कैप्टन बलविंदर सिंह व कैप्टन गिरिजाशंकर के साथ 15-15 राउंड फायर किए।

कैम्प की व्यवस्था तथा खाने की व्यवस्था को देखकर ग्रुप कमांडर ने सराहा। साथ ही सभी एनसीसी कैडेट्स को और मेहनत करने की सलाह दी तथा एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन को बनाए रखना के लिए कहा। इस अवसर पर कैंप व्यवस्थापक कैम्प जेसीओ सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार गिरिराज किशोर, सूबेदार दिनेश, सूबेदार शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहा।



कैम्प का निरीक्षण करते ग्रुप कमाण्डर

## हेल्थ डे पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया गया संदेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओमनिवास सेवा केंद्र जटवारा जदीद अंगूरी बाग में आयोजित तीन दिवसीय राजयोग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शनिवार को हेल्थ डे मनाया गया। कार्यक्रम में भाई-बहनों एवं नगरवासियों को योग, व्यायाम एवं सकारात्मक जीवनशैली के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न एक्सरसाइज, योगाभ्यास एवं एक्टिविटीज कराई गईं। जिससे उपस्थित लोगों ने शारीरिक एवं मानसिक ताजगी का अनुभव किया। साथ ही संतुलित दिनचर्या, सकारात्मक सोच एवं तनावमुक्त जीवन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। बीके शोभा बहन ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य केवल शरीर से नहीं, बल्कि मन की स्थिति से भी जुड़ा हुआ है। यदि मन शांत एवं सकारात्मक हो तो शरीर भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश बीमारियों का कारण तनाव, चिंता एवं नकारात्मक सोच है, जिसे राजयोग मेडिटेशन द्वारा दूर किया जा सकता है। उन्होंने अपील की जो तन मन और धन से बीमार है वो परमात्मा की श्रेष्ठ शक्ति से ऊर्जा भरे वाइब्रेशन पानी में भरकर शोभा बहन ने सबको पिलाया और कहा सभी अपने जीवन को स्वस्थ बनाने के लिए पानी को चार्ज करके पिए। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग, मेडिटेशन एवं सात्विक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि स्वस्थ तन और शांत मन ही सुखी जीवन की वास्तविक पूंजी है।



प्रशिक्षण शिविर में मौजूद लोग

## कंपोजिट विद्यालय गोपालपुर की घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विकास खण्ड राजेपुर के गोपालपुर निवासी सुरजीत ने निष्पक्ष जांच कराये जाने के संबंध में ज्ञापन भेजा है। कंपोजिट विद्यालय गोपालपुर में दो अध्यापक अमरेश सिंह व रीना पाण्डेय के विरुद्ध जांच की जा रही है।

अध्यापको द्वारा गांव के लोगों को भ्रमित किया गया और कागज पर हस्ताक्षर कराकर भ्रमित किया गया। अमरेश सिंह द्वारा ग्राम खुटिया एवं अन्य जगहों को बुलाकर दबाव डाला जा रहा है। ऐसे में बीते दिनों प्रधानाध्यापिका व आंगनवाड़ी के साथ हुई घटना की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है।

## स्थापना सप्ताह के तहत छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स प्रारम्भ**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित जोगराज स्ट्रीट स्थित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट पर 25वें स्थापना सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। अतिथि अनुराग अग्रवाल, सिमरन सिंधी, निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन करके किया। राधिका सोमवंशी ने सभी का स्वागत किया। आकांक्षा ने हिंदी टाइपिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुष द्विवेदी ने अंग्रेजी टाइपिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्कर्ष मित्तल ने क्विज में, विनायक रस्तोगी ने प्रेजेंटेशन, ओम शुक्ला ने स्पीच में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अनुष्का कुशवाहा व प्रिन्स ने सुमधुर गीत गाकर माहौल को संगीत मय कर दिया। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि संस्थान द्वारा विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी कोर्स संचालित हैं। सभी युवाओं को तकनीकि से जुड़ना चाहिए। तकनीकी के बिना कोई भी कार्य आसान नहीं है। इंस्टीट्यूट द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है जो आज के समय में मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। अनुराग अग्रवाल ने कहा कि संस्थान ने अपने 24 वर्ष पूर्ण किये है। इसके लिए सभी ने संघर्ष करके इस संस्था को यहाँ तक पहुँचाया है। एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट शहर का प्रमुख संस्थान है। संचालन फाल्गुनी भैरवानी ने किया। सुपर्णा मिश्रा व शैलेन्द्र मिश्रा ने व्यवस्था में सहयोग दिया।




कार्यक्रम में सम्मानित होता छात्र

## भारतीय संस्कृति को जोड़ने के लिए कार्यशाला आवश्यक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का उद्घाटन मदन मोहन कनोडिया जूनियर बालिका विद्यालय लोहाई रोड पर सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी नेहा श्रीवास्तव, रीतू गुप्ता एवं सुमन त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि प्रबंधक सुनील अग्रवाल, संस्कार भारती संरक्षक प्रमोद अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने भारत माता एवं नटराज का पूजन कर किया। बिटिया मन्नत के द्वारा सरस्वती बंदना प्रस्तुत की गई। सचिव गौरव मिश्रा बंटी ने संस्कार भारती ध्येय गीत गाया। सभी अतिथियों एवं बच्चों को पट्टिका, भगवतगीता भेंट की गई। मुख्य अतिथि नेहा श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के जोड़ने के लिए कार्यशाला का आयोजन बहुत ही जरूरी। संस्कार भारती द्वारा किया जा रहा यह कदम समाज को नई दिशा प्रदान करेगा। रीतू गुप्ता ने कहा कि अविभावकों को बच्चों विभिन्न कलाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। सुमन त्रिपाठी ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि संस्कार भारती कार्यशाला का उद्देश्य गर्मीयों की छुट्टियों का बच्चे सदुपयोग कैसे करें, हमारे समाज में विलुप्त हो रही विभिन्न कलाओं बच्चों में लाने के लिए ही कार्यशाला का आयोजन पिछले कई वर्षो से संस्कार भारती करती आ रही है। लोक नृत्य में रजनी लौंगवानी, कोमल शर्मा, कथक नेहा श्रीवास्तव, सिलाई विधा पद्मावती, पारूल सैनी, चित्र कला मोनिका गुप्ता, मेहंदी निधि वाजपेई, ढोलक किरण त्रिवेदी, गुंजन त्रिवेदी, सौंदर्य कला हेमलता श्रीवास्तव, हस्त कला कल्पना मिश्रा, योगा पूनम मोर्या, शिल्पी रस्तोगी, चित्रा चौरसिया, नाट्य कला में अरविन्द दीक्षित आदि प्रशिक्षक विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यशाला संयोजक अनुराग अग्रवाल ने सभी आए अतिथियों का स्वागत किया। रवीन्द्र भदौरिया एवं अनुराग पाण्डेय को सम्मानित किया गया। सचिव गौरव मिश्रा, अरविंद दीक्षित, अभिषेक श्रीवास्तव, कुल भूषण श्रीवास्तव, अर्पण शाक्य, अनुभव सास्वत, कुलदीप शर्मा आदि ने व्यवस्था संभाली। संचालन भावना गुप्ता, गौरव मिश्रा बंटी ने किया। अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने सभी आए अतिथियों का धन्यवाद किया। वन्देमातरम गीत से कार्यक्रम का समापन हुआ। बैठक में नरेंद्र नाथ मिश्रा, संजय गर्ग, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, समरेंद्र शुक्ल, दीपक सक्सेना, रविंद्र यादव, अखिलेश पांडेय, गुड्डू पंडित, प्रीति तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, मीनू रस्तोगी, शालू अग्रवाल, आलोक चौहान, आशीष शर्मा, कविता शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण में मौजूद छात्रायें

## नगर में अतिक्रमण के दौरान चालान न काटने की व्यापारियों ने की मांग



मनोज अग्रवाल से वार्ता करते व्यापारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता व नगर के पदाधिकारियों ने चेयरमैन वत्सला अग्रवाल के निवास पर जाकर अतिक्रमण हटाये जाने के दौरान काटे जा रहे चालान व खराब पड़े वाटर कूलर को चालू करवाने संबंधित चेयरमैन पति पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि अतिक्रमण नगर के मुख्य मार्गों से हटाया जा रहा है। उनमें गरीब व कमजोर वर्ग के व्यापारियों के चालान भी काटे जा रहे है, जिनकी राशि बहुत अधिक है। व्यापार मण्डल मांग करता है कि गरीब व्यापारी पहले से टूटा हुआ है और कमजोर है। ऐसे में उनका चालान काटने का कार्य स्थिगित किया जाये। मंहगाई के दौरान में वह अपना घर का पालन पोषण करने में ठीक से भी असमर्थ है। साथ ही मुख्य चौराहों व तिराहों पर खराब पड़े हैंडपंप व वाटर कूलरों की मरम्मत कर चालू कराया जाये। भीषण गर्मी है, आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही व्यापारियों ने पक्षपात का भी आरोप लगाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, नगर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, शिवाशीष तिवारी, सिमरन सिन्धी, रोहन मिश्रा, आर्यन वर्मा, अमित वर्मा, आदित्य मिश्रा, रक्षित मिश्रा, तन्मय मिश्रा, स्पर्श मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान मौजूद भाजपा नेता

## फतेहगढ़ मण्डल शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाजपा फतेहगढ़ मंडल की बैठक दुर्गा कॉलोनी निवासी रमला राठौर मंडल अध्यक्ष के निवास पर संपन्न हुई। रश्मि दुबे फतेहगढ़ मंडल प्रभारी के द्वारा शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक की गई। समस्त शक्ति केंद्र संयोजक को निर्देश दिया कि अपने सेक्टर में बूथ अध्यक्षों की बैठक कराए। बैठक कारने के लिए पोस्टर व पत्रक वितरित किये गये। इस मौके पर बिटाना चौहान मंडल उपाध्यक्ष, रेखा सोमवंशी कोषाध्यक्ष, अनिल प्रताप सिंह, दिनेश प्रकाश सिंह, अंकुश वर्मा, मुकेश राजपूत, नीरज कटियार, हिमांशु श्रीवास्तव, राहुल राठौर आदि मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी के चलते यूटा संगठन ने जून तक जनगणना का कार्य स्थगित करने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि भीषण गर्मी के चलते तीव्र धूप एवं मौसम विभाग की हीटवेव, लू की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए जनगणना कार्य जुलाई में कराये जाने की मांग की है।

जनगणना निदेशालय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रदेश भर में जनगणना का कार्य प्रक्रियारत है। समूचे प्रदेश में भयंकर गर्मी, तीव्र असहनीय धूप का प्रकोप है। अधिकांश जनपदों में दिन में तापमान 45 डिग्री से अधिक हो जाता है। मौसम विभाग की जानकारी के आधार पर शासन द्वारा नियमित रुप से हीटवेव की चेतावनी समय-समय पर दी जाती है और घर से निकलने तथा सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। ऐसे में क्रमिकों को फील्ड में रहकर कार्य करने के लिए मजबूर करना जानबूझकर खतरे में डालने की स्थिति है। अधिकांश घंटों में लोग घरों से ही निकलना उचित नहीं समझेंगे। यूटा संगठन मांग करता है कि इस कार्य को मई जून तक स्थिगित किया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पीयूष कटियार, सोमेश कुमार, पंकज यादव, अनिल कुमार वर्मा, विनोद कुमार, संजीव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते यूटा के पदाधिकारी

## डीएम के निर्देश पर नगर पालिका ने पकड़वाये आवारा गौवंश

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देश पर नगर पालिका परिषद कायमगंज में निराश्रित व बेसहारा गौवंशो को पकड़वाने का अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र ने बताया कि शहर में घूम रहे निराश्रित व बेसहारा गोवंशों को प्रचंड गर्मी व भुखमरी के प्रकोप से बचाव हेतु पालिका के कैटल कैचर वाहन तथा कर्मचारियों की सहायता से प्रतिदिन पकड़वाकर रुकैया खाली दादपुर ब्लॉक नवाबगंज स्थित स्थाई गोवंश आश्रय स्थल में भेजा जा रहा है, ताकि इन आवारा गोवंशों को आश्रय के साथ-साथ खाने के लिए चारा, भूसा आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। सप्ताह 37 गोवंशों को पकड़वाकर गौशाला में शकुशल भिजवाया गया है तथा यह अभियान आगे दिनों में भी संचालित रहेगा।



गौवंश पकड़ते पालिका कर्मी

## 4 जून को जनपद में आयेगी गौ-रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गौ-रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के नेतृत्व में 3 मई से शुरु हुई है। जो 4 जून को जनपद में गौ वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाये जाने हेतु आयेगी। शहर के बढ़पुर स्थित एक रस्टोरेंट पर पत्रकार वार्ता में मण्डल संयोजक शेषनारायन त्रिवेदी ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य गऊ माता को राष्ट्र माता एवं राज्य माता घोषित करने तथा गऊ वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाये जाने हेतु जनपद में जागरुकता यात्रा 4 जून को आयेगी। जनपद की चारों विधानसभा में यात्रा जायेगी। जिसके लिए जिला संयोजक अंकित तिवारी को बनाया गया है। अंकित तिवारी ने बताया कि यह 81 दिन की यात्रा है। जो गौरखपुर से लेकर दिल्ली तक जायेगी। जनपद में विधानसभा बार प्रभारी भी बनाये गये है। 4 जून को यात्रा का विश्राम मोहम्मदाबाद स्थित दुबे कोल्ड स्टोरेज के प्रांगण में होगा। उन्होंने कहा कि आज जो गऊ माता की दुर्दशा है उसके जिम्मेदार कौन है। गौशाला में गायों की स्थिति दयनीय है। हर सनातनीय का कर्तव्य है कि इस गौ-रक्षार्थ धर्मयुद्ध में अपना योगदान दें। यात्रा छिबरामऊ होते हुए भोजपुर में प्रवेश करेगी। जहानगंज बघार तिराहे पर शिव शक्ति मंदिर पर स्वागत होगा। सेन्ट्रल जेल चौराहा, छोटी जेल होते हुए फतेहगढ़, भोलेपुर, बढ़पुर, लाल दरवाजा, नगर भ्रमण करते हुए तिकोना से बीबीगंज होते हुए गुरुगांव देवी मंदिर पर भक्तों के साथ संवाद होगा। इस मौके पर मण्डल संयोजक शेष नारायन त्रिवेदी, जिला संयोजक अंकित तिवारी, दीपक द्विवेदी, राजेश मिश्रा, सभासद रानू शुक्ला, गौरव मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

**गौहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग**



वार्ता के दौरान मौजूद पदाधिकारी

## अभद्र टिप्पणी को लेकर हिन्दू रक्षा ने की कार्यवाही की मांग



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हिन्दू रक्षा दल के प्रांत अध्यक्ष सनी गुप्ता ने अपने साथियों के साथ थानाध्यक्ष मऊदरवाजा को ज्ञापन सौंपा। थानाध्यक्ष को दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि हिन्दू रक्षा दल के साथ फैजू नाम के व्यक्ति ने अभद्र भाषा में गालियों का प्रयोग किया गया है और गऊ माता के लिए अभद्र भाषा बोली है।

ऐसे में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये।

इस मौके पर शुभम शर्मा, रवि बाल्मीकि, आयुष, वंश गुप्ता, रिषव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## इग्नू की परीक्षायें 1 जून से होंगी शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू की जून 2026 की सत्रांत परीक्षाये 1 जून से दो पालियों प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक व द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक में आयोजित की जायेंगी। यह परीक्षायें 21 जुलाई 2026 तक चलेगी। क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा ने सूचना ई-मेल के माध्यम से दी। उन्होनें बताया कि यह परीक्षायें क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले 32 जिलों के छात्र-छात्राओं के लिए 19 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगीं। इग्नू अध्ययन केन्द्र डी.एन.कालेज़ फतेहगढ़ के को-ऑर्डिनेटर डॉ. आर.एन. सिंह ने बताया कि परीक्षायें सेन्टर पर नकलविहीन वातावरण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हों इससे सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र पर सभी व्यवस्थायें पूर्ण हो चुकीं हैं। डॉ0 मिश्रा ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विकलांगता सम्बन्धी दिशा-निर्देशों का पालन भी किया जायेगा, ताकि विकलांग परीक्षार्थियों को नियमानुसार सुविधा प्रदान की जा सके।

इग्नू के द्वारा परीक्षार्थियों के लिए हॉल टिकट/एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है, जिसे परीक्षार्थी समर्थ पार्टल के लिंक पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षार्थियों को हॉल टिकट/एडमिट कार्ड और परिचय-पत्र के साथ ही परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसे मोबाइल, स्मार्टवॉच, लैपटॉप या टैबलेट ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है।



जानकारी देते डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा

## बच्चे को डांटने पर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

कम्पिल, समृद्धि न्यूज। रस्ते में खेल रहे बच्चों को डांटने पर दो पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडे चले। एक पक्ष से महिला व बालिका घायल हो गई। दोनों पक्षों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला गंगा टोला निवासी रेखा सैनी का पुत्र अंकित शुक्रवार शाम दुकान से घर जा रहा था। मोहल्ले में ही सड़क पर सद्दाम अली की पांच वर्षीय बेटी खेल रही थी। जो कि भागते हुए बाइक से टकरा गई। जिससे उसके मामूली चोट लग गई। इसी बात पर अंकित बच्चों को डांटने हुए घर चला आया। इसी बात पर सद्दाम अपने स्वजनों के साथ मामले की शिकायत करने अंकित के घर जा पहुंचा। इसी बात पर विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे ईंट पत्थर चले। मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज हरीश कुमार ने जांच पड़ताल कर अंकित व सद्दाम को थाने ले आये। दोनों पक्षों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने शनिवार दोपहर दोनों आरोपितों का शांतिभंग में चलान कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भाकियू ने बिजली कटौती के विरोध में दिया धरना

**आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर सौंपा ज्ञापन**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के नेतृत्व में किसानों ने बिजली कटौती के विरोध में धरना देकर एसडीओ कार्यालय नवाबगंज जाकर ज्ञापन सौंपा। शमशाबाद के अन्तर्गत हजियापुर फीडर पर सैकड़ों की संख्या में किसानों ने पहुंचकर धरना में भाग लिया। समस्याओं का निस्तारण करने का एसडीओ ने आश्वासन दिया। तब देर शाम धरना समाप्त हुआ। मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन एसडीओ को सौंपा गया। जिसमें मांग की गई कि ग्राम सभा गदनपुर चैन, गदनपुर वक्श, अमलैया आशानंद, भटपुरा की पीटीडब्लू की लाइट हुसैनपुर फीडर से जुड़वायी जाये। गदनपुर चैन का एक पोल सीसी सड़क के बीचों-बीच में है, जिससे आवागमन बाधित होता है। पोल के पास ट्रैक्टर ट्राली, चार पहिया वाहन निकलते है, पोल टूटने का खतरा है। पोल सड़क के किनारे लगवाया जाये। ग्रामीण घरेलू एवं पीटीडब्लू की लाइटों में भारी कटौती की जा रही है। रोस्टर के आधार पर बिजली उपलब्ध करायी जाये। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव राजेश दीक्षित बब्लू, प्रदेश सचिव विवेक सिंह, राजवीर सिंह, प्रमोद गंगवार, रजनेश पाल, रामवीर पाल, राम सिंह, महिमा चंद, समर पाल सहित बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।



धरने पर बैठे भाकियू नेता

## ग्रामीण बोले लंबे समय बाद पुलिस की सक्रियता दिखी

# चोरी के दौरान खूनी संघर्ष, एक चोर की मौत, दो ग्रामीण घायल

▸ मृतक पर दर्ज थे कई आपराधिक मुकदमें, इलाके में थी दहशत



**समृद्धि न्यूज़, धौरहरा खीरी।**

धौरहरा तहसील के खमरिया थाना क्षेत्र के राजापुर बाजार में शुक्रवार देर रात चोरी की वारदात उस समय खूनी संघर्ष में बदल गई, जब घर में घुसे चोरों को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। घटना में भागने और आत्मरक्षा के दौरान लगी चोटों से एक संदिग्ध चोर की मौत हो गई, जबकि चाकू हमले में दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार राजापुर बाजार निवासी सुशील पुत्र श्रीराम के घर 22/23 मई की रात करीब दो बजे चोर पीछे की दीवार के सहारे छत पर चढ़कर घर में घुस आए। घर में मौजूद सुशीला देवी और सुंदरा ने बताया कि चोर पहले एक बटुला छत पर रख आए और फिर कमरे में रखे बक्से को खोलने लगे।हम लोग पकड़ लिये जिससे हम लोगों की चुड़िया टूट गई इसी दौरान परिवार के अन्य लोगों की आंख खुल गई। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। खुद को घिरता देख चोरों ने चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में अंकित पुत्र रामप्रसाद (28) की गर्दन पर चाकू लगा, जबकि सतीश पुत्र रामप्रकाश (32) के हाथ पर वार किया गया। दोनों घायल रिश्ते में परिवार के भतीजे बताए जा रहे हैं, जो शोर सुनकर मदद के लिए पहुंचे थे, कुछ दूरी पर रहते है। इसी बीच चोर खेतों की तरफ भागने लगे। ग्रामीणों ने पीछा कर एक युवक मुन्नीलाल पुत्र शिवराज निवासी मंदुरा थाना खमरिया को पकड़ लिया। ग्रामीणों के अनुसार भागने और मारपीट में उसे चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 और थाना खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह तथा थाना अध्यक्ष निर्मल तिवारी ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, घायल अंकित और सतीश को सीएचसी खमरिया भेजा गया उपस्थित चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है।

**उसी रात दूसरे गांव में भी चोरी की कोशिश**

इसी रात ईसानगर थाना क्षेत्र की सिंगावर ग्राम पंचायत के मजरा क्वाला में भी चोरों ने छेदे भार्गव के घर के बाहर बंधे जानवर खोलने का प्रयास किया। बताया गया कि चोर खेत की तरफ लगे तार काटकर अंदर घुसे थे, लेकिन टॉर्च की रोशनी पड़ते ही भाग निकले। ग्रामीणों ने पीछा भी किया, मगर चोर राजापुर दिशा की ओर फरार हो गए।

**गांव के पड़ोस पहले भी हो चुकी है बड़ी चोरी**

ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले 18/19 मई की रात राजापुर से कुछ दूरी पर ग्राम पंचायत समैसा के मजरा चौरा में मेवालाल पुत्र शीतल के घर से करीब पांच लाख रुपये की नकदी और जेवरात चोरी हुए थे।

## 79 साल बाद भी सड़क, बिजली और शिक्षा से वंचित तीन ग्राम पंचायतें




**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशुनपुर, कांप एवं एलनगंज के ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं उपजिलाधिकारी पलिया को प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि आजादी के करीब 79 वर्ष बाद भी तीनों पंचायतों में सड़क, बिजली और उच्च शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि लगभग 15 हजार की आबादी वाले ये गांव जंगल और शारदा नदी के बीच बसे हुए हैं, जहां आज तक पक्की सड़क नहीं बन सकी। बरसात के दिनों में रास्ते पूरी तरह बंद हो जाते हैं, जिससे मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार रास्ते में ही प्रसव तक की नौबत आ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों में आज तक विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं पहुंच सकी है। वहीं हाईस्कूल और इंटर कॉलेज न होने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान न होने पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### तृतीय श्री सप्तचंडी महायज्ञ व रासलीला का हुआ भव्य शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, मितौली-खीरी।** क्षेत्र के पिपरझला स्थित प्राचीन काली माता मंदिर परिसर में तृतीय श्री सप्तचंडी महायज्ञ एवं रासलीला का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में बड़े ही धूमधाम से किया गया। यह धार्मिक आयोजन क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न हो रहा है, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह एवं समाजसेवी रामदास वर्मा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान मंदिर परिसर में जयकारों और भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया। वहीं रासलीला मंचन की शुरुआत होते ही श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे नजर आए। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति के संगम सिंह, मंदिर पुजारी विमल सिंह सहित समस्त सहयोगी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। महायज्ञ एवं रासलीला के साथ विशाल मेले का भी आयोजन किया गया है। मेले में बच्चों और महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। विभिन्न प्रकार की दुकानों, झूलों और खानपान के स्टॉलों ने मेले की रौनक बढ़ा दी। धार्मिक आयोजन के चलते पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

### गैस सिलेंडर फटने से लगी आग, लाखों की गृहस्थी जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव में शुक्रवार की देर रात गैस सिलेंडर फटने से खपरेल मे भीषण आग लग गई। आग धीरे धीरे अगल बगल के खपरेल को अपने आगोश मे ले लिया आग की चपेट में आने से एक ही परिवार की चार गृहस्थियों का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।जानकारी के अनुसार चक कोश्रटार गांव निवासी राम कैलाश मौर्य के घर के पीछे बने खपरेल के कच्चे मकान के किचन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख परिवार के लोगों में अफरा.तफरी मच गई। गृहस्वामी द्वारा तत्काल फायर ब्रिगेड व पीआरबी 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद आग बुझाई।लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जल चुका था। गृहस्वामी राम कैलाश मौर्य ने बताया कि आग में करीब 15 बोरी सरसोंए 20 बोरी गेहूंए 16 बोरी चावलए तीन बोरी अरहर दालए एक कुंतल चनाए 10 किलो हल्दीए एक कुंतल प्याजए एक कुंतल लहसुनए एक कुंतल गुड़ए दो गैस सिलेंडरए 20 कुंतल भूसाए साइकिल समेत गृहस्थी का पूरा सामानए कूकर व बर्तन आदि जलकर राख हो गए। बताया गया कि राम कैलाश मौर्य के चारों बेटे महेंद्रए राजेंद्रए सुभाषए अनीस अलग.अलग गृहस्थी बनाकर मकान में रहते थे। आग लगने से सभी की गृहस्थी पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल शिव बाबू को दे दी गई है। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्य ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### खड़े ट्रक में टकराया ट्रक, चालक की मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा हाईवे पर स्थित मिश्रपुर गांव के पास खड़ी ट्रक में पीछे से आकर टकराई ट्रक के चालक को गंभीर चोट पहुंची। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना बीती शुक्रवार की रात की है। लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी रीवा राष्ट्रीय मार्ग पर मिश्रपुर गांव के पास पहले से खड़ी ट्रक में मीरजापुर से मध्य प्रदेश की तरफ जा रहा ट्रक के चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर ट्रक पीछे से खड़ी ट्रक में घुस गया। जिससे ट्रक चालक 30 वर्षीय शिवम कुमार विश्वकर्मा निवासी भैंसौड बलाय पहाड़ थाना ड्रमंडगंज गंभीर रूप से घायल? हो गया।? ट्रक चालक को लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भोर में ही ले जाया गया जहां पर जांच के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को सुबह पुलिस शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए भेज दिया।

### मझियार में भू-माफियाओं पर कब्जे और मारपीट का आरोप, कीर्ति कोल ने अधिकारियों से की मुलाकात

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** विकास खंड हलिया की ग्राम पंचायत माझियार में गरीबों की पुस्तैनी जमीन पर कुछ बाहरी भू माफ्यिाओं द्वारा जबरन कब्जा करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगा है। मामले को लेकर छानबे विधानसभा सपा की पूर्व प्रत्याशी कीर्ति कोल ने चकबंदी विभाग के उच्चाधिकारियोंए सीओ चकबंदी और थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव से मुलाकात कर वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों को पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।कीर्ति कोल ने जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी लालगंज से गरीबों के साथ इस प्रकार का अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि ष्यह सिर्फ जमीन नहीं हैए बल्कि गरीबों की दो वक्त की रोटी छीनने की कोशिश है। पुस्तैनी जमीन को किसी भी सूरत में छीना न जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

# पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय चोर गिरोह दबोचा

▸ फायरिंग के बाद एक बदमाश के पैर में लगी गोली, अवैध बंदूक और चोरी का माल बरामद

**समृद्धि न्यूज़, मितौली खीरी।**



जिले में लगातार हो रही चोरी और नकबजनी की घटनाओं के बीच मितौली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार कर लिए गए। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध बंदूक, कारतूस, चोरी का माल और एक कार बरामद की है। थाना प्रभारी महेश पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 4:35 बजे दतेली-अवगावां मार्ग स्थित नहर पुलिया के पास चेकिंग अभियान चल रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने वाहन रोकने का प्रयास किया तो कार सवार बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश सूरज पुत्र छोटेलाल निवासी थाना कोतवाली नगर, जनपद सीतापुर के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद वह मौके पर ही गिर पड़ा, जबकि उसके दो अन्य साथी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दबोच लिए गए। गिरफ्तार अन्य आरोपियों की पहचान अबरार पुत्र इकबाल निवासी ग्राम सिसौआ थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर तथा अशोक कुमार पुत्र राजाराम निवासी ग्राम कमईपुर थाना हरगांव जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह लखीमपुर खीरी, सीतापुर और आसपास के जिलों में चोरी, नकबजनी, भैंस चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था। गिरोह लंबे समय से पुलिस के रडार पर था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक अवैध 12 बोर बंदूक, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा कार से चोरी के 18 हजार रुपये नकद, पीली धातु के बर्तन, 21 साड़ियां, कपड़े, नायलॉन रस्सी तथा कार संख्या यूपी 32 डीबी 0084 बरामद की गई। बरामद सामान को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बरामद माल हाल ही में हुई चोरी की घटनाओं से जुड़ा हो सकता है।

## सतत फसल अवशेष प्रबंधन की दिशा में बदलाव का नेतृत्व कर रहे उत्तर प्रदेश के किसान



**समृद्धि न्यूज़, मितौली-खीरी।** मितौली ब्लॉक के भिरावां ग्रंट गांव में जीआईज़ेड-जीपीएस रिन्यूएबल्स परियोजना एवं वर्टिवर प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 'फसल अवशेष प्रबंधन एवं ग्रामीण उद्यमिता' विषय पर इंटरैक्टिव किसान प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में किसानों, मशीन संचालकों, ग्रामीण उद्यमियों एवं स्थानीय हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के प्रति जागरूक करना तथा इसके व्यवहारिक और टिकाऊ समाधान उपलब्ध कराना था। विशेषज्ञों ने बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। कार्यक्रम में किसानों को सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, मल्चर एवं बेलर जैसी आधुनिक मशीनों के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही जैव-ऊर्जा एवं सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) उत्पादन से जुड़े रोजगार और आय के अवसरों पर भी चर्चा की गई।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में फाइनल मैच में गोमती ग्लोबल स्कूल की टीम विजयी



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** स्वर्गीय राजीव गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में तीन दिवासीय टूर्नामेंट के फाइनल का उद्घाटन जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी के द्वारा हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुए आत्रेय एकेडमी की टीम निर्धारित 35 ओवर के मैच में 23.5 ओवर में 155 रन ही बना सकी। पूरी टीम आलआउट हो गई। टीम की तरफ से हर्ष शर्मा ने 23 रन, आर्यन 35, अंकित शुक्ला ने 23 रन योगदान दिया। इधर गोमती ग्लोबल की तरफ से दिलशाद ने चार विकेट लिए। अनूप सरोज , कोनाल, आयु ने 2- 2 विकेट झटके। जवाब देने उतरी गोमती ग्लोबल स्कूल की टीम ने 17 ओवर में तीन विकेट खोकर 156 बनाकर यह मैच जीत लिया। टीम की तरफ से अनूप सरोज ने 62 रन, शनि यादव 59, आदर्श दुबे ने शानदार 28 रन बनाए। वहीं आत्रेय एकेडमी के सूर्यांश ने दो विकेट व आर्यन को एक ही विकेट से संतोष करना पड़ा। मैन आफ द मैच अनूप सरोज व मैन आफ सीरीज शनि यादव को दिया गया।

## थाना दिवस से लौट रहे सीओ मोहम्मदी की गाड़ी से बाइक टकराई, दो युवकों की मौत

**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी खीरी।**





थाना दिवस से लौट रहे मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरुण कुमार सिंह की सरकारी गाड़ी शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई। शंकरपुर चौराहे से जेबीगंज रोड पर सामने से आ रही बाइक सीओ की गाड़ी से टकरा गई। हादसा इतना तेज था कि सरकारी वाहन का आगे का शीशा टूट गया और चालक भी घायल हो गया। बाइक सवार मामा-भांजे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार सीओ अरुण कुमार सिंह थाना दिवस में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे। इसी दौरान शंकरपुर चौराहे के पास सामने से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर उनकी सरकारी गाड़ी से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास अफरा-तफरी मच गई। हादसे के तुरंत बाद सीओ ने मानवता दिखाते हुए खुद मौके पर रुककर घायलों को संभाला और शिवम राठौर की एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में रामौतार पुत्र चेतराम निवासी ग्राम अनावा, जनपद शाहजहांपुर, हाल पता रेंगाई थाना पिहानी, जनपद हरदोई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जै जै राम पुत्र शिवचरण निवासी अनावा थाना पुवायां, जनपद शाहजहांपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मोहम्मदी अस्पताल से जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों हरदोई जिले के पिहानी थाना क्षेत्र के गांव रेंगाई स्थित अपनी रिश्तेदारी से लौट रहे थे। हादसे में सीओ की सरकारी गाड़ी का शीशा टूट गया, जबकि चालक को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। उप जिलाधिकारी चलवुराजु आर., तहसीलदार अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक अमित राय तथा मितौली क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में आक्रोश देखने को मिला। मृतक के एक परिजन ने आरोप लगाते हुए कहा, 'मेरा भाई रामऔतार और जे जे राम पुवायां के लिए आ रहे थे। सीओ साहब की गाड़ी इतनी स्पीड में थी कि हॉर्न तक नहीं दिया और एक्सीडेंट हो गया। दोनों खत्म हो गए। जब तक कार्रवाई और मुकदमा दर्ज नहीं होगा, हम पंचनामा नहीं भरने देंगे। मौके पर मौजूद अन्य परिजनों ने भी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि 'सीओ की गाड़ी है तो क्या मुकदमा नहीं दर्ज होगा? अगर मुकदमा दर्ज नहीं होगा तो देख लिया जाएगा।

# श्रीमद भागवत कथा में रास लीला व रुक्मिणी विवाह का हुआ मनमोहक वर्णन

**समृद्धि न्यूज**



**प्रतापगढ़।** ग्राम सभा परियांवा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रास लीला एवं रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भगवान श्रीकृष्ण के भक्ति गीतों एवं जयकारों से भक्तिमय बना रहा।कथा व्यास शैलेन्द्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की रास लीला का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि रास लीला आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में समर्पण ही जीवन का सबसे बड़ा सुख है। कथा के दौरान गोपियों के प्रेम एवं भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।इसके उपरांत रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत सुंदर वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि माता रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानती थीं और उन्होंने पूर्ण श्रद्धा एवं विश्वास के साथ भगवान को पति रूप में प्राप्त किया। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मिणी हरण एवं विवाह प्रसंग का वर्णन सुन श्रद्धालु आनंदित हो उठे। कथा स्थल पर विवाह उत्सव की आकर्षक झांकी सजाई गई तथा श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी जी का स्वागत किया।

कथा आयोजन के मुख्य यजमान शिवाकांत ओझा एवं संदीप ओझा रहे। आयोजन में अमित ओझा, सचिन ओझा, मनोज ओझा, अनिल ओझा, विनोद ओझा, प्रशांत ओझा, इंद्र नारायण द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण शुक्ला, विजय मिश्रा, सनत मिश्रा, पारस मिश्रा, मुकेश तिवारी, विजय तिवारी, अजय पाण्डेय, संजय शुक्ला एवं हिमांशु मिश्रा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, संगीतमय प्रस्तुति एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## डीएम व एसपी ने थाना रानीगंज में सुनीं जनसमस्यायें



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनसमस्याएं सुनीं।थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 37 व पुलिस विभाग की 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर पुलिस की 6 व राजस्व की 02 शिकायतों का निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व-पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे और समय-सीमा और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी उपस्थित रहे।

## भाई के साथ बाइक से जा रही महिला को मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा

▸ महिला की मौके पर मौत



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के सवना गांव में तेज रफ्तार मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक सवार महिला को रौंद दिया। इससे मौके पर ही महिला ने दम तोड़ दिया, वहीं भाई घायल है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। ट्रैक्टर-ट्राली पुलिस के कब्जे में है। चालक को हिरासत में लेकर पुलिस विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। **घटना का विवरण-** जानकारी के मुताबिक दरौली निवासिनी सपना भारती (31) अपने भाई प्रमोद के साथ बाइक पर बैठकर अपनी मौसी के घर सवना सवरेजी जा रही थी। जैसे ही वह गांव के बाहर पहुंची उसी दौरान तेज रफ्तार मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि ट्राली महिला के सिर से होते हुए गुजर गई। इससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। सपना की शादी दस वर्ष पहले दरौली निवासी पवन के साथ हुई थी।**ट्रैक्टर चालक को कब्जे में लेकर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई-** हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्राली को रोककर गांव में ही धरना शुरू कर दिया। आरोप है कि घटना के विरोध में परिजन व ग्रामीण शव लेकर जिला मुख्यालय आ रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस रास्ते में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। इस दौरान कहासुनी भी हुई। पुलिस कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। ट्रैक्टर-ट्राली पुलिस के कब्जे में है। चालक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का धरना 12वें दिन भी जारी



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** अधिवक्ताओं ने लगातार तीसरे दिन भी उपजिलाधिकारी फरेंदा के मनमानेपन, तानाशाही रवैया एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। आंदोलन के तीसरे दिन अधिवक्ताओं ने न्यायलयों के बहिष्कार के साथ ही उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा दस्तावेज का पंजीकरण भी ठप करा दिया। वहीं स्टांप वेंडर द्वारा स्टांप की बिक्री भी नहीं होने से लोग परेशान रहे। बाद में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरना जारी रखा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जितेंद्र सैनी व मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि फरेंदा के एसडीएम, एसओसी व नायब तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार कुछ दिनों से चल रहा है। जिम्मेदारों द्वारा मनमानी व विधिक प्रक्रिया के विरूद्ध जाकर मुकदमों में आदेश पारित किया जा रहा है। जिससे अधिवक्ताओं व वादकारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी फरेंदा के मनमानेपन, तानाशाही पूर्ण रवैया एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनका धरना उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण तक जारी रहेगा। आंदोलन को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन फरेंदा के मंत्री अजीत मणि त्रिपाठी ने बार के तरफ से समर्थन पत्र दिया गया।

## 25 हजार का इनामी गो-तस्कर कलामुद्दीन उर्फ कलुआ को पुलिस ने दबोचा



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद में अपराधियों व वांछितों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में बरगदवा पुलिस टीम ने गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित 25 हजार रुपये के शातिर इनामी वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बरगदवा पुलिस ने बीते 20 जनवरी को इस संबंध में केस दर्ज किया था। विवेचना में नाम आने के बाद से कलामुद्दीन उर्फ कलुआ फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुरस्कार घोषित किया गया था। इसके बाद महराजगंज के अलावा कुशीनगर की पुलिस भी उसे सरगर्मी से तलाश कर रही थी? पुलिस कार्यालय के मुताबिक बरगदवा पुलिस ने बीते 20 जनवरी को भोर में साढ़े चार बजे सेमरहा गांव के पास घेराबंदी की थी। इस दौरान कुशीनगर जिले के आरटीओ में पंजीकृत नंबर की एक पिकअप पलट गई थी। चालक व अन्य आरोपित अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। पिकअप में आठ गोवंशीय पशु क्रूरतापूर्वक लादे गए थे, जिनमें से तीन गाय व एक बछड़े की मौत हो गई थी। एक गाय व तीन बछड़े स्वस्थ मिले थे। बरामद पशुओं को गोसदन मधवलिया भेजा गया था। इस मामले में बरगदवा पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान कलामुद्दीन उर्फ कलुआ का नाम प्रकाश में आया था। प्रभारी निरीक्षक धनन्जय कुमार राय के नेतृत्व में एसआई शिक्षितानन्द, ओमप्रकाश यादव, कांस्टेबल राहुल कुमार व कांस्टेबल गौरव कुमार सोनकर की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपित को दबोच लिया।

**कुशीनगर व महराजगंज के थानों में दर्ज हैं गंभीर मामले**

पकड़ा गया आरोपित कलामुद्दीन उर्फ कलुआ उर्फ कमालुद्दीन पुत्र भूलई, कुशीनगर जनपद के थाना हनुमानगंज के ग्राम दरगौली जरलहिया टोला का निवासी है।